শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, ● www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 198 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 10 फरवरी, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526


गौहाटी हाईकोर्ट ने दी आरोप तय करने की अनुमति पेज 3
सीतारमण ने जॉजीवा से अगामी जी-20 एफएमसीबीजी बैठक पर की बात पेज 4
बांग्लादेशी नागरिक मामले में सपा विधायक इरफान के खिलाफ जार्जशील दाखिल पेज 5
लोक कल्याण मानव जीवन के लिए सर्वोपरि : राज्यपाल पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## त्रिपुरा विस चुनाव : जेपी नड्डा ने जारी किया संकल्प पत्र

**अगरतला ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को अगरतला में त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। इस मौके पर जेपी नड्डा ने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट केवल शब्दों का शब्दजाल नहीं, बल्कि यह *उन्नतो त्रिपुरा श्रेष्ठो त्रिपुरा संकल्प पत्र 2023* त्रिपुरा के लोगों की महत्वाकांक्षाओं, इच्छाओं और आकांक्षाओं को दर्शाता है। नड्डा ने दोहराया कि दृष्टि दस्तावेज राज्य के समग्र विकास पर केंद्रित है। दस्तावेज़ समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा करता है। संकल्प पत्र बनाने की प्रक्रिया में हम शिक्षकों, व्यापारियों, कर्मचारियों, युवाओं, अनुसूचित समुदायों के सदस्यों, अमीरों, गरीबों, डॉक्टरों, इंजीनियरों, नर्सों, रिक्शा वाले, ड्राइवरों




आदि तक पहुंचे थे। त्रिपुरा में भाजपा सरकार की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा कि सरकार ने 3.37 लाख से अधिक घरों को मंजूरी दी और पीएम आवास योजना के तहत 2.54 लाख से अधिक घरों का निर्माण किया। वरिष्ठ नागरिकों के संदर्भ में नड्डा ने कहा कि सरकार ने 3.81 लाख लाभार्थियों के लिए वरिष्ठ नागरिकों और विधवाओं की मासिक पेंशन को 1000 रुपए से बढ़ाकर 2000 रुपए कर दिया है। सरकार ने लगभग 13.8 लाख लाभार्थियों को 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा भी प्रदान किया और आयुष्मान भारत के तहत 106 करोड़ रुपए के दावों का निपटान किया। नड्डा ने कहा कि सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत -शेष पृष्ठ दो पर

## अल्फा व सुरक्षा बल के बीच मुठभेड़ अल्फाई मारा गया

**गुवाहाटी।** असम के तिनसुकिया जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित संगठन अल्फा (आई) का एक उग्रवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। तिनसुकिया के पुलिस अधीक्षक गौरव अभिजीत दिलीप ने कहा कि उदय असोम और मृगांखा असोम के नेतृत्व में अल्फा (आई) के सात से नौ उग्रवादियों के पिछले 8-10 दिनों से मार्गेरिटा और लेखपानी इलाकों में छिपे होने की गुप्त सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि उग्रवादी तिनसुकिया जिले के एक प्रभावशाली व्यवसायी का अपहरण करने की साजिया रच रहे थे। वे डीजीपी -शेष पृष्ठ दो पर

## जॉब घोटाले की सीबीआई जांच से पीएजेएससी निराश



**इटानगर ( हिंस )।** अरूणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा में कैश फॉर जॉब घोटाले मामले पर परीक्षा से वंचित अभ्यर्थियों के द्वारा गठित पैन अरुणाचल संयुक्त संचालन समिति (पीएजेएससी) ने कहा है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की गई जांच से समिति के सदस्य और प्रभावित उम्मीदवार निराश हैं। अरूणाचल प्रेस क्लब में गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएजेएससी के सदस्य ताड़क नालो ने कहा कि सहायक अभियंता (सिविल) पेपर लीक मामले को सीबीआई द्वारा अपने हाथ में लिए लगभग छह महीने पूरे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक इसमें कोई नई प्रगति देखने को नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि बीते बुधवार को पीएजेएससी के सदस्य इस मामले में पूछताछ करने के लिए सीबीआई के कार्यालय में गए, तो सीबीआई अधिकारियों की गैर-जिम्मेदाराना प्रवृति के कारण -शेष पृष्ठ दो पर

## उम्मीदवारों को जानने के लिए *नो योर कैंडिडेट* एप




**अगरतल।** त्रिपुरा विधानसभा चुनावों के मद्दे नजर निर्वाचण आयोग ने *नो योर कैंडिडेट* एप जारी किया है। इसके माध्यम से वोटर अपने उम्मीदवारों को जान सकेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक त्रिपुरा विधानसभा चुनाव -2023 के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों ने 21 जनवरी से 30 जनवरी, 2023 तक एक हलफनामे के साथ अपना नामांकन जमा किया था। इन हलफनामों में उनकी पृष्ठभूमि, आपराधिक रिकॉर्ड (यदि कोई हो), शैक्षणिक योग्यताएं, वित्तीय खुलासे और संपत्तियां शामिल हैं। ये सभी डाटा और उक्त हलफनामा नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) एप में उपलब्ध है। कोई भी *नो योर कैंडिडेट (केवाईसी)* एप का उपयोग करके उम्मीदवारों के बारे में इस जानकारी तक पहुंच सकता है। यह त्रिपुरा के मतदाताओं को आगामी त्रिपुरा आम चुनाव-2023 में एक सूचित निर्णय लेने में सहायता करेगा। लोकतंत्र में, मतदाता मतदान करने और अपनी राय व्यक्त करने के अपने अधिकार का प्रयोग करते हैं। प्रत्येक वोट का महत्व होता है और यह प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है कि वह उपयुक्त उम्मीदवार को चुने। *नो योर कैंडिडेट* एप जैसे उपकरणों का उपयोग करके मतदाता उम्मीदवारों के बारे में स्पष्ट राय कायम कर सकते हैं और इस प्रकार लोकतंत्र की नींव को मजबूत कर सकते हैं। *नो योर कैंडिडेट* एप के साथ, त्रिपुरा के मतदाता आगामी त्रिपुरा विधानसभा चुनाव, 2023 में चुनाव लड़ने वाले 259 उम्मीदवारों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, साथ -शेष पृष्ठ दो पर

## छत्तीसगढ़ : सड़क हादसे में सात स्कूली बच्चों की मौत

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोरर के पास भीषण सड़क हादसे में 7 स्कूली बच्चों की मौत हो गई है। स्कूल की छुट्टी होने के बाद ऑटो चालक 8 बच्चों को लेकर जा रहा था, तभी एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। बच्चे बीएसएनएन डिजिटल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। हादसा गुरुवार को कोरर के चिलहटी चौक के पास हुआ। सभी बच्चों की उम्र 5 से 8 साल के बीच थी। 2 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 5 बच्चों ने कोरर अस्पताल में दम तोड़ा। ड्राइवर और एक बच्चे को गंभीर हालत में कांकेर से रायपुर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों



का पोस्टमॉर्टम कराकर उन्हें परिजनों को सौंपा जाएगा। इधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
*निम्न अनुष्ठानों (भूमि, धन-व्यापारउधोग-धंधों) से आय के साधन भी बढ़ते हैं।*
- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

## बिल गेट्स को फिर हुआ प्यार

**वॉशिंगट।** माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के फाउंडर बिल गेट्स को तलाक के डेढ साल बाद फिर प्यार हो गया है। वे ओरेकल कंपनी के सीईओ मार्क हर्ड की विधवा पॉला हर्ड के साथ रिलेशनशिप में हैं। मार्क हर्ड की 2019 में कैंसर से मौत हो गई थी, जबकि बिल गेट्स और उनकी पत्नी मेलिंडा गेट्स का अगस्त 2021 में तलाक में फाइनल हुआ था। पिछले महीने गेट्स और हर्ड मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेन्स सिंगल के फाइनल में एक-साथ बैठे दिखे थे। तभी से उनके बीच रिश्ते की अफवाह उड़ रही थीं। एक सूत्र ने बताया कि 67 साल के गेट्स और 60 साल की पॉला एक साल से ज्यादा समय से डेट कर रहे हैं, लेकिन अभी तक पॉला ने उनके -शेष पृष्ठ दो पर

## बीजेपी का व्हिप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी सांसदों को एक व्हिप जारी किया है। भाजपा ने व्हिप में सभी सांसदों को 10 और 13 फरवरी को संसद में उपस्थित रहने के लिए कहा है। बता दे कि कल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में बजट चर्चा पर जवाब देंगी। ऐसे में सभी सांसदों को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। बता दें कि बजट सत्र का पहला सत्र 10 फरवरी को समाप्त होने वाला था लेकिन बजट चर्चा को देखते हुए इसे 13 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। बीच में शनिवार और रविवार दो दिन का अवकाश है। माना जा रहा -शेष पृष्ठ दो पर

## आंध्र प्रदेश : तेल टैंकर में उतरे सात सफाई मजदूरों की मौत

**काकीनाडा।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। ऑयल फैक्ट्री के टैंकरों की सफाई के दौरान सात मजदूरों की मौत हो गई है। मौत का कारण मजदूरों का दम



घुटना बताया जा रहा है। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने बताया कि रागमपेट गांव के पास खाने के -शेष पृष्ठ दो पर

## एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी के तकरीबन डेढ़ घंटे के भाषण के दौरान विपक्ष नारेबाजी और हंगामा करता रहा। जिस पर पीएम मोदी नाराज भी नजर आए। अपने भाषण के आखिर में विपक्ष पर तंज कसते हुए पीएम ने कहा कि देश की जनता की रोजी रोटी के लिए हमने काम किया। 140 करोड़ लोगों के लिए हमारी सरकार काम कर ही है। देश देख रहा है कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है। अरे नारे बोलने के लिए भी लोग बदलने पड़ रहे हैं। मैं घंटेभर से जवाब दे रहा हूं, रुका नहीं रहा। देश के लिए जीता हूं, देश के लिए कुछ करने के लिए निकला हूं। इसलिए राजनीतिक खेल खेलने वालों के अंदर अंदर हौसला नहीं है। वे बचने का -शेष पृष्ठ दो पर



## तुर्किये-सीरिया भूकंप में अब तक 17,513 की मौत

तुर्किये और सीरिया में 6 फरवरी को आए भूकंप से अब तक 17,513 लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों की संख्या 40 हजार के करीब हो गई है। कई इमारतें तबाह हो गई हैं। बेघर लोगों के लिए शेल्टर बनाए गए हैं। अमेरिकी कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजी ने कुछ सैटेलाइट तस्वीरें जारी की है। इनमें तबाही और शेल्टर के लिए बनाए गए टेंट दिख रहे हैं। सीरिया में मारे गए लोगों को दफनाने के लिए सामूहिक कब्रें बनाई जा रही हैं। यहां मदद करने वाली व्हाइट हेलमेट्स की टीम ने एक वीडियो शेयर करते हुए बताया कि मृत लोगों को एक साथ दफनाया जा रहा है। ये फुटेज सीरिया की है। इसमें लोग शवों को साथ दफनाते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि ये फुटेज किस शहर का है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। ये फुटेज सीरिया की -शेष पृष्ठ दो पर

## डोभाल की मॉस्को में पुतिन से मुलाकात

**मॉस्को/ नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मॉस्को में मुलाकात की। इस दौरान डोभाल ने पुतिन के साथ विभिन्न द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। रूस स्थित भारतीय दूतावास ने ट्वीट कर बताया कि एनएसए डोभाल ने राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। ट्वीट में कहा गया है कि मुलाकात के दौरान विभिन्न द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई। भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी को लागू करने की दिशा में काम करते रहने पर सहमति बनी। डोभाल बुधवार को दो दिवसीय रूस यात्रा पर गए थे। इससे पहले डोभाल भारतीय अधिकारियों के एक एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका गए थे। इस दौरान अमेरिका के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी पर साथ मिलकर काम करने पर सहमति बनी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सोमवार को मॉस्को में अफगानिस्तान पर एक सुरक्षा संवाद में भाग लिया, जिसमें बदलते क्षेत्रीय सुरक्षा मानकों पर भी चर्चा की गयी। डोभाल ने बुधवार को रूस की दो दिवसीय यात्रा शुरू की। सूत्रों ने बताया कि मेजबान देश तथा भारत के अलावा ईरान,



कजाखस्तान, किर्गिस्तान, चीन, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने अफगानिस्तान पर सुरक्षा परिषद के सचिवों की पांचवीं बहुपक्षीय बैठक में भाग लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति तथा उसके समक्ष मानवीय चुनौतियों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। इस संवाद का तीसरा चरण नवंबर 2021 में डोभाल की अध्यक्षता में नई दिल्ली मे -शेष पृष्ठ दो पर

## सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन इस माह से बाजार में

**नई दिल्ली।** सर्वाइकल कैंसर से लड़ने के लिए बनाई गई सीरम इंस्टीट्यूट कीवैक्सीन इस महीने से मार्केट में उपलब्ध हो जाएगी। इस वैक्सीन में दो डोज होंगे। इसकी कीमत 2 हजार रुपए है। ये सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ पहली स्वदेशी ह्यूमन पेपिलोमा वायरस वैक्सीन है। वैक्सीन को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने मिलकर बनाया है। एसएच के सीईओ अदार पूनावाला का कहना है कि शुरुआत में वैक्सीन की क्वान्टिटी कम होगी। अगले साल प्रोडक्शन को बूस्ट किया जाएगा। केंद्र -शेष पृष्ठ दो पर

G20
सत्यमेव जयते
असम सरकार
ASSAM POLICE
क्या कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी आपसे रिश्वत मांग रहा है ?
कृपया हमें सूचित करें
व्हाट्सएप नम्बर ▶ 60269 01243
टोल फ्री नम्बर ▶ 18003453767
नियंत्रण कक्ष ▶ 03612462295
एस. पी (I) ▶ 6026903481
एस. पी (II) ▶ 6026903483
एडिशनल एस. पी ▶ 6026903418
ईमेल ▶ complaints.vac@gmail.com
ट्विटर ▶ @DIR_VAC_ASSAM
सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय, असम गुवाहाटी ७८१०३२
https://dgvigilance.assam.gov.in/
-- Janasanyog /D/21747/22

## पत्नी का शव कंधे पर लेकर कई किलोमीटर चला



**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक शख्स को अपनी पत्नी का शव कंधे पर लेकर कई किलोमीटर तक चलना पड़ा। महिला की बुधवार को आंध्र प्रदेश में एक अस्पताल से लौटते वक्त ऑटो रिक्शा में मौत हो गई थी। इसके बाद रिक्शा ड्राइवर ने शव को घर तक जाने से इनकार कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मियों ने शव के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की। दरअसल, ओडिशा के कोरापुट जिले में रहने वाले 35 साल के सामुलु पांगी की पत्नी इदे गुरु कई दिनों से बीमार थी। सामुलु ने गुरु को विशाखापत्तनम के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। कुछ दिनों तक इलाज के बाद जब गुरु को कोई फायदा नहीं हुआ तो डॉक्टरों ने उसे वापस घर ले जाने की सलाह दी। सामुलु ने बताया कि उसने पत्नी को घर ले जाने के लिए ऑटो रिक्शा बुक किया, लेकिन घर लौटते वक्त रास्ते में ही उसकी पत्नी की मौत हो गई। गुरु की मौत होने के बाद रिक्शा ड्राइवर ने शव को ले जाने से मना कर दिया। सामुलु ने रिक्शा चालक से उसे घर तक छोड़ने की गुहार लगाई, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद सामुलु ने पत्नी का शव कंधे पर रखा और पैदल ही गांव की ओर चल दिए। सामुलु के मुताबिक अस्पताल से उनका गांव करीब 100 किमी दूर था। वहीं, ऑटो ने उन्हें गांव से करीब 80 किमी दूर छोड़ दिया था। इसके बाद वो -शेष पृष्ठ दो पर

## *डीजी मैडम से हर दिन गालियां सुन रहा हूं...*



**पटना।** *प्रतिदिन तब से ही अनावश्यक ही डीजी मैडम के मुख से गालियां ही सुन रहा हूं।* बिहार के चर्चित आईपीएस ऑफिसर विकास वैभव ने ट्वीट किया हैं। जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। ट्विटर और फेसबुक पर विकास वैभव ने पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है कि मुझे आईजी, होम गार्ड और फायर सर्विस का दायित्व दिनांक 18.10.2022 को दिया गया था और तब से ही सभी नव दायित्वों के निर्वहन हेतु हरसंभव प्रयास कर रहा हूं, प्रतिदिन तब से ही अनावश्यक ही डीजी मैडम के मुख से गालियां ही सुन रहा हूं परंतु यात्री मन आज वास्तव में द्रवित है। आईपीएस विकास वैभव के एक ट्वीट का स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# पीएम का खड़गे पर तंज : खाता बंद हो गया, पीड़ा समझ सकता हूं

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर उनकी पिछले दिन की गई टिप्पणियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उनके राज्य में लोगों का जनधन खाता खुल रहा है और उनका स्वयं का खाता इतने सालों बाद बंद हो गया है। उनका इशारा पिछले लोकसभा क्षेत्र में कलबुर्गी की गुलबर्गा लोकसभा सीट से खड़गे की हार पर था। प्रधानमंत्री मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा, 卐कल खड़गे जी शिकायत कर रहे थे कि मोदी जी बार-बार मेरे चुनावी क्षेत्र में आते हैं।



मैं उन्हें कहना चाहता हूं, मैं आता हूं वह तो आपने देखा। लेकिन आप यह भी देखें कि वहां एक करोड़ 70 लाख जनधन बैंक अकाउंट खुले हैं। आठ लाख खाते अकेले कलबुर्गी में खोले गए हैं। इतने बैंक के खाते खुल जाए, इतना एम्पावरमेन्ट हो जाए, लोग इतने जागृत हो जाए और किसी का इतने सालों के बाद खाता बंद हो जाए तो उनकी पीड़ा मैं समझ सकता हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं तो हैरान हूं कभी-कभी यहां तक कह देते हैं, गरीब को हरा दिया। उसी इलाके की जनता जनार्दन ने दूसरे गरीब को जीता दिया। आपको जनता हरा दे रही है, आपका खाता बंद कर दे रही और आप रोना यहां रो रहे हो। प्रधानमंत्री के वक्तव्य के दौरान विपक्ष के कुछ सांसद सदन में हो-हल्ला कर रहे थे। इस दौरान खड़गे को प्रधानमंत्री के अपने बयान पर की गई प्रतिक्रिया को सुनने के लिए संघर्ष करते देखा गया। वहीं विपक्षी सांसद 'मोदी-अडानी भाई-भाई' के नारे लगाते रहे।

## पुंछ के मेंढर इलाके से हथियार और गोला-बारूद बरामद

**पुंछ ( हि.स. )।** सेना की रोमियो फोर्स ने गुरुवार को पुंछ के मेंढर सीमा क्षेत्र में ठिकाने का भंडाफोड़ करके भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मेंढर में तलाशी अभियान के दौरान पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। चार एके-47 राइफल मैगजीन, कुछ गोलियां, दो ग्रेनेड, विस्फोटक सामग्री और एक दूरबीन बरामद की गई है। क्षेत्र में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी है। फिलफाल सेना मामले की जांच कर रही है। सेना ने विभिन्न स्थानों में अभियान चला रही है।

## जल्द भरे जाएंगे सुप्रीम कोर्ट में जजों के खाली पद : सूत्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में खाली पदों को जल्द भरा जा सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में जल्द ही जजों के रिक्त पदों पर नियुक्तियों के साथ सभी 34 पद भरे जाएंगे। हाईकोर्ट के दो जजों को पदोन्नति दिए जाने की संभावना है। बता दें कि हाल ही में सरकार ने हाईकोर्ट के पांच जजों को पदोन्नत किया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 32 पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट में जजों के स्वीकृत पदों की संख्या 34 है। सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में पांच जजों की नियुक्ति हुई है। जेसीआई चंद्रचुड़ ने उन्हें शपथ दिलाई थी।

NO.DITC 29/2023/2

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed quotations are invited from reputed Firms/ Suppliers affixing non-refundable Court Fee of Rs.8.25 (Rupees Eight & paise twenty-five) only for empanelment for the financial year 2022-23 for supply of stationery items/materials as per the list and specification given below in the schedule of quotation to be collected from the office of the undersigned along with the earnest money and relevant documents. Tender will be received up to 13.02.2023 till 2.00 p.m. and to be opened on the same day at 3.00 p.m. If the date falls to be a holiday, then the quotation will be received in next office opening day at the same time and also be opened in same day and time.

Director
Directorate of Indigenous and Tribal Faith and Culture, Assam, Housefed Complex, Block- 5, 2nd Floor, Guwahati-06

**-- Janasanyog /C/19790/22**

## भारत में फिर से आने वाले हैं एक दर्जन से ज्यादा चीते, सरकार ने बनाया पूरा प्लान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि आने वाले महीनों में 14 से 16 चीतों को भारत लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार वन्यजीव संरक्षण और संवहनीयता के लिए समग्र प्रयास कर रही है। भावी पीढ़ियों के लिए प्रकृति को बचाने की जरूरत पर जोर देते हुए मंत्री ने यह भी कहा कि किसी वस्तु का इस्तेमाल करने के बाद उसे कचरे के रूप में फेंकने वाले मॉडल के लिए अब कई जगह नहीं है। सिंधिया ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण और उनका विकास सुनिश्चित करना हमारी परंपरा और हमारी निधि का एक अहम हिस्सा है ताकि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए उसे अक्षुण्ण बनाए रख सकें और उसे आगे बढ़ा सकें। बीते करीब नौ साल में सरकार की वन्यजीव संरक्षण पहलों के बारे में जानकारी देते हुए सिंधिया ने कहा कि आने वाले महीनों में 14 से 16 और चीते भारत लाए जा सकते हैं। फिलहाल, सरकार चीता परियोजना के दूसरे चरण पर काम कर रही है और उसने दक्षिण अफ्रीका के साथ समझौता किया है। चीतों को दक्षिण अफ्रीका से लाया जाएगा। चीता परियोजना के तहत, आठ चीतों को नामीबिया से हवाई मार्ग से भारत लाया गया था। पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन चीतों को मध्य प्रदेश के कुनो पालपुर राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा था। नागरिक विमानन और इस्पात मंत्रालय का जिम्मा संभालने वाले सिंधिया के मुताबिक, सरकार की वन्यजीव संरक्षण की रणनीति चार अहम स्तंभों पर आधारित है जो आबादी, नीति, लोग और अवसंरचना हैं। सिंधिया ने कहा कि समग्र नजरिया अपनाया गया है और विकास के साथ-साथ *पशु मार्ग योजना* के महत्व पर जोर दिया गया है। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने रिसाइकल प्लास्टिक से बनी जैकेट पहनी थी और यह भी विश्व को एक संदेश है। सिंधिया ने कहा कि मेरे पिता वन्यजीव संरक्षण में बहुत करीब से शामिल रहे थे और मैं बहुत युवा उम्र से ही वन्यजीव उत्साही रहा हूं। मेरे के लिए, यह निजी रूचि का क्षेत्र है।

## आईएएस ने किया अदाणी का बचाव

**नई दिल्ली।** देश के जाने-माने उद्योगपति गौतम अदाणी की कंपनियों के खिलाफ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस ने अदाणी के जरिए केंद्र को घेरने की कोशिश की तो केंद्र ने भी कांग्रेस पर जमकर हमला किया। इस बीच कश्मीर से धारा 370 को हटाए जाने के बाद 2019 में सेवा से इस्तीफा देने वाले आईएएस अधिकारी शाह फैजल ने अदाणी का समर्थन किया है। आईएएस अधिकारी शाह फैजल ने कहा कि गौतम अदानी का मैं सम्मान करता हूं, क्योंकि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों से जिस तरह से निपटा है वो बेहद शानदार है। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें एक महान इंसान के रूप में जानता हूं, जो समाज में विविधता का गहरा सम्मान करते हैं। शाह ने इसी के साथ कहा कि अदाणी केवल भारत को शीर्ष पर देखना चाहते हैं।

No.SHTO/Cond/Pt-IV/23/2014/6564

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender affixing non-refundable Court Fee Stamp of Rs.8.25 (Rupees eight and paisa twenty five) only are invited from intending RVSF for disposal of 177 Nos. of unserviceable condemned vehicles of Health and F.W. Department ***"AS IS WHERE IS"*** *basis.*

The Tender documents along with Terms and conditions and other details may be obtained from the O/o the Joint Director of Health Services(T), SHTO, Assam, Narengi, Guwahati-71 and bidder can also inspect the vehicles during office hours upto 24/02/2023.

The tenders will be received from 1] A.M. upto P.M. on 27/02/2023 and will be opened on the same day at 1.30 PM in presence of participating tenderer or their one authorised representative.

***-- Janasanyog / C/19698/22***

Joint Directot of Health Services(T), SHTO, Assam.Narengi, Guwahati-71.

NIT No. B/KW/CAMPA APO/Building/2022-23/638

The Divisional Forest Officer, Kamrup West Division, Bamunigaon, Guwahati invites e-tender through e-procurement system i.e. through the website www.assamtenders.gov.in for following work from APWD (Registered) eligible contractors having experience of similar nature of work. The e-tender is Two-Bid System, to be submitted with affixing Court Fee Stamp worth Rs. 8.25 (Rupees Eight and paisa Twenty-Five) only. The Tender Fee and EMD should be paid through online portal i.e. www.assamtenders.gov.in.

| Sl. No. | Name of Work | Place of Work | Tender Work value inclusive of all tax applicable | Security Deposit | Earnest Money Deposit | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Assam Type Building for Forest Ranger's Quarter | Boko | 68,51,663.00 | 10% of the Estimated Cost | 2% for Gen, 1% for OBC/ ST/SC of the Estimated cost | 180 days from the date of issue of Work order |
| 2 | Construction of Assam Type Building for Forest Guard Quarter | Loharghat | 35,16,411.00 | 10% of the Estimated Cost | 2% for Gen, 1% for OBC/ ST/SC of the Estimated cost | 180 days from the date of issue of Work order |

Details of the bid may be seen at www.assamtender.gov.in

***-- Janasanyog /C/19763/22***

Divisional Forest Officer
Kamrup, West Division
Bamunigaon

# पृष्ठ एक का शेष

### जॉब घोटाले की...

दोनों पक्षों के बीच हाथापाई की नौबत उत्पन्न हो गयी। उन्होंने कहा कि सदस्य न केवल मामले के अपडेट के बारे में पूछताछ करने गए थे, बल्कि अपना इनपुट देने के लिए भी पहुंचे थे, ताकि जांच प्रक्रिया में मदद मिल सके। हालांकि, अधिकारी अभ्यर्थियों के माता-पिता और सदस्यों से इनपुट लेने को तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा कि हम राज्य के विभिन्न भ्रष्टाचार मामलों पर सीबीआई जांच के परिणामों के पिछले रिकॉर्ड से अवगत हैं। हालांकि, हमें विश्वास था कि सीबीआई हमें गलत साबित करेगी। लेकिन, ऐसा लगता है कि एपीपीएससी मामले की जांच में हो रही देरी से हम उनके पिछले रिकार्ड को मानने को मजबूर हो रहे हैं, बावजूद समिति को अभी भी उम्मीद है कि सीबीआई मामले में न्याय करेगी। नालो ने बताया कि पीएजेएससी शुक्रवार को राज्य सरकार के साथ बैठक में भाग लेगी। उन्होंने कहा कि प्रभावित अभ्यार्थी और अभिभावकों के साथ होने वाली बैठक के बाद सकारात्मक परिणाम की उम्मीद कर रहे हैं। बैठक वास्तव में 2 फरवरी को निर्धारित की गई थी, लेकिन कुछ कारणों से यह 10 फरवरी के लिए निर्धारित की गई है।

### अल्फा व सुरक्षाबल के ...

जीपी सिंह और आईजीपी (एनईआर) जीतमोल डोले को अल्फा (आई) के खिलाफ लगातार कार्रवाई के लिए निशाना बनाने की भी साजिश रच रहे थे। दिलीप ने कहा कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार तड़के एक अभियान शुरू किया और इस दौरान मालुगांव इलाके में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। उन्होंने कहा कि उत्तम लहोन उर्फ उदय असोम मौके पर ही मारा गया। वह आईईडी में निपुण था। अंधेरे का फायदा उठाकर अन्य उग्रवादी वहां से भाग निकले। अधिकारी ने कहा कि हमने एक राइफल, दो ग्रेनेड, आईईडी सामग्री, कंबल, एक बैग और दवाएं जब्त की हैं। पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

### त्रिपुरा विस चुनाव : जेपी...

ासी समुदायों के संबंध में सरकार के योगदान का भी उल्लेख किया, जिसमें कोकबोरोक भाषा को 943 स्कूलों में, चकमा को 58 स्कूलों में और हलम-कूकी को 49 स्कूलों में लागू किया गया है। नड्डा ने कहा कि सरकार ने 508 करोड़ रुपए की पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत 2.4 लाख किसानों को सालाना 6,000 रुपए भी प्रदान किए। नड्डा ने संकल्प पत्र को महज वादे नहीं, बल्कि एक दस्तावेज बताया जो एक विकसित, समृद्ध त्रिपुरा की आकांक्षा को दिखाता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री प्रो. डॉ. मानिक साहा, पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पार्टी के केंद्रीय नेता मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ : सड़क हादसे ...

ने कांकेर के कोरर चिलहटी चौक पर ऑटो और ट्रक की टक्कर से 7 स्कूली बच्चों की आकस्मिक मौत पर दुख जताते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा कि समाचार बेहद दुःखद है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर मुमकिन मदद दी जा रही है। ईश्वर परिवारजनों को हिम्मत दे। प्रशासन को हरसंभव मदद के निर्देश दिए गए हैं। बच्चे बीएसएनएन डिजिटल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। सभी बच्चों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। बच्चे प्राइमरी कक्षा में पढ़ते थे। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। कांकेर एएसपी अविनाश ठाकुर ने बताया कि ट्रक भानुप्रतापपुर की ओर से आ रहा था। ट्रक ड्राइवर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है, वहीं ट्रक को जब्त कर लिया गया है। एएसपी अविनाश ठाकुर ने बताया कि एक बच्चा घायल है, जिसकी हालत काफी गंभीर है, उसे इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। 7 बच्चों की मौत हुई है, जिनके शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि फरार ट्रक ड्राइवर की तलाश के लिए टीम रवाना की गई है। भानुप्रतापपुर के विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि सूचना मिलते ही उन्होंने स्पॉट का जायजा लिया। उन्होंने घटना को बेहद हृदय विदारक बताया। कहा कि मृतकों और घायलों के परिजनों के लिए जो भी संभव होगा, वो सहायता करने के लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों की सड़क हादसे में मौत की जानकारी मुख्यमंत्री के पास है, उन्होंने इस पर संवेदना जताते हुए तुरंत सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। अभी तक जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार इन बच्चों की हुई मौत रुद्रादेवी, ग्राम तुएगुहान, 6 वर्ष, रुद्र कुमार, ग्राम तुएगुहान, 7 वर्ष, इशान मंडावी, ग्राम बनोली, 4 वर्ष, मानव साहू, 6 वर्ष, ग्राम अस्तरा, एक बालिका पीयूष गावडे, लीशांत गावडे।

### उम्मीदवारों को जानने के...

ही सभी उम्मीदवारों के विवरण जैसे कि उनकी पृष्ठभूमि, आपराधिक रिकॉर्ड (यदि कोई हो), शैक्षिक योग्यता, वित्तीय खुलासे, और संपत्ति के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। *नो योर कैंडिडेट* (केवाईसी) एप जो मतदाताओं को आगामी त्रिपुरा चुनाव -2023 में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है। *नो योर कैंडिडेट* एप का उपयोग करना आसान है और सभी के लिए सुलभ है। इसे भारत के चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से संचालित किया जा सकता है या इसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस और आसानी से समझ में आने वाली भाषा के साथ प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया गया है। *नो योर कैंडिडेट* (केवाईसी) एप का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। नो योर कैंडिडेट एप मतदाताओं को सूचित निर्णय लेने और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### एक अकेला कितनों पर...

रास्ता ढूंढ रहे हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर विपक्ष आइना दिखाया। उन्होंने कहा पिछले कुछ वर्षों में 27 लाख करोड़ रुपए सीएबीटी के माध्यम से सीधा हितधारकों के खातों में गए हैं। इससे 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक रुपया... जो किसी इको-सिस्टम के हाथों में जा सकता था, वो बच गया। अब जिनको ये पैसा नहीं मिल पाया, उनका चिल्लाना स्वाभाविक है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि इनकी राजनीति, अर्थ नीति और समाज नीति वोटबैंक के आधार पर ही चलती थी, लेकिन हमने रेहड़ी-ठेले पटरी वालों की चिंता की। पीएम स्वनिधि और पीएम विकास योजना के जरिए हमने समाज के एक बड़े वर्ग का सामर्थ्य बढ़ाने का काम किया है।

### तुर्किये-सीरिया भू-कंप...

है। इसमें लोग शवों को साथ दफनाते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि ये फुटेज किस शहर का है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। लोगों का कहना है कि वक्त पर उन तक मदद नहीं पहुंच पा रही है। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इस बात को स्वीकार किया है। सरकार के खिलाफ लोगों के गुस्से को देखते हुए एर्दोगन ने कहा कि भूकंप के बाद सरकार की शुरुआती प्रतिक्रियाओं में कमियां थीं। दरअसल, भूकंप के बाद कई इलाकों में लोगों तक बचावकर्मी या राहत समग्री नहीं पहुंची थी। हालांकि, राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि सभी लोगों की मदद के लिए सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है और देश में कोई भी बेघर नहीं रहेगा। इधर, मदद के लिए ङ्ख ।ह्ल और ह्र समेत दुनियाभर के 70 से भी ज्यादा देश आगे आए हैं। लोकल मीडिया के मुताबिक, सीरिया में 3 लाख लोगों को मजबूरन अपना घर छोड़ना पड़ा है। तुर्किये में सरकार ने एक बार फिर से ट्विटर सर्विस बहाल कर दी है। सरकार ने ट्विटर के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर उन्हें दुष्प्रचार और कंटेंट हटाने को लेकर नियम याद दिलाए। दरअसल बुधवार को तुर्किये में ट्विटर को ब्लॉक कर दिया गया था। तुर्किये सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार के खिलाफ एक बिल पास किया था।

### आंध्र प्रदेश : तेल टैंकर ...

तेल की फैक्ट्री है। ये हादसा गुरुवार सुबह करीब सात बजे हुआ है। शुरुआती जानकारी में पता चला है कि मृतक पेड्डापुरम मंडल के पडेरू और पुलीमेरु के रहने वाले थे। एक चश्मदीद ने हादसे के बारे में बताया है। उसने कहा कि पहले एक मजदूर टैंक में घुसा, जब वो बाहर नहीं आया तो उसके पीछे बाकी मजदूर भी टैंकर में घुसे। मजदूरों की मौत के बाद उनके परिवार में मातम पसर गया है। परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि फैक्ट्री की तरफ से कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं किए थे। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

### सर्वाइकल कैंसर ...

सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से देशभर में छात्राओं के बीच सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और एचआईवी वैक्सीन के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने को कहा है। इसके अलावा कैंसर के खतरे की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार जल्द ही स्कूल लेवल पर वैक्सीनेशन प्रोग्राम की शुरुआत करेगी। केंद्र सरकार की ओर से इस अभियान की शुरुआत खासकर 9 से 14 साल की लड़कियों के लिए स्कूलों में की जाएगी। भारत में सर्वाइकल कैंसर के लिए 2008 से गरदाशील और केरेवान नाम की दो विदेशी वैक्सीन मौजूद हैं। इनकी एक डोज 3 हजार रुपए से शुरू होकर 10 हजार रुपए तक आती है। 9 से 14 साल की किशोरियों को 6 महीने के अंतराल में दो डोज लगती हैं। वहीं 15 से 45 साल उम्र की महिलाओं को तीन डोज लगती हैं। सर्वाइकल कैंसर दुनियाभर में महिलाओं के लिए दूसरी सबसे घातक बीमारी है। यह कैंसर योनि से शुरू होकर मूत्राशय, मलाशय से लेकर फेफड़ों तक में बहुत तेजी से फैलता है। यह बीमारी पैपिलोमा वायरस नाम के वायरस के संक्रमण की वजह से होती है। जो महिलाएं ज्यादा धूम्रपान करती हैं या इम्यूनिटी को दबाने वाली दवाओं का ज्यादा सेवन करती हैं, उन्हें इस कैंसर का खतरा ज्यादा होता है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सर्वाइकल कैंसर भारत में दूसरा सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर है। हर साल लगभग 1.25 लाख महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर पाया जाता है और इस बीमारी से भारत में 75 हजार से ज्यादा मरीजों की मौत हो जाती है। यह दुनिया में सर्वाइकल कैंसर से होने वाली मौतों का तकरीबन एक चौथाई है।

### डोभाल की मॉस्को में ...

हुआ था। सूत्रों ने बताया कि डोभाल ने कहा कि अफगानिस्तान एक मुश्किल दौर से गुजर रहा है और भारत के अफगानिस्तान से ऐतिहासिक और खास संबंध हैं। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के लोगों का कुशलक्षेम और मानवीय आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है और नई दिल्ली जरूरत के वक्त अफगानिस्तान के लोगों को कभी अकेला नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद एक बड़ा खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक स्टेट तथा लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी संगठनों से निपटने में संबंधित देशों तथा उसकी एजेंसियों के बीच खुफिया और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता है। डोभाल ने यह भी कहा कि किसी भी देश को आतंकवाद तथा कट्टरपंथ फैलाने के लिए अफगान सरजमीं का इस्तेमाल करने नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल पहले अफगान लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए।

### डीजी मैडम से ...

होमगार्ड एंड फायर सर्विसेज की डीजी शोभा अहोतकर के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने उन पर बेवजह गाली देने का आरोप लगाया है। हालांकि चर्चा का विषय बनने के बाद विकास वैभव ने ट्वीट को फौरन डिलीट कर दिया। मगर कुछ और ट्वीट उनके हैंडल पर है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है। बिहार में इन दिनों प्रशासनिक अधिकारी अपनी बदजुबानी के लिए काफी चर्चा में हैं, कुछ दिन पहले सीनियर आईएएस केके पाठक का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने अपने जूनियर अफसरों को गालियां दे रहे थे। विकास वैभव ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा है कि यात्रीद्गमन व्याकुल है! बंधनों से मुक्त होना चाहता है! परिस्थितियां अवरोध उत्पन्न करती प्रतीत भले हो रहीं हों परंतु यात्री-मन यह भी जानता है कि यात्री-मन को कोई बांध नहीं सकता है! जो निर्धारित है, वह स्वयं अपना मार्ग प्रशस्त करेगा! शेष सब माया ही है परंतु कर्म महत्वपूर्ण है! इसके अलावा विकास वैभव ने संस्कृत का एक श्लोक भी ट्वीट किया है। जिसमें हिन्दी में मतलब भी लिखा है। इसमें कहा गया है कि विद्याविनयोपेतो हरति न चेतांसि कस्य मनुजस्य। कांचनमणिसंयोगो नो जनयति कस्य लोचनानन्दम्॥

### पत्नी का शव कंधे पर ...

पत्नी का शव कंधे पर लेकर काफी दूर तक चलते रहे। फिर आंध्र प्रदेश के विजयनगरम ने सामुलु को कंधे पर शव ले जाते देखा तो पुलिस को जानकारी दी। तब पुलिस ने सामुलु की पत्नी का शव घर ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की। छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक मां 2 दिन तक बच्चे के शव को सीने से लगाकर घूमती रही। उसने कई लोगों से बच्चे का अंतिम संस्कार कराने के लिए मदद मांगी, मगर किसी ने उसकी सहायता नहीं की। उधर, पिता और पति ने पहले से ही उसे घर से निकाल दिया था। जिसके कारण वह कई दिनों से मायके में ही भटक रही थी। ख्क्कके छतरपुर में सिस्टम पर सवाल खड़े करने वाला वीडियो सामने आया है। जिला अस्पताल में 4 साल की मासूम की मौत हो गई। एम्बुलेंस नहीं मिली तो उसका मामा शव को कंधे पर रखकर ले गया। काफी दूर तक पैदल चलने के बाद वह बस पकड़कर अपने गांव गया। बच्ची की मौत कैसे हुई और मामा को क्यों पैदल जाना पड़ा।

### बीजेपी का ...

है कि 13 फरवरी यानी सोमवार को वित्त मंत्री राज्यसभा में बजट चर्चा पर जवाब देंगी। इसके साथ ही संसद का पहला सेशन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जा सकता है। सत्र का दूसरा सेशल 10 मार्च से प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने 1 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2023-24 पेश किया था। इस दौरान नॉर्थ-ईस्ट के तीन राज्यों में चुनाव संपन्न हो जाएंगे। गौरतलब है कि 24 जनवरी को अदाणी ग्रुप को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद विपक्ष ने करीब चार दिन तक संसद में हंगामा किया और कोई भी विधायी कार्य नहीं हो सकता। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद लगातार चार दिनो तक ठप पड़ी रही। विपक्ष अदाणी मामले पर सरकार से जेपीसी (ज्वॉइन्ट पार्लियामेंट्री कमेटी) के गठन के साथ ही सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग करता रहा। इसको लेकर लगातार संसद की कार्यवाही वाधित रही।

### बिल गेट्स को ...

बच्चों से मुलाकात नहीं की है। कपल के एक दोस्त ने बताया कि दोनों हमेशा साथ नजर आते हैं। दोनों एक साल से ज्यादा समय से साथ हैं और मीडिया में पॉला को मिस्ट्री वुमन कहा गया है। लेकिन दोनों के खास दोस्त जानते हैं कि वे रोमांटिक रिलेशनशिप में हैं। मिस हर्ड एक इवेंट प्लानर और समाजसेवी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पॉला हर्ड और बिल गेट्स टेनिस के शौकीन हैं और पॉला के पति मार्क की डेथ से पहले भी कई टेनिस टूर्नामेंट्स में दोनों एक-दूसरे से मिलते रहे हैं। पॉला की दो बेटियां हैं- कैथरीन और कैली, जबकि बिल गेट्स के तीन बच्चे हैं- जेनिफर, रोरी और फीबी। मेलिंडा और बिल गेट्स ने 30 साल की शादी के बाद मई 2021 में तलाक का ऐलान किया था, जो अगस्त 2021 में फाइनल हुआ। दोनों ने कहा था कि वे अपना फाउंडेशन- बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन साथ में चलाते रहेंगे।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **अष्टम अध्याय**

**( योगाभ्यास )**

**सहज योग योगी करे, अन्तर सन्धि विवेक।**
**सुरति शब्द मेला भा, सन्त परम गुरु टेक॥ 29॥**

**शब्दार्थ :** (टेक) अवलम्ब, प्रण (सन्त परम गुरु) नित्य अनादि सद्गुरु (सन्धि विवेक) मर्म, भेद का विवेक।

**भाष्य :** नित्य अनादि सद्गुरु अवलम्बित सहज योग के मार्ग द्वारा योगी अन्तर चेतन योग के विवेक से सुरति और शब्द परम पुरुष का सम्बन्ध करता है?

**नव द्वारा को बन्दकर, खोलो दशवा द्वार।**
**खिरकी एकादश खुली, अग्र पुरुष दरबार ॥ 30॥**

**शब्दार्थ :** (अग्र) आगे (पुरुष दरबार) अमृतधाम, चेतन-महामण्डल (खिरकी) झरोखा।

**भाष्य :** दो आँख, दो कान, दो नाक, भुख, गुदा और लिंग, इनको नव द्वार कहते हैं। दशम द्वार ब्रह्मरन्ध्र को कहते हैं। सुरति द्वार ग्यारहवीं खिरकी है, जिसके द्वारा आत्मा प्रकृतिचक्र को छोड़कर परम पुरुष को प्राप्त करती हैष ग्यारहवीं खिरकी खुल जाने पर ही आगे परम पुरुष का साक्षात्कार एवं प्राप्ति होती है। एकपाद प्रकृति-मण्डल है और एकादशपार अमृतपुरी, तीनपाद चेतन-महामण्डल है। अक्षरपार निःशब्द परम पुरुष है। एकदेशी आत्मा की चेतनधारा होने के कारण परम पुरुष का स्थान बतलायचा जाता है। अनुभव, साक्षात्कार के पश्चात ब्रह्मसत्ता का प्रकट, सर्वत्र अनुभव होता है। यही समाधि-विज्ञान का अनुभव, साक्षात दर्शन है।

### सीएए विरोधी आंदोलन मामले में बढ़ सकती हैं अखिल गोगोई की मुश्किलें

# गौहाटी हाईकोर्ट ने दी आरोप तय करने की अनुमति




**गुवाहाटी ( विभास )।** गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को असम के निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई और उनके तीन सहयोगियों पर संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) विरोधी प्रदर्शनों और माओवादियों से संदिग्ध संबंधों के सिलसिले में आरोप तय करने की अनुमति दे दी। जांच एजेंसी ने याचिका दायर कर चारों व्यक्तियों को आरोपमुक्त करने के एनआईए की विशेष अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुमन श्याम और न्यायमूर्ति मलासरी नंदी की खंडपीठ ने मामले को दोबारा खोलने और आरोप तय करने के लिए आगे बढ़ने को कहा। गोगोई के वकील शांतनु बरठाकुर ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले को दोबारा खोलने और चारों लोगों के खिलाफ आरोप तय करने की एनआईए की याचिका को स्वीकार कर लिया है। मामले की विशेष एनआईए अदालत में फिर से सुनवाई होगी। इस बीच, गोगोई ने भी कहा कि उन्हें और तीन अन्य को 23 फरवरी को एनआईए की विशेष अदालत में पेश होने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा, ''मैं इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने जा रहा हूं। मुझे वहां सकारात्मक परिणाम की उम्मीद है। गौरतलब है कि विशेष एनआईए अदालत ने एक जुलाई, 2021 को गोगोई और उनके तीन सहयोगियों को दिसंबर 2019 में सीएए के विरोध में असम में हुए हिंसक प्रदर्शनों में उनकी कथित भूमिका के मामले में आरोपमुक्त कर दिया था।

## नगरबेड़ा में बाल विवाह के खिलाफ अभियान में दस गिरफ्तार

**नागरबेड़ा ( निसं )।** कामरूप जिले की नगरबेड़ा पुलिस ने बाल विवाह के मामले में छापेमारी कर बुधवार रात 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से सात पति हैं और तीन अन्य माता-पिता हैं। इन सभी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस बीच, आरोपियों को जेल हिरासत में भेजे जाने पर थाना परिसर में अभूतपूर्व स्थिति उत्पन्न हो गई। जब आरोपियों को कार में ले जाया जा रहा था, पप्रितिशतयों का एक समूह पुलिस की कार के पीछे भागा और पप्रतिशती ने अपने पति को ले जाने वाली कार में घुसने की कोशिश की। इसके अलावा थाना परिसर में पप्रतिशती और परिजनों की आंखों में आंसू आ गए। पति को जेल भेजे जाने के बाद एक पप्रतिशती बेहोश हो गई। इस पूरी घटना से थाना परिसर के साथ-साथ इलाके में भी मातम का माहौल छा गया।

# नगांव में 33 लाख से अधिक के नकली नोटों के साथ दो गिरफ्तार



**नगांव ( हि.स. )।** जिले में बीती रात 33 लाख रुपए के नकली नोटों के साथ दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया है कि गिरफ्तार किए गए दोनों की पहचान जुरिया निवासी शराफत अली और नूर हुसैन के रूप में हुई है। दोनों को नगांव शहर के धींग गेट से गिरफ्तार किया गया। इनके पास मिली एक स्विफ्ट कार को भी जब्त किया गया है। यह अभियान नगांव के हैबरगांव पुलिस चौकी की मदद से चलाया गया और इसका नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपज्योति कलिता ने किया। नकली नोटों की कुल जब्ती 33 लाख 52 हजार 500 रुपए बताई गई है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर दोनों से पूछताछ कर रही है।

## चालीस लाख की चोरी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**शिवसागर ( हि.स. )।** शिवसागर में हुई 40 लाख रुपए की चोरी के मामले में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। करीब तीन महीने पहले शिवसागर में एक वकील के घर चोरी की यह वारदात हुई थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक चोरी मामले के मुख्य आरोपित अब्बास अली को शिवसागर पुलिस ने ग्वालपारा जिला के लखीपुर से गिरफ्तार किया है। शिवसागर के वकील प्रसिद्ध बरा के घर से 40 लाख रुपए की भारी चोरी हुई थी। हालांकि, चोरी 21 अक्टूबर 2022 को हुई थी, जब वह घर पर नहीं थे। चोरी का यह मामला 28 अक्टूबर को सामने आया था। प्रसिद्ध बरा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के आधार पर शिवसागर सदर पुलिस स्टेशन में केस नंबर 402/22 दर्ज किया गया था। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 380 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ में जुटी है।

## प्रदेश भाजपा के 399 मंडलों में मंडल कार्यकारिणी सभा शुरू

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** संगठनात्मक ताकत की सक्रियता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रेरक शक्तियों में से एक है। इस ताकत की सक्रियता बनाए रखने के लिए पार्टी राष्ट्रीय स्तर से लेकर राज्य, जिला, मंडल और बूथ स्तर तक अपनी गतिविधियां चल रही है। भाजपा की हाल ही में संपन्न हुई असम प्रदेश की राज्य और जिला कार्यकारिणी की बैठकों के सफल समापन के बाद गुरुवार से पार्टी के मंडल क्षेत्र में मंडल कार्यकारिणी बैठकों का आयोजन किया गया। आज मंडल कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के संगठनात्मक पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। असम प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता ने रंगिया नगर मंडल के पूर्वी रंगिया प्रगति संघ में मंडल कार्यकारिणी सभा में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कलिता के भाषण के संदर्भ में, कार्यकर्ता पार्टी के संगठनात्मक नींव को मजबूत करने में मंडल का महत्व अपार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सेवा ही संगठन और सेवा समर्पण के आदर्श वाक्यों के प्रति समर्पित होकर राष्ट्र निर्माण के साथ ही पार्टी के संगठनात्मक आधार को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्य करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार से शुरू हुए प्रदेश भाजपा के मंडल कार्यकर्ता संबंधित जिम्मेदार मंडलों की कार्यकारिणी की बैठकों में भाग ले रहे हैं।

## नगरबेड़ा के भाखुराड़िया में दिन-दहाड़े डकैती

**नगरबेड़ा ( निसं )।** फरवरी नगरबेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भखुरादिया में दोपहर बाद हुई लूट की घटना से अंचल में सनसनी फैला है। नगरबेड़ा थाना क्षेत्र के भखुरादिया निवासी आंसेर आली के घर में घुसे लुटेरों ने टेबल के ताला तोड कर उसमें से दो लाख पंद्रह हजार ( 2,15,000) रुपए नकद व सोने के जेवरात हाथ का चुड़ी, कान और नाक के फूल चोरी कर लिए। पीड़ित परिवार ने कहा कि उन्होंने चोर को घटनास्थल से चोरी करके भागते हुए देखा है। पूरी घटना पीड़ित परिवार ने नगरबेड़ा पुलिस को सूचित कर शिकायत दर्ज कर दी है। नगरबेड़ा थानेदार घटना सन्दर्भ में जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने आरोपी चोरों की गिरफ्तारी और लूटे गए पैसे की वापसी और पीड़ित परिवार ने लुटेरों को उचित सजा देने की मांग की है।दिन दहाड़े लूट की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

## अडानी को लेकर अनोखे तरीके का विरोध, एटीएम के बाहर लगे पोस्टर

**शोणितपुर ( हि.स. )।** जिले के तेजपुर में उद्योगपति अडानी को लेकर केंद्र सरकार के विरोध में विभिन्न एटीएम के बाहर पोस्टर लगाकर अनोखे तरीका का विरोध यहां चर्चा का विषय बना हुआ है। यह पोस्टर किसने लगाए, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। गुरुवार की सुबह तेजपुर के विभिन्न एटीएम के बाहर एक विशेष प्रकार के पोस्टर लगे देखे गए। एटीएम के बाहर लगे इन पोस्टरों में लिखा है, एटीएम में कोई पैसा नहीं है, सभी पैसा अडानी ने लिया है। बीती रात को ही शहरभर के एटीएमों के बाहर यह पोस्टर लगाए गए हैं। इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि इन पोस्टरों को किसने लगाया है। शहर के विभिन्न हिस्सों में एटीएम के बाहर अडानी को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ पोस्टर लगाकर केंद्र सरकार का विरोध जताया गया है। यह पोस्टर पूरे शहर में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

## नामघर में चोरी, लोगों में नाराजगी

**गोलाघाट ( हि.स. )।** गोलाघाट जिलांतर्गत खुमटाई के न-गांव नामघर (पूजा घर) से नकदी, कांसे के बर्तन आदि चोरी हो गए। नामघर हाल ही में भागवत पाठ का आयोजन किया गया था, जिसके चलते श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में कीमती सामान आदि प्रदान किया था। गुरुवार सुबह लोगों को जानकारी हुई कि बुधवार रात नामघर में चोरी हो गए। नामघर में चोरी की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई है। यह नामघर खुमटाई पुलिस चौकी के पास होने से लोगों में आक्रोश है।

PRESS NOTICE

The Executive Engineer, PWD, Capital Construction Division, Dispur, Guwahati-6 on behalf of Governor of Assam invites item rate bids for the following works under P.W.D.(Bldg) Assam Class-I (A/B/C) and class-II contractors of A.P.W.D. having requisite experience in similar nature of work. Details may be seen at e-procurement portal website i.e. www.assintenders.gov.in.

| Package No. | Name of work | Approx. value of work (Rs. in Lakh) | Time of completion | Bid Security | Bid security to be paid | Coast of Bid (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Construction of Park alongwith site development, providing playing equipment's, sitting bench and all decoration materials in front of Qtr.No.M-9 at Minister's Colony, Dispur, Guwahati-6.** | Rs. 46,48,871/- | **60 (Sixty) Days** | 2% of NIT value (for General) and 1% of NIT value (for reserved category) | Internet Banking/ NEF/T/ RTGS | Rs. 930/- |

**Note:-**

1. NIT value may be changed during uploading of tender in the website, which may be seen in Detailed NIT of the bid document.
2. The Bidders must be enrolled in www.assamtenders.gov.in
3. The prospective bidder must visit the work site before submission of tender. The bidders have to submit evidence of site visit in the form of a certificate duly certified by the concerned Executive Engineer, P.W.D.

Sd/-
Executive Engineer, P.W.D.
C.C Division, Dispur, Ghy-6

*-- Janasanyog /C/ 19783 /22*

## होजाई : स्मार्ट मीटर रिचार्ज को लेकर बिजली उपभोक्ताओं में नाराजगी




**होजाई ( निसं )।** असम सरकार ने बिजली विभाग को अत्याधुनिक बनाने कि निती के चलते, पुरानी बिजली मिटर को बदल कर। बिजली उपभोक्ता के घरों में स्मार्ट बिजली मिटर लगवा ने से, आम जनता कि समस्या बिकराल रुप धारण कर चुकी है साथ ही स्मार्ट मिटर रिचार्ज को लेकर बिजली उपभोक्ताओं में नाराज साफ दिख रही है। जहां एक तरफ आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक तंगी से जुझ रही है वही बिजली को स्मार्ट मिटर से जोड़ कर रिचार्ज सिस्टम करने को लेकर तथा पुरानी निति के तहत बिजली बिल न देने का नियम से लोगों के बीच हाहाकार मचा हुआ है। संवाददाता द्वारा पुछे गए प्रश्न के जवाब में लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि, जहा एक ओर असम के विभिन्न जिलों एवं शहर कि आधी आबादी गरीबी, बेरोजगारी और आर्थिक तंगी से बेहाल है वही भाजपा नित सरकार आये दिन कोई न कोई नई नियम लगा कर आम जनता के उपर बोझ डालने में कोई कसर नही छोड़ रही है। ज्ञात हो कि स्मार्ट मिटर एक प्रकार कि डिजिटल मिटर है जो नेटवर के साथ काम कर रही है अगर कोई बिजली उपभोक्ता बिजली को सुचारू रूप से चलाना चाहता हैं तो उसे सर्वप्रथम मोबाइल कि भांति रिचार्ज करवाना पडेगा तब जाकर आप के घर में बिजली सुचारू रूप से प्राप्त होती रहेंगी अन्यथा आप के स्मार्ट मिटर रिचार्ज न होने पर अपने-आप बिजली कट जायेगी और अगर कटने के बाद उपभोक्ता वापस रिचार्ज करेंगे तो ही बिजली प्राप्त होगी। इन सभी समस्याओं को लेकर लोगों में असमंजस बनी हुई है। जिसके चलते गत कई दिनों से हजारों कि संख्या में बिजली विभाग के अंदर-बाहर, लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है।

## पूसीरे ने माल लोडिंग में दर्ज की 19.8 प्रतिशत वृद्धि



**गुवाहाटी ( विभास )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल माल लोडिंग में निरंतर प्रगति कर रहा है और जनवरी, 2023 के दौरान 0.977 मिलियन टन (एमटी) लोड किया है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में किए गए 0.880 एमटी लोडिंग की तुलना में 11प्रतिशत अधिक है। पूसीरे ने इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल, 2022 से जनवरी, 2023 तक 9.850 एमटी लोड किया है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में किए गए 8.222 एमटी लोडिंग की तुलना में 19.8प्रतिशत अधिक है। जनवरी, 2023 महीने के दौरान, कोयला लोडिंग में 241.2प्रतिशत की वृद्धि और कुछ अन्य वस्तुओं की लोडिंग में भी पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अच्छे अंतर से वृद्धि हुई है। उक्त महीने के दौरान, खाद्यान्न लोडिंग में 76.2प्रतिशत, डोलोमाइट लोडिंग में 14.6प्रतिशत, पीओएल लोडिंग में 17.9प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल, 2022 से जनवरी, 2023 के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में कोयला लोडिंग में 748.5 प्रतिशत , डोलोमाइट लोडिंग में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उर्वरक लोडिंग में 14 प्रतिशत, पीओएल लोडिंग में 13 प्रतिशत, कंटेनर लोडिंग में 11प्रतिशत और अन्य वस्तुओं में 20.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। माल लोडिंग प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए पूसीरे सभी संभावित तरीकों की तलाश कर रहा है। सड़क मार्ग की तुलना में रेल द्वारा माल परिवहन अधिक सुरक्षित एवं तेज है और ग्राहकों के लिए सबसे अधिक पर्यावरण अनुकूल साधन है।

**SHORT TENDER NOTICE**

Notice No.ISCD/Estt/369/2023

Sealed Tender in prescribe form affixing non-refundable court fee stamps Rs. 8.25 (Rupees eight & paise twenty five) only subsequently to be drawn up in printed PWD F-2 form are invited for the following works from APWD registered Class-I(A,B,C)/class-II/ Contractor having requisite experience in similar nature of work and will be received up to 2.00pm on **17.02.2023.** Tender will be open at 2.30pm on the same day at undersigned office.

| Sl. No. | Name of work | Approximate NIT value | Cost of Tender Paper | Period of Construction |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PROPOSED CONFERENCE ROOM WITH VIDEO CONFERENCING AT OMEO KUMAR DAS INSTITUTE OF SOCIAL CHANGE AND DEVELOPMENT AT TETELIA, KAMRUP, ASSAM (CIVIL WORKS) **(Group No. i)** | Rs. 24,92,366.00 | Rs. 600.00 | 30 days |
| 2 | PROPOSED CONFERENCE ROOM WITH VIDEO CONFERENCING AT OMEO KUMAR DAS INSTITUTE OF SOCIAL CHANGE AND DEVELOPMENT AT TETELIA, KAMRUP, ASSAM (ELECTRICAL & FURNITURE) **(Group No. ii)** | Rs. 15,07,271.00 | Rs. 400.00 | 21 days |
| 3 | PROPOSED CONFERENCE ROOM WITH VIDEO CONFERENCING AT OMEO KUMAR DAS INSTITUTE OF SOCIAL CHANGE AND DEVELOPMENT AT TETELIA, KAMRUP, ASSAM (AUDIO SYSTEM) **(Group No. iii)** | Rs. 24,44,163.00 | Rs. 600.00 | 30 days |
| 4 | PROPOSED CONFERENCE ROOM WITH VIDEO CONFERENCING AT OMEO KUMAR DAS INSTITUTE OF SOCIAL CHANGE AND DEVELOPMENT AT TETELIA, KAMRUP, ASSAM (AUDIO SYSTEM) **(Group No. iv)** | Rs. 24,76,703.00 | Rs. 600.00 | 30 days |

- Tender papers may be obtained from the office of the unersigned during office hours on submission of application along with supporting documents & cost of tender papers in the form of latest IPO on or before **16.02.2023.**
- If the last date of issuing/opening of tender is declared as state holiday for any reason, tender will be issued or received on the next working day.
- 2% Security Deposit Money in the form of FD/TDR should be pledged in favour of the undersigned & has to be deposited by the selected tenderer at the time of Agreement.
- The documents need to be furnished along with application requesting for tender papers are attested copy of up to date GST registration certificate with Pan Card, valid APWD registration, Labour registration certificate, work done certificate with list of Tools & Plants.
- GST as per prevailing Govt. norms is included in the NIT value. Tenderer should quote their rates carefully considering GST or other taxes.
- This Short NIT will form a part of Contract Agreement.
- The undersigned reserved the rights for issuing TD or rejection of any application of Tenderer.

**Director,**
**OKD Institute of Social Change and Development**
**VIP Road, Guwahati**

*-- Janasanyog /C/19777/22*

## नि:शुल्क मोबाइल मेडिकल बस कैंप का शुभारंभ, दे रहा दवा व चश्में




**गुवाहाटी ( नसं )।** जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करने कि जब प्रबल भावना होती है और उसके साथ-साथ जज्बा भी होता है, तो फिर सेवा क्षेत्र का लगातार बेरोकङ्कटोक विस्तार होता चला जाता है। बीडीजी रमेश गोयल सेवा संस्थान की लोटस टीएमटी बार मेडिकल बस सेवा के लिए यह बात बिल्कुल उपयुक्त बैठती है। बीडीजी मेटल एंड पावर लिमिटेड के चेयरमैन तथा सेवा संस्थान के प्रमुख ट्रस्टी रमेश गोयल के नेतृत्व में लोटस टीएमटी बार मेडिकल सेवा पश्चिम बंगाल से प्रारंभ होकर अब असम के गुवाहाटी तक पहुंच चुकी है। निशुल्क स्वास्थ्य जांच आनंदलोक हॉस्पिटल के सहयोग से किया जा रहा है। गुवाहाटी में पहले चार दिनों का मेडिकल कैंप गुवाहाटी मुंसिपल कॉरपोरेशन के नेतृत्व में राउंड टेबल इंडिया (आरटीआई), लेडीज सर्किल इंडिया (एलसीआई) और असम टेक्सटाइल मर्चेंट्स एसोसिएशन (आत्मा) के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा हैं। गुवाहाटी पहुंची मोबाइल मेडिकल बस कैंप का शुभारंभ महानगर के सातगांव स्थित दी स्कॉलर स्कूल के सामने किया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन वार्ड नंबर 59 के पार्षद असीम सैकिया द्वारा किया गया। मेडिकल कैंप में जरूरतमंद लोगों को आई टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, डेंटल टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, ईएनटी टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, पैथोलॉजिकल लैबरेट्री की सुविधा, जनरल ओपीडी, ईसीजी एवं एक्सरे की सुविधा इस मोबाइल मेडिकल बस के भीतर ही उपलब्ध हैं। आयोजकों ने बताया कि 10 फरवरी को चांदमारी पुलिस स्टेशन के सामने, 11 फरवरी को फाटासिल के जीएमसी कॉलोनी स्थित अंबेडकर स्टैचू और 12 को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन स्थित वीआईपी पार्किंग परिसर में आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक दिन इस कैंप में करीब 250 लोगों को निशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही रोगियों की जरूरत के आधार पर दवाइयां एवं चश्मे भी नि:शुल्क दिए जा रहे हैं। शिविर के उद्घाटन के मौके पर जीएम बीडीजी मैटर्स लोटस टीएमटी के महाप्रबंधक अनिर्बान गुप्ता, प्रबंधन मेडिकल बस शिविर संजय गुप्ता, आसाम टेक्सटाइल मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष शुभकरण मालू, सचिव नरेश कुमार कासलीवाल, राउंड टेबल इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रॉबिन अग्रवाल, एरिया वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल, लेडीस सर्कल इंडिया की एरिया चेयरपर्सन वंदना अग्रवाल, वाइस चेयरपर्सन लेडीस सर्कल इंडिया मेघा भर्तियां, चेयरमैन गुवाहाटी सिटी राउंड टेबल 239 अंकित जैन एवम चेयरपर्सन गुवाहाटी सिटी लेडीज सर्किल 159 रेबेका अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। शिविर के पहले दिन सातगांव तथा आसपास के इलाकों के बड़ी संख्या में लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया।

# सीतारमण ने जॉर्जीवा से अगामी जी-20 एफएमसीबीजी बैठक पर की बातचीत

**-बेंगलुरु में आयोजित होने वाली आगामी जी-20 एफएमसीबीजी बैठक पर चर्चा**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) प्रमुख क्रिस्टालिना जॉजीर्वा के साथ आगामी जी-20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स (एफएमसीबीजी) की बैठक को लेकर बातचीत की। वित्त मंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में आईएमएफ प्रबंध निदेशक (एमडी) जॉजीर्वा से बहुपक्षीय फंडिंग एजेंसी से क्रिप्टो-संपत्ति के नियमन के लिए वैश्विक स्तर पर समन्वित दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया। निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को एक के बाद एक ट्विट कर यह जानकारी दी।




मंत्रालय के मुताबिक वित्त मंत्री ने इस महीने के अंत में बेंगलुरु में आयोजित होने वाली आगामी जी-20 एफएमसीबीजी बैठक को लेकर जॉजीर्वा से विचार-विमर्श किया। सीतारमण ने भारत की अध्यक्षता में जी-20 वित्त ट्रैक के तहत होने वाले कई कार्यों के लिए आईएमएफ प्रमुख को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने जॉजीर्वा से कहा कि भारत सभी के लिए एक शांतिपूर्ण, टिकाऊ और समृद्ध दुनिया के लिए बहुपक्षवाद और ग्लोबल गवर्नेंश को मजबूत करने के लिए जी-20 की अध्यक्षता के दौरान नेतृत्व की भूमिका निभाता रहेगा। मंत्रालय के मुताबिक क्रिस्टालिना जॉजीर्वा ने भारत को चुनौतीपूर्ण वैश्विक समय में मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और अर्थव्यवस्था को डिजिटल बनाने में सबसे आगे रहने और खासतौर पर डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में अपनी भूमिका के लिए बधाई दी। जॉर्जीवा ने आईएमएफ और भारत के बीच साझेदारी, एसआरटीटीएसी और दिल्ली में भारत के 50 मिलियन डॉलर के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में क्षमता निर्माण में भारत और आईएमएफ की भूमिका पहले से अधिक मजबूत होगी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने वार्ता के दौरान तुर्किये और सीरिया में भीषण प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता भी व्यक्त की। सीतारमण ने जॉजीर्वा को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीआरएफ, एनडीआरएफएचक्यू और ऑपरेशन दोस्त के तहत चिकित्सा टीमों की तैनाती के माध्यम से भारत के तत्काल समर्थन देने का प्रयास किया। दोनों नेताओं ने इस बैठक में जी-20 देशों के नेतृत्व के माध्यम से सबसे कमजोर और कम प्रतिनिधित्व वाली आवाजों का स्वर बनने की आवश्यकता पर बल दिया। सीतारमण ने जॉजीर्वा को यह भी बताया कि जी-20 वित्त ट्रैक चचाओं में कर्ज मुद्दे सबसे आगे होंगे।

# भारी मात्रा में नगदी बरामदगी के बाद गजराज ग्रुप के मालिक व अकाउंटेंट को ईडी ने दिल्ली बुलाया

**कोलकाता, (हि.स.)।** दक्षिण कोलकाता स्थित मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के घर से थोड़ी दूरी पर मौजूद बालीगंज में गजराज रियल स्टेट ग्रुप के मालिक विक्रम शिकारिया के घर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रातभर तलाशी अभियान चलाकर 1.40 करोड़ रुपये की बरामदगी कर ली है। अब इस कंपनी के मालिक यानी विक्रम और उसके अकाउंटेंट को इसी हफ्ते दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए तलब किया गया है। केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों ने गुरुवार को इस बारे में जानकारी दी है। बताया गया है कि बुधवार दोपहर बाद बालीगंज के पांच /ए अर्ल स्ट्रीट स्थित विक्रम शिकारिया के घर पर छापेमारी की गई थी। जहां गुरुवार सुबह 4:00 बजे तक तलाशी अभियान चलाया गया। 1.40 करोड़ रुपये बरामद हो चुके हैं। ये रुपये कहां से आए, किसने दिए, किस लिए रखे गए थे इस बारे में पूछताछ के लिए विक्रम को अकाउंटेंट के साथ इसी हफ्ते दिल्ली स्थिति ईडी मुख्यालय में तलब किया गया है। उससे सवाल-जवाब होंगे और बयान रिकॉर्ड किया जाएगा।





**तृणमूल के खास हैं विक्रम, कोरोना के समय 40 प्रोजेक्ट को किया पूरा** - नगर निगम के सूत्रों ने बताया है कि विक्रम शिकारिया सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के बेहद खास माने जाते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से भी उनके करीबी संबंध हैं। उनके रुतबे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कोलकाता नगर निगम में बिल्डिंग निर्माण और अन्य प्रोजेक्ट के लिए सालों तक आवेदन पड़े रहने के बावजूद अनुमति नहीं मिलती लेकिन उन्हें वित्त वर्ष 2020-21 में ही कोलकाता में 42 निर्माण प्रोजेक्ट को अनुमति मिल गई थी। जैसे ही महामारी के बाद हालात सामान्य हुए उसके तुरंत बाद उन्होंने काम शुरू कर दिया था और महज दो साल में 42 प्रोजेक्ट उन्होंने पूरा कर दिया है। इनमें से 70 फीसदी काम दक्षिण कोलकाता में हुआ है जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का आवास है। ईडी सूत्रों ने बताया है कि उनके घर से ना केवल रुपये बरामद हुए हैं बल्कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं जिनकी जांच की जा रही है।

# अडानी मुद्दे को लेकर यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों ने गुरुवार को शास्त्री भवन के सामने अडानी मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की ओर से लगाए आरोपों पर संयुक्त संसदीय समिति बनाने की मांग की। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा कि मोदी सरकार अडानी समूह को लगातार लाभ पहुंचा रही है। इस सरकार ने एसबीआई से अडानी समूह को लोन दिलाया। भारतीय जीवन बीमा निगम से केन्द्र सरकार ने अडानी समूह में निवेश कराया है। जब संसद में कांग्रेस इस मुद्दे पर सवाल पूछती है तो मोदी सरकार कोई जवाब नहीं देती। आगे श्रीनिवास ने कहा कि वह केन्द्र सरकार का विरोध करते हुए बक्सा लेकर संसद भवन की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। लोकतंत्र में विरोध करने का अधिकार हर नागारक को है, लेकिन मोदी सरकार इस लोकतांत्रिक हक को जनता से छीन रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सड़क से संसद तक मोदी सरकार को लगातार घेर रही है। बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति बनाने की मांग की थी। वहीं आज कांग्रेस कार्यकर्ता जंतर-मंतर पर महंगाई, बेरोजगारी को लेकर विरोध प्रदर्शन करते नजर आए।

# आईएनएस विक्रांत जून तक होगा ऑपरेशनल, उड़ान परीक्षण चार महीने में पूरे होंगे

**- विमानवाहक पोत के लिए भारत खुद जुड़वां इंजन वाले डेक-आधारित लड़ाकू विमान विकसित करेगा**

**- नौसेना फिलहाल 26 राफेल एम लड़ाकू विमान खरीदेगी, मार्च में सौदे पर हस्ताक्षर होने की संभावना**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आईएनएस विक्रांत के डेक पर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) नेवी और मिग-29 के लड़ाकू विमानों की सफल लैंडिंग के बाद विमानवाहक पोत इस साल के मध्य तक पूरी तरह से ऑपरेशनल हो जाएगा। पिछले साल सितंबर में नौसेना में शामिल किये जाने के बावजूद यह पूरी तरह से चालू नहीं था, क्योंकि इसकी प्राथमिक हथियार प्रणाली, लड़ाकू जेट विमानों ने विमान वाहक पोत के डेक से अपने विमानन परीक्षणों को पूरा नहीं किया था। भारतीय नौसेना के पायलटों ने 06 फरवरी को भारत में निर्मित एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत पर स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान 'एलसीए नेवी' को सफलतापूर्वक लैंड और टेक ऑफ करके 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया। स्वदेश में ही निर्मित लड़ाकू विमान और विमान वाहक जहाज को डिजाइन, विकसित और संचालित करके भारत ने अपनी क्षमता का एक साथ अनूठा प्रदर्शन किया। एलसीए ने आईएनएस विक्रांत डेक से ऐसे समय में संचालन किया, जब विमानवाहक पोत इस साल पूरी तरह से चालू होने के लिए महत्वपूर्ण उड़ान परीक्षणों के बीच में है। आईएनएस विक्रांत को पिछले साल सितंबर में नौसेना में शामिल किया गया था लेकिन अभी तक यह स्वदेशी पोत पूरी तरह चालू नहीं हुआ है। इसलिए अब पोत पर फाइटर जेट लैंड और टेक ऑफ करने के परीक्षण शुरू किये गए हैं, जो 4 माह तक चलेंगे। आईएनएस विक्रांत पर उड़ान परीक्षणों में रूसी मूल के मिग-29के फाइटर जेट शामिल हैं, जो विमान वाहक पोत से उड़ान भरने के लिए स्की-जंप का उपयोग करते हैं। आईएनएस विक्रांत पर फिलहाल 12 मिग-29के तैनात किए जाने की संभावना है लेकिन इस पोत के लिए भारत खुद स्वदेशी जुड़वां इंजन वाले डेक-आधारित लड़ाकू विकसित करेगा। नौसेना ने टीईडीबीएफ विमानों के डिजाइन और विकास के लिए एक मसौदा नोट तैयार किया है। नौसेना इस परियोजना पर रक्षा अनुसंधान विकास संगठन और वैमानिकी विकास एजेंसी के साथ काम कर रही है। टीईडीबीएफ का पहला प्रोटोटाइप 2026 के आसपास तैयार होने की संभावना है और इसका उत्पादन 2032 तक शुरू हो सकता है। चूंकि टीईडीबीएफ अभी भी एक दशक दूर है, इसलिए नौसेना विकल्प के तौर पर 26 लड़ाकू विमानों को खरीदने पर विचार कर रही है। देश के पहले स्वदेशी विमान वाहक 'विक्रांत' से संचालित करने के लिए नौसेना ने राफेल एम का चयन किया है। मार्च में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान इस डील पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।

# दिल्ली की सड़कों से हटाए जाएंगे 54 लाख पुराने वाहन

**अजय त्यागी**



**नई दिल्ली।** अपनी मियाद पूरी कर चुके वाहन अब दिल्ली की सड़कों से हटाए जा रहे हैं। जिन वाहनों की मियाद निकल चुकी है, ऐसे वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए दिल्ली परिवहन विभाग ने यातायात पुलिस व एमसीडी के साथ मिलकर वाहनों के जब्तीकरण का अभियान शुरू किया है। दिल्ली में जनवरी तक करीब 54 लाख वाहन ऐसे हैं जिनकी मियाद पूरी हो चुकी है। राजधानी की सड़कों से ऐसे 54 लाख वाहनों को हटाया जाएगा। गौरतलब है कि दिल्ली में 10 साल पुराने डीजल वाहनों और 15 साल पुराने पेट्रोल, सीएनजी वाहनों को सड़क पर चलने की मंजूरी नहीं है। परिवहन विभाग ने ऐसे वाहनों का डाटा तैयार कर लिया है। राजधानी दिल्ली में करीब 54 लाख वाहन ऐसे हैं जो अपनी मियाद पूरी कर चुके हैं। दिल्ली की किसी भी 60 मीटर से कम चौड़ी सड़क पर कोई ऐसा वाहन खड़ा मिलता है, तो उस पर यातायात पुलिस और एमसीडी कार्रवाई करेगी। प्रवर्तन टीम ने इस संबंध में कार्रवाई भी शुरू कर दी है। 3 दिनों की कार्रवाई में करीब 150 वाहनों को जब्त कर के स्क्रेप करने के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

आपको बता दें सार्वजनिक स्थान पर वाहन खड़ा मिलने पर उसे जब्त किया जाएगा। पुराना वाहन सड़क पर चलते हुए पकड़ा गया तो चालान के साथ उसे जब्त किया जाएगा। 60 मीटर से कम चौड़ी सड़क पर पुराना वाहन खड़ा मिलता है तो उसे भी जप्त किया जाएगा।

# फोन टैपिंग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चित्रा रामकृष्णा को जमानत

**अजय त्यागी**


**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने गोपनीय सूचनाएं साझा करने की आरोपित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व सीईओ चित्रा रामकृष्णा को फोन टैपिंग केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी है। जस्टिस जसमीत सिंह ने जमानत देने का आदेश दिया। फोन टैपिंग से जुड़े सीबीआई की ओर से दर्ज मामले में चित्रा को पहले ही जमानत मिल चुकी है। इस मामले के दूसरे सह आरोपित और मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे को भी हाई कोर्ट दिसंबर 2022 में जमानत दे चुका है।




29 अगस्त 2022 को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने चित्रा रामकृष्णा की फोन टैपिंग मामले में दायर जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद चित्रा ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने 14 जुलाई 2022 को चित्रा की ईडी हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दी थी। इस मामले में ईडी ने मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे और रवि नारायण के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने अपनी जांच के दौरान संजय पांडे से जुड़ी एक फर्म आईसेक सर्विसेज प्रा.लि. के परिसर से कुछ बिल की रसीदें, रिकार्डिंग के नमूने, रिकार्डिंग के मूल टेप और सर्वर के साथ-साथ दो लैपटॉप बरामद किए थे। संजय पांडे पर आरोप है कि उन्होंने 4 करोड़ 54 लाख रुपये लेकर चित्रा की मदद करने के लिए एमटीएनएल के फोन लाइन टैप किए थे। उल्लेखनीय है कि चित्रा रामकृष्णा को एनएसई की गोपनीय सूचनाएं साझा करने के मामले में 6 मार्च 2022 को गिरफ्तार किया गया था।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा- बुलेट ट्रेन परियोजना राष्ट्रीय महत्व की, गोदरेज की याचिका खारिज

**मुंबई, (हि.स.)।** बाम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने विक्रोली में गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी की जमीन के अधिग्रहण को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। गोदरेज समूह ने बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण का विरोध करते हुए 2019 में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश आरडी धानुका और न्यायाधीश एमएम सथाई की खंडपीठ ने इस याचिका पर आज हाईकोर्ट की खंडपीठ ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि अधिग्रहण में कोई अनियमितता नहीं है और परियोजना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।



दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई और अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर लंबी बुलेट ट्रेन परियोजना की घोषणा की थी। यह परियोजना 21 किलोमीटर भूमिगत रहेगी।

इसी भूमिगत सुरंग के प्रवेश बिंदुओं में से एक विक्रोली में गोदरेज के स्वामित्व वाली भूमि आ रही है। इसी वजह से गोदरेज समूह ने इस परियोजना के विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।


# अडानी मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी ने साधी चुप्पी : खड़गे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अडानी समूह पर लगे आरोपों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने चुप्पी साध रखी है। खड़गे ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि बुधवार को उन्होंने संसद में अडानी समूह को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से कई सवाल पूछे थे, लेकिन उन्होंने किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। वे हमेशा से मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। उल्लेखनीय है कि कल खड़गे ने राज्यसभा में मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने हिंडनबर्ग की ओर से अडानी समूह पर लगाए आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग की थी। इस दौरान खड़गे ने सरकार से सवाल पूछा था कि नियमों को ताक पर रखकर अडानी समूह को सरकार लाभ क्यों पहुंचा रही है? उन्होंने कहा था कि अगर सरकार सच सामने लाना चाहती है तो अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए जेपीसी क्यों नहीं गठित कर रही है।



# मिड-डे मिल योजना की फंडिंग पर भी खतरा, सेंट्रल टीम की रिपोर्ट में भ्रष्टाचार का दावा

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के बाद अब स्कूलों में बच्चों के मिड डे मील की फंडिंग भी रोके जाने का खतरा है। इसकी वजह है कि बंगाल में मिड डे मील योजना के मद में आवंटित धनराशि के दुरुपयोग के आरोपों के बीच जांच करने पहुंची केंद्रीय टीम ने अपनी रिपोर्ट में भ्रष्टाचार का दावा किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया है कि बंगाल पहुंची केंद्रीय टीम ने एक सप्ताह तक विभिन्न स्कूलों का दौरा कर जायजा लेने के बाद गत मंगलवार को अपनी जो रिपोर्ट सौंपी है उसमें इस बात का जिक्र किया गया है कि राज्य में मिड डे मील योजना के मद में आवंटित धनराशि का भारी-भरकम दुरुपयोग हुआ है। इस वजह से अब कैग को एक रिपोर्ट भेजी गई है जिसे पश्चिम बंगाल में मिड डे मील योजना के लिए आवंटित धनराशि के ऑडिट के लिए कहा गया है। सूत्रों ने बतायाकि जल्द ही सीएजी राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगने वाली है। हाल ही में वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने एक तस्वीर सोशल मीडिया पर डाली थी जिसमें देखा जा सकता था कि बीरभूम नरसंहार के पीड़ितों को राज्य सरकार की ओर से जो मुआवजा राशि दी गई थी वह मिड डे मील योजना के फंड से भुगतान की गई थी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विभिन्न प्रशासनिक बैठकों का खर्च भी मिड डे मील योजना से भुगतान के आरोप लगते रहे हैं। इसीलिए राज्य सरकार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अगर इस योजना में भ्रष्टाचार उजागर होता है तो संबंधित जिलाधिकारी, बीडीओ और अन्य अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक धाराओं के तहत कार्रवाई भी शुरू हो सकती है। दूसरी ओर राज्य सरकार से केंद्र इस संबंध में जवाब-तलब कर सकता है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में आवास योजना, ग्राम सड़क योजना सहित अन्य केंद्रीय योजनाओं के फंड के दुरुपयोग और नाम बदलने के आरोप ममता बनर्जी की सरकार पर लगातार लगते रहे हैं।



# डीलिस्टिंग पर जनजाति गर्जना, 10 फरवरी को न्याय व अधिकार पाने सड़क पर हुंकार

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश की राजधानी में असूचीबद्ध (डीलिस्टिंग) जैसे अहम विषय को लेकर प्रदेश भर का अनुसूचित जनजाति समाज आंदोलित है। जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा अपने हक में न्याय और अधिकार पाने 10 फरवरी शुक्रवार को राजधानी भोपाल स्थित भेल दशहरा मैदान में असूचीबद्ध गर्जना रैली का महाशंखनाद होगा। जिसमें राज्य के 19 जनजाति बहुल जिलों से ही नहीं बल्कि सभी 52 जिलों से बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति समाज के लोग भोपाल आ रहे हैं। सभी की एक मांग हैं जो मतान्तरित हो चुके हैं, उन्हें आरक्षण की सुविधा से बाहर किया जाए। उल्लेखनीय है कि ऐसे लोग जो जनजाति समाज के हैं लेकिन वह मुस्लिम एवं ईसाई धर्म में अपनी आस्था रखते हैं, ऐसे लोगों को चिन्हित कर आरक्षण की श्रेणी से बाहर करना ही डीलिस्टिंग का मुख्य उद्देश्य है। इस संबंध में जनजातीय सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक कालू सिंह मुजाल्दा का कहना है कि अनेक मतान्तररित लोग दो-दो वर्गों का लाभ ले रहे हैं, अनुसूचित जनजाति के आरक्षण एवं विभिन्न प्रकार के संवैधानिक अधिकारों का लाभ ले रहे हैं। जो संविधान के अनुच्छेद 342 के खिलाफ है। इस अन्याय के विरोध में भोपाल में 10 फरवरी को भव्य हुंकार, डीलिस्टिंग रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें सरकार और प्रशासन तक बात पहुंचाने के लिये लाखों की संख्या में जनजातीय समुदाय अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है। इस मामले में जनजाति सुरक्षा मंच के प्रांत संयोजक कैलाश निनामा कहते हैं कि आरक्षण की सुविधा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए है ना कि मतान्तरित हो चुके लोगों के लिए। भोपाल में 10 फरवरी को होने जा रहे डीलिस्टिंग महाशंखनाद में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे होने जा रहे हैं। इसके लिए प्रदेश के हर जिले से हजारों की संख्या में लोग भोपाल के लिए निकल चुके हैं।

निनामा का कहना यह भी था कि देश की सात सौ से अधिक जनजातियों के विकास एवं उन्नति के लिए संविधान निमार्ताओं ने आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं को प्रावधान किया था, लेकिन इन सुविधाओं को लाभ उन जनजातियों के स्थान पर वे लोग भी उठा रहे जो अपनी जाति छोड़ चुके हैं। जनजाति सुरक्षा मंच देश के राष्ट्रपति महोदय से मांग करता है कि धर्मांतरित लोगों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर किया जाए। क्योंकि ये सभी सरकार द्वारा दिए गए आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं के वास्तविक हकदार नहीं हैं। इसके साथ ही गुरूप्रसाद धुर्वे जिला संयोजक जनजाति सुरक्षा मंच छिंदवाड़ा द्वारा बताया गया कि हमारी प्रमुख मांगे यह हैं-

1. राजनैतिक दल अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित सीट पर धर्मान्तरित व्यक्ति को टिकट नहीं देंगे।
2. धर्मान्तरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति की सूची में से हटाया जाय ।
3. सरकारी नौकरियां पहले से ही कम है, यदि समय रहते धर्मांतरित लोगों को पदच्युत नहीं किया गया तो जनजाति समुदाय को नौकरियों का अवसर कभी नहीं मिल पाएगा ।
4. पुरखों की संस्कृति ही संविधान का हक का आधार है जिन्होंने संस्कृति छोड़ दी, उन्होंने जनजाति पहचान छोड़ दी, अब वे हमारा आरक्षण भी छोड़ दे।
5. अनुसूचित जाति की भांति अनुसूचित जनजाति में भी ईसाईयों और इस्लाम धर्मांतरित सदस्यो की डीलिस्टिंग हो क्योकि ये लोग कानूनन अल्पसंख्यक है, वही रहे।
6. 1970 से डीलिस्टिंग बिल, संसद में लंबित है अब पारित किया जाए।
7. पांच प्रतिशत धर्मांतरित लोग, मूल जनजाति की 70 प्रतिशत नौकरियां, छात्रवृत्ति और विकास फंड हड़प रहे हैं, अर्थात 95 प्रतिशत को मात्र 30 प्रतिशत लाभ ही मिल रहा है, यह अन्यायपूर्ण है।
8. बैकलॉग भर्ती में जनजाति बंधुओं की सीटों को जनजाति बंधुओं से ही भरी जाएं।

इन मांगों के अलावा भी जनजाति सुरक्षा मंच की अपनी अन्य मांगे हैं, जोकि वे विस्तार से मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं संवैधानिक मुख्य पदों पर बैठे अहम लोगों के बीच वे लगातार रख रहे हैं। मध्य प्रदेश में मतान्तरण का खेल किस हद तक खेला जा रहा है, वह इस आंकड़े से भी समझा जा सकता है कि अकेले एक जिला झाबुआ में धर्म परिवर्तन के मामलों पर प्रकाश डालें तो 2011 की जनगणना के मुताबिक 38 हजार 424 आदिवासियों ने ईसाई मत अपनाया, वहीं, 2022 में ये अनुमान करीब 44 हजार को पार कर गया है। जबकि इस मसले पर देश की सर्वोच्च अदालत एतराज जता चुकी है। एवान लांकेई रिम्बाई बनाम जयंतिया हिल्स डिस्ट्रिक्ट के मामले में वह स्पष्ट रूप से कह भी चुकी है कि मतान्तरण करने वालों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 341 में अनुसूचित जाति और 342 में जनजाति के संरक्षण एवं आरक्षण का प्रावधान किया गया था। 1956 में अनुसूचित जाति प्रावधान में डीलिस्टिंग जोड़ दिया गया यानी कोई भी अजा सदस्य अपनी पहचान (हिन्दू) छोड़कर अन्य धर्म मे जाता है तो उसे 341 के सरंक्षण से वंचित होना पड़ता है। बाद में इसमें हिन्दू के साथ सिख और बौद्ध भी जोड़ दिए गए।लेकिन जनजाति मामले में 342 पर अभी तक ऐसा प्रावधान नही जोड़ा गया।इसी का फायदा उठाकर देश भर में मिशनरीज और अन्य ने कन्वर्जन का पूरा तंत्र खड़ा कर लिया है।

# अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट में 10 फरवरी को सुनवाई

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अडाणी समूह के बारे में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मसले पर 10 फरवरी को सुनवाई करेगा। वकील विशाल तिवारी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने जल्द सुनवाई की मांग की थी। जिसके बाद कोर्ट ने 10 फरवरी को सुनवाई करने का आदेश दिया। हिंडनबर्ग रिपोर्ट और अडाणी मामले पर दो याचिकाएं दायर की गई हैं। एक याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि भारत की संप्रभुता के लिए यह आवश्यक है कि इसकी जांच की जाए। याचिका में बड़े कॉरपोरेट घरानों को दिए जाने वाले लोन को स्वीकृति देने के लिए बनाई गई नीति की देखरेख के लिए एक विशेष कमेटी गठित किए जाने की मांग की गई है। दूसरी याचिका वकील मनोहर लाल शर्मा ने दायर की है। याचिका में हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नाथन एंडरसन और भारत में उनके सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की मांग की गई है। मनोहर लाल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर निर्दोष निवेशकों का शोषण और उनके साथ धोखाधड़ी करने के लिए शार्ट सेलर के खिलाफ भी जांच की मांग की है। शर्मा की याचिका में शार्ट सेलर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए निवेशकों को मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है। शर्मा ने याचिका में हिंडनबर्ग के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 120बी और सेबी के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। याचिका में हिंडनबर्ग की भूमिका की जांच किए जाने की मांग की गई है। याचिका में यह सवाल भी पूछा गया है क्या यह सेबी की जिम्मेदारी नहीं थी कि वो शॉर्ट सेलिंग पर रोक लगाए। याचिका में कहा गया है रिसर्च रिपोर्ट के बाद अडाणी के शेयर्स की शॉर्ट सेलिंग हुई। इस वजह से शेयर मार्केट में गिरावट हुई।




# जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्ति को लाभान्वित कराएं : बेबी रानी मौर्य



**झांसी, (हि.स.)।** मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश शासन बेबी रानी मौर्य की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए क्या समस्त अधिकारी अपने विभाग में संचालित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिलाएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी वित्तीय वर्ष 2022-23 पूर्ण होने से पूर्व अपने-अपने विभागों से संबंधित लक्ष्य निर्धारित समय अवधि के भीतर पूर्ण करें। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत जनपद झांसी में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जो भी कार्य शेष रह गए हैं उन्हें शीघ्रता के साथ पूर्ण किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया कि जनपद में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 75 प्रतिशत गोल्डन कार्ड पात्र लाभार्थियों के बनाए जा चुके हैं इसके साथ ही लंबित आवेदनों का निस्तारण ग्रामीण स्तर पर अभियान चलाकर पूर्ण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि सहभागिता योजना में जनपद में 4200 गौवंश गोपालकों को वितरित किए गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जनपद में परिषदीय विद्यालय के बच्चों के आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जनपद में 7000 स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है। साथ ही जनपद के ग्राम भोजला में स्थापित पोषाहार उत्पादन प्लांट स्थापित है जिसका संचालन समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत जनपद के 02 लाख 04 हजार किसानों को इस वित्तीय वर्ष में लाभान्वित किया गया है इसके साथ ही फसल बीमा योजना में खरीफ की फसल के अंतर्गत 3332 किसानों को लाभ प्रदान किया गया है। दैवीय आपदा के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कराकर पात्र लाभार्थियों को उक्त योजना से लाभान्वित किया गया है। जनपद में पत्थर के 102 पट्टे एवं बालू के 21 पट्टे किए गए हैं। झांसी नगर निगम में स्मार्ट सिटी के तहत लक्षित 56 प्रोजेक्ट में से 35 प्रोजेक्ट पर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष 21 प्रोजेक्ट पर कार्य प्रगति पर है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में 10 परियोजनाएं लक्षित है, जिनके माध्यम से 648 ग्रामों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति से आच्छादित किया जाना है जिनमें से 06 परियोजनाओं पर कार्य पूर्ण हो चुका है और इनके माध्यम से जनपद के 65 ग्रामों को वर्तमान समय में पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

# 2800 कक्ष निरीक्षक करेंगे यूपी बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी

**-यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर हुई बैठक में डीआईओएस ने कहा कि परीक्षार्थियों से किसी भी दशा में जूता-मोजा नहीं उतरवाया जाएंगे**



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** 16 फरवरी से होने वाली यूपी की बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में करीब 2800 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी की जिम्मेदारी है कि यूपी बोर्ड परीक्षा पूर्ण रूप से नकल विहीन संपन्न हो। यह बात जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अरुण कुमार दुबे ने यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर हुई बैठक में बताई। उन्होंने आगे बताया कि बोर्ड की परीक्षा के लिए 113 केंद्र बनाए गए हैं। बेसिक से 1057 शिक्षक बाकी माध्यमिक के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि स्ट्रॉग रूम परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले खुलेगा और एक घंटे बाद सील किया जाएगा। स्ट्रॉग रूम की डबल लॉक आलमारी में रखे गए प्रश्न पत्रों को स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में खोला जाएगा। स्ट्रॉग रूम में प्रवेश के लिए एक लॉग बुक रजिस्टर अनिवार्य रूप से रखा जाएगा। परीक्षा केंद्र पर कक्ष निरीक्षक, परीक्षार्थी एवं परीक्षा में लगे हुए कर्मचारियों के पास मोबाइल नहीं होगा। डीआईओएस ने कहा कि परीक्षार्थियों से किसी भी दशा में जूता-मोजा नहीं उतरवाया जाएगा। परीक्षाओं में नकल कराने में जिसकी भी संलिप्तता प्रकाश में आएगी, उसके विरुद्ध एनएसए लगाया जाएगा। हाईस्कूल की परीक्षा में प्रथमवार 20 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की ओएमआर शीट पर कराई जाने वाली परीक्षा का विस्तृत प्रशिक्षण जीआईसी मुरादाबाद के प्रधानाचार्य श्यामा कुमार ने दिया।

# इंडियन नेशनल डिफेंस वर्कर फेडरेशन के 22वें अधिवेशन में निर्विरोध हुआ चुनाव



**कानपुर, (हि.स.)।** इंडियन नेशनल डिफेंस वर्कर फेडरेशन के 22 अधिवेशन का चुनाव गुरुवार को सम्पन्न हुआ। अशोक सिंह अध्यक्ष और श्रीनिवासन महामंत्री समेत अन्य पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। विनोद कुमार तिवारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नवनिर्वाचित प्रत्याशियों का माल्यार्पण कर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुख्य गेट पर जोरदार स्वागत किया गया। इसके साथ ही ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर शैलेंद्र पांडे सचिव व विजय तिवारी को वर्किंग कमेटी सदास्य बनाया गया। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव को परमानेंट इनवैटी सदास्य चुना गया। कोषाध्यक्ष विनोद तिवारी यूनियन के सभी पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त की और बधाई दी। विनोद तिवारी ने बताया कि ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के हित में सदैव कार्य करता रहूंगा। जो भी समस्याएं आएंगी, उसके लिए संघर्ष करूंगा। कर्मचारियों के सम्मान का पूरा ख्याल रखूंगा। फैक्ट्री से युवाओं को आगे करने के लिए फेडरेशन को भी धन्यवाद दिया। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मचारी यूनियन के कार्य समित सदस्य अर्जुन तिवारी, मनीष द्विवेदी, अभिषेक पाल तरुण सिंह, विनोद यादव, अनूप राजपूत, मनोज यादव, बृजेश मिश्र, रितेश श्रीवास्तव, श्याम, तिलक, प्रेमचंद यादव, रमाकांत, शमीम रजा, जगदीश यादव सुनील यादव व राम अवतार यादव मौजूद रहे।

# अमित और राजीव ने ईडी कोर्ट से मांगा समय




**रांची, (हि.स.)।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को पीआईएल मैनेज करने के एवज में कैश लेने के मामले में सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 22 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान इस केस से जुड़े दोनों आरोपित व्यवसायी अमित अग्रवाल और झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने अदालत से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। व्यवसायी अमित अग्रवाल की तरफ से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने अदालत में पक्ष रखा। अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से रांची सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता शंभु अग्रवाल ने पक्ष रखा। ईडी ने पीआईएल मैनेज करने से जुड़े केस में कांड संख्या ईसीआईआर 05/2022 दर्ज की है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ.काका जी कोर्ट में उपस्थित थे।

# हिमाचल के ऊना में आग में झुलसने से बिहार के चार बच्चों की मौत



**दरभंगा, (हि.स.)।** बिहार के चार बच्चों की दर्दनाक मौत आग में झुलसने से हो गई है। यह हादसा हिमाचल के ऊना जिले में हुई है।हादसे के बाद परिवार और इलाके में कोहराम मचा हुआ है। दरभंगा जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के अंब थाना के बणे दी हट्टी में बीती देर रात झोपड़ी में आग लग गई जिसकी चपेट में चार बच्चे आ गए और चारो की झुलसने से मौत हो गई मृतक बच्चों की उम्र करीब 6,7, 14 और 17 साल है।

ये सभी अपने परिवार के साथ हिमाचल में कई सालों से रह रहे थे और बीती देर रात इनकी झोपड़ी में आग लगी गई। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड की दी गई, लेकिन जबतक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक झोपड़ी जलकर खाक हो गई थी और इसकी चपेट मे चार बच्चे आ गए थे। चार में से तीन बच्चें एक ही परिवार के हैं।

**बिहार के दरभंगा जिले के मूलवासी है सभी मृतक** – इस आगजनी में एक ही परिवार के तीन बच्चे जिंदा जल गए। दोनों परिवार बिहार के जिला दरभंगा के रहने वाले है। इस हादसे में रमेश कुमार के तीन बच्चे नीतू कुमारी (14) भोलू(7) शिवम कुमार(6) निवासी गांव नन्दापट्टी बेनीपुर डाकघर अन्टोर थाना बेहरा जिला दरभंगा व सोनू (17) पुत्र कालीदास गांव निवासी पौड़ी डाकराम जिला दरभंगा बिहार के स्थानी निवासी थे। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आग लगने के कारणों की जांच आरम्भ कर दी है हालांकि शुरूआती जांच में आग कैसे लगी इसकी जानकारी नही मिल पाई है। दरभंगा एसएसपी अवकाश कुमार ने बताया कि ऊना पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ने मामलें की पुष्टि की है।

# बांग्लादेशी नागरिक मामले में सपा विधायक इरफान के खिलाफ चार्जशीट दाखिल



**कानपुर, (हि.स.)।** समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी की मुश्किलें घटने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार रात बांग्लादेशी नागरिक मामले में पुलिस ने चार्जशीट लगा दिया। इसके साथ इस मामले के सभी आरोपितों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में चार्जशीट दाखिल की गई हैं। बांग्लसदेशी नागरिक डॉ.रिजवान को भारतीय मूल का प्रमाणपत्र जारी करने के मामले में विधायक इरफान को आरोपी बनाया है। पुलिस कहना है कि विधायक जानबूझकर प्रपत्रों को प्रमाणित किया है। इस मामले में पुलिस ने रिजवान एवं उनके बच्चों और पत्नी के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल किया है। उल्लेखनीय है कि जाजमऊ की नजीर फातिमा के घर में आगजनी मामले में मूलगंज पुलिस ने बांग्लादेश के कुरला निवासी डॉ.रिजवान को और उसकी पत्नी हिना, ससुर खालिद, बेटी रुखसाना तथा दो नाबालिग बेटों को आर्यनगर से 11 दिसम्बर को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए थे। जिसके बाद पुलिस ने उनके खिलाफ धोखाधड़ी, षड़यंत्र रचने, विदेशी विषयक अधिनियम समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया था। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि जांच में इरफान सोलंकी और पार्षद मन्नू रहमान द्वारा बांग्लादेशी नागरिक को पनाह देने और प्रपत्र सत्यापित करने के साक्ष्य मिले हैं। लिहाजा उन्हें आरोपी मानते हुए न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की गई है। वहीं, डॉ. रिजवान की पत्नी हिना पर पासपोर्ट एक्ट और विदेशी अधिनियम एक्ट, ससुर और तीनों बच्चों के खिलाफ विदेशी विषयक अधिनियम से संबंधित चार्जशीट दाखिल की गई है।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव आयेंगे वाराणसी, रात्रि विश्राम के बाद कार्यकर्ताओं के घर जाएंगे



**वाराणसी, (हि.स.)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरुवार दोपहर में वाराणसी पहुंचेंगे। पार्टी अध्यक्ष के स्वागत के लिए कार्यकर्ता पूर्वान्ह से ही बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचने लगे हैं। सपा अध्यक्ष के स्वागत के लिए पार्टी पदाधिकारियों ने जगह-जगह इंतजाम किए गए हैं। पार्टी के स्थानीय नेताओं ने बताया कि अखिलेश यादव वाराणसी से बलिया व गाजीपुर जाएंगे, फिर देर शाम शहर में लौटेंगे और रात्रि विश्राम भी करेंगे। देर शाम पार्टी नेता व कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। अगले दिन 10 फरवरी को पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव के घर जाएंगे। इसके बाद गुरूधाम स्थित जवाहरनगर कॉलोनी में जाकर प्रदीप बजाज को श्रद्धांजलि देंगे और परिजनों से मुलाकात करेंगे। यहां से विवेकपुरम कॉलोनी जाकर रासपा के संरक्षक शशि प्रताप सिंह से मुलाकात करेंगे। फिर बाबतपुर एयरपोर्ट से रवाना हो जाएंगे।

## जेएमएम नेता की गाड़ी पर हुई फायरिंग, गुस्साए समर्थकों ने किया थाने का घेराव




**रामगढ़, (हि.स.)।** रामगढ़-हजारीबाग के सीमावर्ती इलाके पर उरीमारी थाना क्षेत्र में जेएमएम के नेता की गाड़ी पर अपराधियों ने फायरिंग की। इस हमले में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद गुस्साए समर्थकों ने जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया कि जेएमएम नेता सोनाराम मांझी की गाड़ी (जेएच 01 डीएन 1313) पर अपराधियों ने गोली चलाई। बुधवार की रात सोना राम मांझी की पत्नी अपने मायके से ससुराल जा रही थी। इसी दौरान भुरकुंडा थाना क्षेत्र के आगे पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उनकी गाड़ी पर गोली चलाई। गोली पिछले गेट में लगी। अपराधियों ने सोचा था कि उस गाड़ी में सोना राम मांझी है। लेकिन जब उन्हें पता चला कि गाड़ी में सिर्फ उनकी पत्नी है तो फिर वह लोग वहां से फरार हो गए। एसपी ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। इधर सोनाराम मांझी और उनके समर्थकों ने उरीमारी थाना का घेराव कर दिया है। गुरुवार की सुबह से ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थक थाने में मौजूद हैं और भी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## आम के उत्पादन बढ़ाने के तकनीक एवं कीट रोग प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण शुरू

**मोतिहारी, (हि.स.)।** जिले के पिपराकोठी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के सभागार में गुरूवार बामेति के तत्वावधान में आम के उत्पादन बढाने के तकनीक एवं कीट रोग प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो डा.आर.के झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रतिभागी किसानो को संबोधित करते हुए डा. झा ने जलवायु परिवर्त्तन के दौर में आम के उत्पादन तकनीक एवं कीट रोग प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों से प्राप्त ज्ञान को धरातल पर उतारने की जरूरत है।उन्होने कहा कि आम बिहार की सबसे महत्वपूर्ण फल है लेकिन बेहतर प्रबंधन न हो पाने के कारण अच्छी उत्पादन नहीं हो पाती है। आम के बगीचे में कई तरह के रोग एवं कीटो का प्रकोप होता है। जिसके बचाव के लिए वैज्ञानिक प्रबंधनों को अपनाने की जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से डा एस.के वर्मा, डा रामनिवास सिंह, डा एपी राकेश, डा वरुण, डा आरपी प्रसाद, डा नीरज, डा सी मुखीम व संजय कुमार के नाम शामिल है। मंच संचालन डा टीपी महतो व धन्यवाद ज्ञापन डा आर.बी शर्मा ने किया। मौके पर मुख्य रूप से निखिल प्रताप सिंह, नवीन कुमार, सुमन राज भारती बड़ी संख्या किसान मौजूद थे।

## पैक्स अध्यक्ष उमेश सिंह का निधन, पटना एम्स में लिया अंतिम सांसें



**नवादा, (हि. स.)।** नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड के माखर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष उमेश सिंह का निधन हो गया। बुधवार की देर रात एम्स पटना में उन्होंने अंतिम सांसें ली। वे पिछले कुछ वर्षों से लीवर की समस्या से जूझ रहे थे। वह मूलतः माखर पंचायत के रुन्नीपुर गांव के निवासी थे। करीब 5 दिनों पूर्व तबियत बिगड़ने के बाद परिजनों ने उन्हें अपोलो पटना में इलाज के लिए भर्ती कराया था। सुधार नहीं होने पर दो दिनों पूर्व एम्स पटना के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी मौत हुई। स्व. सिंह अकबरपुर प्रखंड पंचायत समिति के सदस्य भी रहे थे।निधन पर सामाजिकराजनीतिक क्षेत्र में शोक कायम हो गया है। भाजपा नेता और पूर्व विधायक अनिल सिंह, भाजपा जिला महामंत्री रामानुज कुमार, समाजसेवी उदय कुमार सिंह, नवादा व्यापार मंडल अध्यक्ष मिथिलेश कुमार उर्फ टुन्नी सिंह आदि ने निधन पर शोक जताते हुए कहा कि उनका असमय चला जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार पार्थिव शरीर को गांव लाया जा रहा है। आज ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन के बाद नवादा जिले में शोक की लहर दौड़ गई है । वे सहकारिता आंदोलन से भी जुड़े हुए थे।

# मुख्यमंत्री व रक्षामंत्री की मौजूदगी में होगा वीरवर लक्ष्मण की प्रतिमा का अनावरण



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज चौधरी चरण सिंह अमौसी एअरपोर्ट के निकट वीरवर लक्ष्मण की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। जी-20 से पहले दुनियाभर से आ रहे निवेशकों को लखनऊ से परिचित कराने के लिए एअरपोर्ट से बाहर लक्ष्मण की प्रतिमा लगाई जा रही है। यह प्रतिमा राजस्थान से मंगाई गयी है। महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्षा मंत्री 2 दिवसीय दौरे पर 09 फरवरी को सायं 04:00 बजे पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद 04:30 बजे एयरपोर्ट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शहीद पथ को एयरपोर्ट से जुड़ने वाले एलिवेटेड फ्लाईओवर, नगराम रेलवे फ्लाईओवर और राजाजीपुरम क्लेवेरलीफ का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के उपरांत सांय 05:15 बजे 5 ए कालिदास मार्ग दिलकुशा आवास के लिए रवाना होंगे। 10 फरवरी को प्रातः 9: 20 पर वृंदावन कॉलोनी जाएंगे और 10:00 से वाल्मीकि मेन हॉल में ग्लोबल इनवेस्टर समिट 2023 के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। शुभारंभ कार्यक्रम के उपरांत कालिदास मार्ग आवास वापस जाएंगे। सांय 4:30 बजे व्यास हैंगर-1 वृंदावन कॉलोनी में आयोजित " एडवांटेज उत्तर प्रदेश-डिफेंस कॉरिडोर " विषय पर आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता करेंगे। सेमिनार के उपरांत सांय 06:05 पर लखनऊ एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे और 06:25 बजे दिल्ली के लिए रवाना हों जाएंगे।

# मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त किया



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बुधवार की आधी रात एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी है और तीन लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। इसके साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य पर कराने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि नोएडा सड़क हादसे में चार लोगों की मौत और तीन लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायत राशि दिए जाने की घोषणा की है।

# जी-20 समिट के लिए रांची को दो हफ्ते में चकाचक करने का फरमान




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड की राजधानी में मार्च के पहले सप्ताह में जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। इसमें नामी-गिरामी हस्तियां रांची आयेंगी। इसको लेकर राज्य के वरिष्ठ अधिकारी लगातार बैठकें कर अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में नगर निगम ने साफ-सफाई को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किये हैं। नगर उपायुक्त शशि रंजन ने आने वाले 15 दिन के अंदर शहर को चकाचक करने का फरमान जारी किया है। साथ ही इसमें कोई लापरवाही ना करने का दिशा-निर्देश भी दिया है। नगर आयुक्त शशि रंजन ने कहा है कि सभी प्रतिनिधियों की सुरक्षा में लापरवाही ना हो और सड़क मार्ग पर भी किसी प्रकार की कोई गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। बताया जाता है कि समिट में आए अतिथि दो हजार जवानों के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। नगर निगम पूरे शहर का कायाकल्प करने में जुटा है। एयरपोर्ट से बिरसा चौक होते हुए होटल रेडिसन ब्लू जाने वाले रास्ते चकाचक होंगे। जी-20 के अधिकारी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक होते हुए बिरसा चौक होते हुए सीधा होटल रेडिसन ब्लू पहुंचेंगे। इस रास्ते के डिवाइडर का रंग रोगन किया जा रहा है। रास्ते में पड़ने वाली दीवारों को भी खूबसूरत पेंटिंग से रंगा जा रहा है। साथ ही बिजली के तार दुरुस्त होंगे। अरगोड़ा चौक- हिंदुस्तानी ढाबा के पास वर्टिकल गार्डन बनेगा। एयरपोर्ट से बिरसा चौक तक एयरपोर्ट की बाउंड्री पर झारखंड की कला संस्कृति को पेंटिंग से दिखाया जायेगा। चौक-चौराहे पर भी सौंदर्यीकरण किया जायेगा। एयरपोर्ट से हिनू चौक तक रोड के किनारे झाड़ी है और बिजली के तार लटके हैं। उसे हटाने के लिए भी कहा गया है। इस रास्ते में कोई भी वाहन और रोड पर दुकान लगाने पर अच्छा खासा जुमार्ना वसूला जायेगा। डीसी राहुल सिन्हा ने बताया कि सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। इसके लिए विशेष रणनीति बनायी जा रही है। उन्होंने अगले 20 दिनों के अंदर पूरे शहर का कायाकल्प करने का निर्देश जारी किया है।

# रक्सौल स्टेशन के समीप युवक को घायल लूट पाट करने के मामले में चार संदिग्ध हिरासत में

**-रक्सौल के मरचा पट्टी से लूट के रुपए व नोट गिनने वाली मशीन बरामद**

**मोतिहारी, (हि.स.)।** रक्सौल रेल स्टेशन के समीप बुधवार की सुबह अपराधियों द्वारा एक युवक को गोली और चाकू मार कर लूट पाट करने की घटना के मामले में रेल पुलिस ने बड़ी कारवाई करते हुए लूटी गई रकम बरामदगी के साथ चार लोगो को हिरासत मे लिया है। वही इस घटना में संलिप्त मुख्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। बताया जा रहा पूरा मामला हुंडी(सटही) कारोबार के एक संगठित गिरोह से जुड़ा है। हालांकि इस पूरे कारवाई को लीड कर रहे रेल डीएसपी पंकज कुमार कुछ भी बताने से परहेज कर रहे है लेकिन मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में रक्सौल के मरचा पट्टी मुहल्ले के एक आवासीय मकान में किरायदार के रूप में रह रहे दो महिला और दो पुरुष को लूट के रुपए और नोट गिनने वाले मशीन के साथ हिरासत में लिया है। बरामद रुपए और हिरासत मे लिये गये लोगो की पहचान और पुष्टि से पुलिस बच रही है। उल्लेखनीय है, कि बीते बुधवार की सुबह रक्सौल रेलवे स्टेशन के समीप अपराधियो ने जिले के ढाका प्रखंड के सोरपनिया गांव निवासी कपिल देव प्रसाद के पुत्र अभय कुमार (28) को गोली और छुरा मार कर उसके पास से मोटी रकम छीन लिया गया था। जिसके बाद रेल एसपी डा.कुमार आशीष के निर्देश पर डीएसपी पंकज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर कारवाई की जा रही है। रेल डीएसपी पंकज कुमार ने बताया है, कि जांच अभी चल ही रही है। गंभीर रूप से घायल पीड़ित के बयान के बाद ही मामले का पूरा डिटेल सामने आ पाएगा। इस घटना को अंजाम देने में कितने अपराधी शामिल थे? असली मामला क्या है? घटना कैसे घटी? लूट गई राशि कितनी थी?इन सब बिंदुओ पर जांच चल रही है। जांच प्रभावित न हो इसलिए अन्य ब्योरा बाद में दी जायेगी।

## संपादकीय

# विपक्ष को दिखाया आईना

"आगा -पीछा देख कर, क्यों होते गमगीन, जैसी जिसकी भावना वैसा दिखे सिन्ध" – काका हाथरसी की ये पंक्तियाँ लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पढ़ी। भारत जोड़ो यात्रा, अडानी को माध्यम बनाकर उनकी सरकार पर लगाए जा रहे आरोप और देशभर में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बीच लोकसभा में प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे इसका इंतज़ार पूरा देश कर रहा था। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में सभी पहलुओं को छूते हुए सभी आरोपों के जवाब दिये और विपक्ष को आईना दिखाया। कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी ने जिस तरह लोकसभा में फोटो लहराते हुए सरकार के ऊपर आरोप लगाये थे, उस पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे बहुत दिनों से इंतजार रहे थे कि कोई मेहनत और विश्लेषण करेगा। लेकिन विपक्ष के नेताओं ने आलोचना का मौका आरोपों से गंवा गया। हर जगह आरोप, गालीगलौज। चुनाव हार जाओ- ईवीएम खराब, चुनाव आयोग को गाली, कोर्ट में फैसला नहीं आया तो सुप्रीम कोर्ट को गाली दे दो"। बीते दिन राहुल गांधी के भाषण के बाद से सब और यही कहा जा रहा था कि कांग्रेस ने राष्ट्रीय महत्व के मंच संसद को भी राजनीतिक आरोप लगाने का स्थान बना दिया। राहुल गांधी ने अडानी के बहाने जितने आरोप लगाए, उनका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं था। इसलिए प्रधानमंत्री का यह कहना उचित ही है कि विपक्ष ने गंभीर आलोचना का अवसर चलताऊ आरोप लगाने में गंवा दिया। वहीं बात करें प्रधानमंत्री मोदी की, तो वे कोई अवसर छोड़ते नहीं। अपने भाषण में उन्होंने यही किया कि कांग्रेस के तर्कहीन और तथ्यहीन आरोपों का जवाब भी दिया और उल्टे विपक्ष को ही कठघरे में खड़ा कर दिया। विपक्षी नेताओं को यह बात समझनी होगी कि उनके नेताओं की अपरिपक्वता के कारण विपक्ष का ही नुकसान हो रहा है। प्रधानमंत्री ने विपक्षी एकता को भी कठघरे में खड़ा किया। उनकी यह बात बहुत गंभीर है कि जिस विपक्ष को चुनाव और नतीजे एक मंच पर नहीं ला पाए, उन्हें प्रवतन निदेशालय एक मंच पर ले आया। प्रधानमंत्री का इशारा घोटालों की जांच की तरफ था। राहुल गांधी अपने आरोपों को लेकर गंभीर नहीं है, यही कारण था कि प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान वे संसद में नहीं थे। जनता इस रवैए को भी देखती है। इसका संदेश यही जाता है कि राहुल गांधी परिपक्व नेता नहीं हैं, वे आरोप लगाते हैं और भाग जाते हैं। न तो अपने आरोपों का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं और न ही आरोपों के उत्तर सुनने में उनकी दिलचस्पी है। विपक्षी नेताओं का यह व्यवहार उनकी सबसे बड़ी कमजोरी बनता जा रहा है। संसद के इस सत्र में विपक्ष ने अडानी ग्रुप पर आये हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर खूब बवाल मचाया। देश के सता पक्ष और विपक्ष को ये समझना चाहिए की देश के किसी उद्योगपति को इस तरह राजनीति में खींचना सही नहीं है। आज के समय में अडानी समूह 23,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार देता है, देश के लिए सामरिक महत्व रखता है। अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए देश के उद्योपतियों को लक्षित करने से देश की साख पर भी प्रभाव पड़ता है और आर्थिक क्षेत्र में एक नकारात्मक वातावरण बनता है। अडानी समूह अगर किसी गैरकानूनी गतिविधि में संलिप्त है तो उसकी जांच करने के लिए जांच एजेंसीयां सक्षम हैं और उनके ऊपर विश्वास करना चाहिए। बहरहाल, सदैव ही समाज को रचनात्मक संदेश देनेवाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण में भी यह किया। प्रधानमन्त्री मोदी ने प्लास्टिक की बोतलों को रिसाइकिल करके बनाई गई जैकेट पहनी थी। उल्लेखनीय है कि भारत की सरकार प्रदूषण कम करने की दिशा में अनेक कदम उठा रही है।

> भारत जोड़ो यात्रा, अडानी को माध्यम बनाकर उनकी सरकार पर लगाए जा रहे आरोप और देशभर में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बीच लोकसभा में प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे इसका इंतज़ार पूरा देश कर रहा था। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में सभी पहलुओं को छूते हुए सभी आरोपों के जवाब दिये और विपक्ष को आईना दिखाया। कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी ने जिस तरह लोकसभा में फोटो लहराते हुए सरकार के ऊपर आरोप लगाये थे, उस पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे बहुत दिनों से इंतजार रहे थे कि कोई मेहनत और विश्लेषण करेगा। लेकिन विपक्ष के नेताओं ने आलोचना का मौका आरोपों से गंवा गया। हर जगह आरोप, गालीगलौज। चुनाव हार जाओ- ईवीएम खराब, चुनाव आयोग को गाली, कोर्ट में फैसला नहीं आया तो सुप्रीम कोर्ट को गाली दे दो"। बीते दिन राहुल गांधी के भाषण के बाद से सब और यही कहा जा रहा था कि कांग्रेस ने राष्ट्रीय महत्व के मंच संसद को भी राजनीतिक आरोप लगाने का स्थान बना दिया।

## अमृत कलश

# अनित्यता का बोध

ऐश्वर्य सत्ता, प्रभुत्वा, रूप और स्वास्थ्य कभी किसी के भी जीवन में स्थिर नहीं रहते। समय के साथ सभी का क्षीण होना तय है। यहां जो भी है सब अनित्य है और प्रत्येक वस्तु कुछ और होने की प्रक्रिया में है। नश्वरता का यह बोध हमें अपने जीवन में भी दिखाई देता है। हम सब परिवर्तन के दौर में हैं। जो हम आज से कुछ साल पहले थे वह आज नहीं है, हमारे विचार भी समय के साथ बदलते रहते हैं। यह बदलाव प्रकृति में भी प्रत्यक्ष दिखता है। कली का फूल बनना और फिर फूल का मुरझाना सब कुछ जीवन के सत्य की ही तरह हैं। इसी कारण हमें जीवन में प्राप्त उपलब्धियों का उत्सव अवश्य मनाना चाहिए, लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि जो कुछ मिला है वह सदा नहीं रहेगा। समय का पहिया हर समय घूमता ही रहता हैं। पद, पैसा और प्रतिष्ठा यदि एक साथ मिल भी जाये तो उनके ऊपर अधिक नहीं इतराना चाहिए, क्यूंकि जब यह सब खो जायेंगे तब बहुत आकुलता होगी और उस समय मन दुखी ही होगा। रूप, बल, स्वास्थ्य और युवावस्था का गर्व भी कालचक्र के साथ बीतता जाता है। सब कालातीत हो जायेंगे और अनचाहे अतिथियों की तरह बीमारियों के साथ वृद्धावस्था आएगी ही। जीवन का मूलमंत्र ही है सदैव साम्यता रखना और किसी भी परिस्तिथि में विचलित न होना। ध्यान रहे कि किसी के साथ ज्यादा आसक्ति न हो जाए। जैसे छोटे बच्चे बड़ी मेहनत एवं लगन के साथ खेल- खेल में ताश का घर बनाते हैं और एक हलकी सी छुअन या हवा का झोंका उस बने- बनाये महल को एक पल में गिरा जाता है, वैसे ही इस जीवन महल को भी एक न एक दिन धराशायी होना ही होता है। यह अनित्यता का बोध बार-बार दोहराने से हमारी सुप्त चेतना जाग सकती है। जो जागृत होकर जीते है उनके जीवन में न कोई तनाव रहता है न ही उन्हें कोई अभाव खलता है। यही समझ एक सुखद एवं सार्थक जीवन का आधार है।

## बोध कथा

# गेहूं के दाने

एक समय की बात है जब श्रावस्ती नगर के एक छोटे से गांव में अमरसेन नामक व्यक्ति रहते थे। अमरसेन बड़े होशियार थे, उसके चार पुत्र थे, जिनके विवाह हो चुके थे और सब अपना जीवन जैसे-तैसे निर्वाह कर रहे थे। परन्तु समय के साथ-साथ अब अमरसेन वृद्ध हो चले थे।पत्नी के स्वर्गवास के बाद उन्होंने सोचा कि अब तक के संग्रहित धन और बची हुई संपत्ति का उत्तराधिकारी किसे बनाया जाये? ये निर्णय लेने के लिये उसने चारों बेटों को उनकी पत्नियों के साथ बुलाया और एक-एक करके गेहूं के पांच दाने दिये और कहा कि मैं तीर्थ पर जा रहा हूं और चार साल बाद लौटूंगा और जो भी इन दानों की सही हिफाजत करके मुझे लौटाएगा उसे तिजोरी की चाबियां और मेरी सारी संपत्ति उसे ही मिलेगी। इतना कहकर अमरसेन वहां से चले गये। पहले बहू-बेटे ने सोचा बुड्ढा सठिया गया है। चार साल तक कौन याद रखता है हम तो बड़े हैं तो धन पर पहला हक़ हमारा ही है। ऐसा सोचकर उन्होंने गेहूं के दानें फेक दिये। दूसरे ने सोचा की संभालना तो मुश्किल है यदि हम इन्हे खा लें तो शायद उनको अच्छा लगे और लौटने के बाद हमें आशीर्वाद दे दें और कहें कि तुम्हारा मंगल इसी में छुपा था और सारी संपत्ति हमारी हो जायेंगी। यह सोचकर उन्होंने वो पांच दानें खा लिये। तीसरे ने सोचा हम रोज पूजा पाठ तो करते ही हैं और अपने मंदिर में जैसे ठाकुरजी को संभालते हैं, वैसे ही ये गेहूं भी संभाल लेंगे और उनके आने के बाद लौटा देंगे।

## तुर्की में जब भूकंप का बड़ा झटका लगा था, तब लोग गहरी नींद में थे

# भूकंप से दहले तुर्की और सीरिया

प्रमोद भार्गव

> भूकंप आने का सिलसिला 6 फरवरी 2023 को सुबह सवा चार बजे से श्याम चार बजे तक चलता रहा। पहला भूकंप 7 .8 तीव्रता का, दूसरा दोपहर 12 बजे 7 .5 तीव्रता का और तीसरा चार बजे 6 की तीव्रता से आया। भूकंप का केंद्र तुर्की का शहर गाजियानटेप था, जो सीरिया से 90 किमी की दूरी पर है। तुर्की में 6034 और सीरिया में 2002 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसके झटके लेबनान और इजरायल में भी अनुभव किए गए। तुर्की में जब भूकंप का बड़ा झटका लगा था, तब लोग गहरी नींद में थे। यहां का एक मात्र हवाई अड्डा तबाह हो गया है। इसका राहत सामग्री पहुंचाने के लिए भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मालट्या की 1663 में बनी ऐतिहासिक येनी मस्जिद मलबे में समा गई है। 1939 के बाद तुर्की में इतनी तीव्रता का भूकंप 84 साल बाद आया है। इसमें 30,000 मौतें हुई थीं।

तुर्की और सीरिया में सोमवार को आए तीन शक्तिशाली भूकंपों ने ढाई हजार से ज्यादा लोगों को धरती के गर्भ में मौत की नींद सुला दिया। अभी भी आठ हजार से ज्यादा लोग भूकंप के झटकों से तबाह हुए घरों के मलबों में कराह रहे हैं। भूकंप आने का सिलसिला 6 फरवरी 2023 को सुबह सवा चार बजे से श्याम चार बजे तक चलता रहा। पहला भूकंप 7.8 तीव्रता का, दूसरा दोपहर 12 बजे 7.5 तीव्रता का और तीसरा चार बजे 6 की तीव्रता से आया। भूकंप का केंद्र तुर्की का शहर गाजियानटेप था, जो सीरिया से 90 किमी की दूरी पर है। तुर्की में 6034 और सीरिया में 2002 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसके झटके लेबनान और इजरायल में भी अनुभव किए गए। तुर्की में जब भूकंप का बड़ा झटका लगा था, तब लोग गहरी नींद में थे। यहां का एक मात्र हवाई अड्डा तबाह हो गया है। इसका राहत सामग्री पहुंचाने के लिए भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मालट्या की 1663 में बनी ऐतिहासिक येनी मस्जिद मलबे में समा गई है। 1939 के बाद तुर्की में इतनी तीव्रता का भूकंप 84 साल बाद आया है। इसमें 30,000 मौतें हुई थीं। भारत के विरोध में तुर्की राम-मंदिर के निर्माण को लेकर अनर्गल प्रलाप करता रहा है। बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्राकृतिक आपदा के संकट से उबरने के लिए शीघ्र राहत सामग्री, एनडीआरएफ और चिकित्सा दल भेजने का ऐलान कर दिया है। आर्थिक संकट से जूझ रहे तुर्की में मृतकों की संख्या 10,000 तक जा सकती है। अमेरिका ने इस भूकंप से होने वाले नुकसान का अनुमान 8287 करोड़ रुपए लगाया है। हालांकि भूकंप की चेतावनी संबंधी प्रणालियां अनेक देशों में संचालित हैं लेकिन वह भू-गर्भ में हो रही दानवी हलचलों की सटीक जानकारी समय पूर्व देने में लगभग असमर्थ हैं। क्योंकि प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले देशों अमेरिका, जापान, भारत, नेपाल, चीन और अन्य देशों में भूकंप आते ही रहते हैं। इसलिए यहां लाख टके का सवाल उठता है कि चांद और मंगल जैसे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने का सपना और पाताल की गहराइयों को नाप लेने का दावा करने वाले वैज्ञानिक आखिर पृथ्वी के नीचे उत्पात मचा



रही हलचलों की जानकारी प्राप्त करने में क्यों नाकाम हैं? जबकि वैज्ञानिक इस दिशा में लंबे समय से कार्यरत हैं। अमेरिका ने तो अंतरिक्ष में ऐसा उपग्रह भी तैनात कर दिया है, जो संभावित भूकंप आने की चेतावनी देने के लिए ही क्रियाशील है। दरअसल दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरण विदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में मानवीय हस्तक्षेप शामिल है। प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। पहले 13 सालों में एक बार भूकंप आने की आशंका बनी रहती थी, लेकिन अब यह घटकर 4 साल हो गई है। अमेरिका में 1973 से 2008 के बीच प्रति वर्ष औसतन 21 भूकंप आए, वहीं 2009 से 2013 के बीच यह संख्या बढ़कर 99 प्रति वर्ष हो गई। यहीं नहीं आए भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है, उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मोन्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोशिमा-नागाशाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर था। जापान और फिर क्योटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चला है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भी भूकंप के मुहाने पर खड़े हैं। भूकंप आना कोई नई बात नहीं है। पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेशिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है, जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया की वजह से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं। भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाशकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगे जितनी कम गहराई से उठेगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। मैक्सिको में सितंबर 2017 में आया भूकंप धरती की सतह से महज 40 किमी नीचे से उठा था। इसलिए इसने भयंकर तबाही का तांडव रचा था। दरअसल सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है।

# मुगल गार्डन से अमृत उद्यान

> वास्तव में हम न पथ से भटके हैं, न हमने पथ बदला है, न मंजिल का पता बदला है, बस नाम ही तो बदला है। हम वहीं पहुंचे हैं, बस मुगल गार्डन को अमृत उद्यान कहना है। वहां के बाग-बगीचे, फूल, भौंरे-तितलियां व फव्वारे वैसे ही होंगे, बस नाम बदल दिया गया है जब कुछ नहीं बदला है, तो फिर नाम क्यों बदला है? दलील यह है कि आजादी के अमृत महोत्सव की धूम के बीच अब हमें गुलामी की मानसिकता से बाहर आकर आज़ादी के अमृत का रसपान करना है। विलियम शेक्सपीयर ने कहा है- नाम में क्या रखा है। सोच कर ही कहा होगा। बनारस को वाराणसी कह दिया, तो क्या बदल गया। साड़ियों में साड़ी तो बनारसी साड़ी ही है। खरीदते समय महिलाएं दुकानदार से बनारसी साड़ी ही मांगती हैं, न कि वाराणसी की साड़ी। परंतु शेक्सपीयर ने जो कहा, उसे ही सही मान लिया जाए, यह भी सही नहीं। उन्हें एहसास नहीं था कि नाम के नाम पर घमासान भी मच सकता है। उन्हें अगर यह एहसास होता, तो ज़रूर कहते कि नाम में बहुत कुछ रखा है। मां-बाप बच्चे का नाम रखने के लिए पंडित जी से सही मुहूर्त पूछ कर नामकरण समारोह मनाते हैं।

हम औरंगज़ेब रोड से डा. एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग पर आए, सेवन रेस कोर्स बदल कर लोक कल्याण मार्ग पर आ गए और अब राजपथ छोड़ कर कत्तव्य पथ होते हुए अमृत उद्यान पहुंचे हैं। परेशान मत होइएगा। वास्तव में हम न पथ से भटके हैं, न हमने पथ बदला है, न मंजिल का पता बदला है, बस नाम ही तो बदला है। हम वहीं पहुंचे हैं, बस मुगल गार्डन को अमृत उद्यान कहना है। वहां के बाग-बगीचे, फूल, भौंरे-तितलियां व फव्वारे वैसे ही होंगे, बस नाम बदल दिया गया है। जब कुछ नहीं बदला है, तो फिर नाम क्यों बदला है? दलील यह है कि आजादी के अमृत महोत्सव की धूम के बीच अब हमें गुलामी की मानसिकता से बाहर आकर आज़ादी के अमृत का रसपान करना है। विलियम शेक्सपीयर ने कहा है- नाम में क्या रखा है। सोच कर ही कहा होगा। बनारस को वाराणसी कह दिया, तो क्या बदल गया। साडियों में साड़ी तो बनारसी साड़ी ही है। खरीदते समय महिलाएं दुकानदार से बनारसी साड़ी ही मांगती हैं, न कि वाराणसी की साड़ी। परंतु शेक्स्पीयर ने जो कहा, उसे ही सही मान लिया जाए, यह भी सही नहीं। उन्हें एहसास नहीं था कि नाम के नाम पर घमासान भी मच सकता है। उन्हें अगर यह एहसास होता, तो ज़रूर कहते कि नाम में बहुत कुछ रखा है। मां-बाप बच्चे का नाम रखने के लिए पंडित जी से सही मुहूर्त पूछ कर




नामकरण समारोह मनाते हैं। पंडित जी द्वारा सुझाए गए नाम ढूंढने के लिए किताबें छान मारते हैं, गुगल की सैर भी कर आते हैं। पर क्या आज तक किसी मां-बाप को अपनी संतान का नाम द से दुर्योधन, र से रावण, क से कंस, श से शूर्पणखा रखते सुना है? काम चाहे कितना ही बदनाम करने वाला हो, पर नाम तगड़ा होना चाहिए क्योंकि बद अच्छा, बदनाम बुरा। गुणी राम में कितने ही अवगुण हो, लायक राम कितना ही नालायक हो, खुशी राम चाहे कितना ही दुखी हो, बुद्धि राम कितना ही मूर्ख हो, नयन सुख भले ही अंधा हो, पर नाम तो बढिया है न। यदि नरेंद्र के साथ मोदी न लगे और राहुल के साथ गांधी न लगे, तो हर कोई पूछेगा कौन राहुल और कौन नरेंद्र। तो फिर नाम में हुआ न बहुत कुछ। परंतु यहां व्यक्तिगत नाम बदलने का मुद्दा नहीं, बल्कि जगहों के नाम बदलने की बात हो रही है। तो सवाल यह है कि कलकता को कोलकाता, बंगलौर को बंगलुरु, मद्रास को चिन्नई, बंबई को मुंबई, गुडग़ांव को गुरुग्राम, पांडीचेरी को पुदुचेरी करके इन शहरों की कौनसी बिगड़ी हुई बात बनी। लेकिन बदलने वालों का दावा है कि यही तो असली नाम हैं जिन्हें बिगाड़ा गया था। सत्य है कि यदि किसी के असली नाम को बिगाड़ कर कुछ और कर दिया जाए तो टीस का बने रहना स्वाभाविक है। अब अगर कुलवीर सिंह बहादुर को कालू बना दिया जाए तो कुलवीर को कुत्ते वाली फीलिंग आ सकती है। चाचा को चाचू कहो या अंकल, रिश्ता तो नहीं बदल जाता। मगर यदि चाचा को चाची या मामा कह दो तो मामला गड़बड़ हो जाएगा। अतः नाम अदला-बदली का मामला इतना सीधा नहीं, बल्कि टेढ़ा और नाज़ुक है। जगह का नाम बदलना है, तो दलील भी होगी और होनी भी चाहिए। दलील यह है कि जिन जगहों की सांस्कृतिक पहचान व गौरवमयी इतिहास को ब्रिटिश या मुगलिया आक्रमणकारियों ने रौंदा है, उन जगहों का नाम तो बदल ही देना चाहिए। इसीलिए इलाहाबाद को प्रयागराज कर दिया गया और फैजाबाद को अयोध्या। कहते हैं इससे एक तो खोई हुई संस्कृति की पुनस्थापना होगी और उधर रामलला भी खुश हो जाएंगे। पर इलाहाबादी अमरूदों का क्या होगा? इनका स्वाद भी क्या बदल कर प्रयागराजी हो जाएगा? क्या शायर अकबर इलाहाबादी अब अकबर प्रयागराजी हो जाएंगे और क्या अब उनकी शायरी का ज़ायका भी प्रयागराजी हो जाएगा? शहर क्या, ज़िले क्या, बदलने वाले तो राज्यों का नाम भी बदलना चाहते हैं। सुना है अहमदाबाद नाम को मिटा कर कर्णावती नाम का नया नगर बसने की संभावना भी है। उस नए नगर से खोई हुई संस्कृति की महक आएगी। खबर है कि पश्चिम बंगाल का नाम बदल कर बांग्ला कर देने का प्रस्ताव भी है और नए-नए नाम से खुशबू-ए-मिट्टी आएगी। हिमाचल प्रदेश में भी नाम बदलने की चर्चा होती रही है। नाम बदलने के पक्ष में दलील है कि लॉर्ड डलहौजी कभी डलहौजी आया ही नहीं और ऊपर से उसने लैप्स जैसी साम्राज्यवादी नीति हम पर लाद दी। ऐसे में डलहौज़ी को बदल कर सुभाष चंद्र बोस के नाम पर सुभाष नगर कर दिया जाना चाहिए। नूरपुर के नाम को भी बदल देना चाहिए क्योंकि इसमें नूरजहां का नूर आ गया है जो मुगलिया हुकूमत की याद दिलाता है। जब शिमला को श्यामला करने की बात आती है तो बात बनती कम और ठनती ज़्यादा दिखती है। होते-वाते बात प्यारी शिमला मिर्च तक पहुंच जाएगी। फिर सब्जी मंडी में बैठा सब्जी बेचने वाले को आवाज देनी होगी- ताज़ी हरी शयामला मिर्च ले लो जी। क्या पता ताज़ा-ताज़ा श्यामला की मिर्च का स्वाद भी कुछ और ही हो जाए। ये तो श्यामला वाले ही जाने। खैर प्रदेश में ये मामले मुल्तवी हो गए। क्यों हुए, ये राज दरबार के राज़दार ही जानें। हमने माना कि नाम, नाम ही नहीं, बल्कि पहचान होती है। नाम की पहचान के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते। लिहाज़ा नाम बदलते समय जनमानस की भावनाओं की कद्र होनी चाहिए। भूलना नहीं चाहिए कि विभिन्न भाषा व संस्कृतियों के ताने-बाने का मेल भी इसी देश की संस्कृति है। नाम ज़रूर बदलिए, मगर तभी यदि सांस्कृतिक गौरव के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि नाम बदलने के अलावा भी ज़माने में करने को बहुत काम है। नाम की अदला-बदली चलती रहेगी, परंतु मैं अपना मज़ा खराब नहीं करूंगा। फिलहाल अमृत उद्यान के फूलों, भौंरों व तितलियों के बीच वही आनंद लूंगा जो मुगल गार्डन में लिया करता था। हां, रह-रह कर मन में यह ख्याल ज़रूर उभरता है- नाम में भी क्या-क्या रखा है, क्या-क्या नहीं रखा है।

## नागरिक बोध

# हरियाणा का विश्वास, कृषि मंत्री जयप्रकाश

लोहारू से विधायक हरियाणा सरकार में कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल आज की राजनीति में जाना- पहचाना नाम है और खासकर ये हरियाणा की राजनीति में एक विशेष स्थान रखते हैं। समाज हित में किए गए कार्यों के लिए जनता की आवाज बने जयप्रकाश दलाल का जन्म 1956 में भिवानी जिले के गांव घुसकानी में हुआ। 1978 में इन्होंने ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की और इसके उपरांत 1986 में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के सुपुत्र सुरेंद्र सिंह के साथ राजनीति में आ गए। 1996 में चौधरी बंसीलाल के साथ उन्होंने हरियाणा विकास पार्टी का गठन करने में अहम भूमिका निभाई। 2004 तक हरियाणा विकास पार्टी के अनेक पदों पर रहकर सामाजिक और राजनीतिक कार्यों को अमलीजामा बनाया। उनका चौधरी बंसीलाल के बेटे सुरेंद्र सिंह के साथ राजनीतिक सफर काफी लंबा रहा। मगर उनकी असमय मृत्यु के बाद वह अकेले पड़ गए और अकेले ही राजनीति के मैदान में लड़ाई लड़ते हुए आगे बढ़े, 2009 में लोहारू से निर्दलीय चुनाव लड़े। मगर 621 वोटों से हार गए। यहीं से उनका सक्रिय राजनीति में प्रवेश आरंभ होता है। जयप्रकाश दलाल 2009 की हार के बाद राजनीति में पूर्णतया समर्पित हो गए और उन्होंने 2014 में समर्थकों सहित भाजपा का दामन थाम लिया। लेकिन उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। 2014 के चुनाव में वह कड़े मुकाबले में फिर से हार गए। इसके बाद 2016 में उन्होंने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का पद संभाला और इस पद पर रहते हुए उन्होंने चौधरी बंसीलाल की तरह 2017 में नहरों के पानी का मुद्दा मुख्यमंत्री जी के सामने रखा और वह हरियाणा के किसानों की आवाज बन गए। 2018 में भाजपा जींद जिला प्रभारी का पद संभाला और किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी बने। इसी दौरान 2019 के चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के टिकट पर लोहारू से चुनाव लड़ा और रिकॉर्ड मतों से जीतकर प्रदेश के कृषि मंत्री बने। भाजपा द्वारा 2022 के आदमपुर उपचुनाव के प्रभारी बनाए गए और अपनी रणनीति से पहली बार पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के गढ़ आदमपुर में उन्होंने भाजपा का कमल खिला दिया और इस जीत के साथ ही उनका नाम राष्ट्रीय राजनीति में बड़े जोर शोर से गूंजने लगा।

## देश दुनीया से

# धुंध भरे इंतजार का एहसास

कल तक जो आपके घर में दूध में पानी मिला कर बेचते थे, उन्हें अगर आज मिलावट के विरुद्ध और कुपोषण के खिलाफ जंग छेड़ते देखते हैं, तो इसका अर्थ यह नहीं कि आपके इलाके में जल संकट गहरा हो गया है, और आपके दूध वाले भय्या जो पहले आपको पानी में दूध मिला कर बेचते थे, अब दूध में भी पानी नहीं मिला पाते। दूध को गाढ़ा करने वाले पाऊडर के दाम बढ़ गये हैं, इसलिए उनके मन में बिना मिलावट दूध बेचने का पुण्य कमाने का जज्बा पैदा हो गया है। आज शायद 'हींग लगे न फिटकड़ी, रंग भी चोखा आए' का नया चलन पैदा हो गया है। अब दूध में पानी मिलाने का झंझट काहे पालना, जबकि इसके विरुद्ध विशुद्ध संस्कृति का नारा लगाने से ही आपकी नेतागिरी की पालकी को किराये के कहार उठा लेते हैं। दाम चुकाओं तो आज क्या नहीं मिल जाता। पहले किराये पर रैलियां सजती थीं, भीड़ जुटती थी, मंच सजते थे, मतदान बूथों के बाहर जाति और धर्म के नाम पर बिके वोटरों की कतारें सजती थी, अब तो बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया में सेंध लग जाती है। आपका व्हाट्सएप बिकने लगा। मोहल्ले में वोट मांगते नेता अब अपने जूते क्यों चटखायें, आपकी चिरौरी करते नजर क्यों आएं? व्हाट्सएप से आपके मन और रुझान की खाना तलाशी करते हुए मनभावन घोषणाओं से अपने वोटरों का मन जीत लें, और राजनीति में वंशवादी परम्पराओं को स्थापित कर लें। बंधु, ज़माना बदल गया है। नई सदी ने नई समझ दे दी है। अब सदियों से पिछड़े हुए इस देश की गुरुतर आबादी को हर समस्या का हल वृहत परिप्रेक्ष्य में करना सीखना होगा। अब समझ की व्याकरण ही न बदलो, अपने नये शब्द कोषों में शब्दों के अर्थ भी बदल डालो। वर्तमान से असंतुष्ट लोगों को अतीत की गरिमा से सराबोर कर दो। आंकड़े बताते हैं कि मिलावटी दूध के कुपथ्य ने पांच साल की उम्र के आधे से अधिक और बारह साल की उम्र तक आधे से कम नौनिहाल मौत के या अपहरण के हवाले कर दिये, तो लोगों को वर्तमान के प्रति असंतोष की ज्वाला में दहकने न दो। बल्कि उन्हें बताओ कि हमारे यहां तो शुद्ध पवित्र वातावरण में कामधेनु गायों के मिल जाने की परम्परा है। इस देश में उसी परम्परा को जीवित करने का महती प्रयास हो रहा है। तब आम के आम और गुठलियों के दाम मिलेंगे। लेकिन बंधुवर, हथेलियों पर सरसों तो नहीं जमायी जा सकती न। देश में अतीत का वैभव लौटाने के लिए इंतजार करना ही होगा। इस देश में कामधेनु और कल्पवृक्ष का युग भी लौट कर आएगा। तब यह जीवन, समाज और गलत भौतिकवादी मूल्यों का गंदलापन छंट जाएगा। इन दिनों का इंतजार करो, तब तुम्हें नहीं कहना पड़ेगा कि 'हर शाख पर उल्लू बैठे हैं, इस चमन का यारो क्या होगा?' फिलहाल इस उजड़ते चमन की सूखी डालियों पर महंगाई, भ्रष्टाचार, नौकरशाही और गाल बजाते मसीहाओं के उलूकनुमा व्यवहार को सहन करो क्योंकि कल तो इन्हीं डालियों पर सोने की चिडिया चहचहाएंगी। देश में सतयुग की वापसी चाहते हो न, तो आज के इस कलयुग और अंधेरनगरी चौपट राजा के माहौल को सहन करो। बड़े बूढ़ों ने भी कहा तो है कि सहज पके सो मीठा होय। इस काल में अगर राम राज्य की वापसी चाहते हो, तो आज इस दानव राज को असाध्य बीमारी की तरह स्वीकार करो। देखो, उच्छृंखलता की निशानी है, यह विशुद्ध संस्कारित समाज की परिभाषा में नहीं आता। बड़े बूढ़े बोले। हमें इन परिभाषाओं को बदलना नहीं है, इनमें संयम, धीरज और अनुशासन के नये अर्थो को स्थापित करना है। फरमाया। उन्हें समझाने की कोशिश कीजिये कि आयातित मूल्यों ने हमारी संस्कृति को इतना गंदला कर दिया है कि अब उसकी विरूपता पहचानी भी नहीं जाती।

> पहले किराये पर रैलियां सजती थीं, भीड़ जुटती थी, मंच सजते थे, मतदान बूथों के बाहर जाति और धर्म के नाम पर बिके वोटरों की कतारें सजती थी, अब तो बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया में सेंध लग जाती है। आपका व्हाट्सएप बिकने लगा। मोहल्ले में वोट मांगते नेता अब अपने जूते क्यों चटखायें, आपकी चिरौरी करते नजर क्यों आएं? व्हाट्सएप से आपके मन और रुझान की खाना तलाशी करते हुए मनभावन घोषणाओं से अपने वोटरों का मन जीत लें, और राजनीति में वंशवादी परम्पराओं को स्थापित कर लें। बंधु, ज़माना बदल गया है। नई सदी ने नई समझ दे दी है। अब सदियों से पिछड़े हुए इस देश की गुरुतर आबादी को हर समस्या का हल वृहत परिप्रेक्ष्य में करना सीखना होगा। अब समझ की व्याकरण ही न बदलो, अपने नये शब्द कोषों में शब्दों के अर्थ भी बदल डालो। वर्तमान से असंतुष्ट लोगों को अतीत की गरिमा से सराबोर कर दो।



# इस्लामिक स्टेट खुरासान की धमकी, भारत–चीन और ईरान दूतावास पर होगा आतंकी हमला, यूएन की रिपोर्ट में खुलासा

**संयुक्त राष्ट्र।**

इस्लामिक स्टेट (खुरासान) ने अफगानिस्तान में भारत, ईरान और चीन के दूतावासों पर आतंकवादी हमले शुरू करने की धमकी दी है। इसके जरिए ये आतंकी समूह तालिबान और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच संबंधों को कमजोर करने की कोशिश में हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेश की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। गुरुवार को सुरक्षा परिषद ने आतंकवादी कृत्यों के कारण अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरे विषय पर एक बैठक की। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएसआईएल (खुरासान) ने खुद को तालिबान के लिए प्राथमिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में तैनात करना शुरू किया है। इनका कहना है कि तालिबान के लड़ाके देश को सुरक्षा प्रदान करने में असक्षम हैं।

पिछले साल जून में भारत ने तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने के बाद दूतावास से अपने अधिकारियों को वापस बुला लिया था। हालांकि, 10 महीने बाद फिर से राजनयिक संबंध बहाल हो गए थे। भारतीय विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में एक भारतीय दल ने काबुल का दौरा भी किया था और कार्यवाहक विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्तकी और तालिबान व्यवस्था के कुछ अन्य सदस्यों से मुलाकात भी की थी।

**रिपोर्ट में और क्या खुलासे हुए** - महासचिव की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अफगानिस्तान में तालिबानी कब्जे के बाद पिछले साल सितंबर में काबुल के रूसी दूतावास पर पहला हमला था। दिसंबर में इस्लामिक स्टेट (खुरासान) ने पाकिस्तान के दूतावास और चीनी नागरिकों द्वारा अक्सर आने वाले एक होटल पर हमले का दावा किया था। रिपोर्ट में कहा गया है, हाई–प्रोफाइल हमलों के अलावा ये आतंकवादी शिया अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। हर रोज शिया अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं। इसके जरिए वह अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार को कमजोर कर रहे हैं।

**हजार से तीन हजार हैं आतंकवादियों की संख्या** - रिपोर्ट के अनुसार, मध्य और दक्षिण एशियाई क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों में इस्लामिक स्टेट खुरासान के करीब एक से तीन हजार लड़ाके हैं। इनमें 200 मध्य एशियाई मूल के हैं। इनकी पूरी संख्या छह हजार के करीब है। ये अब तक मुख्य रूप से पूर्वी कुनार, नंगरहार और नूरिस्तान प्रांतों में केंद्रित थे, लेकिन अब एक बड़ा सेल काबुल और उसके आसपास भी सक्रिय हो गया है। इस्लामिक स्टेट के ये आतंकवादी अब नशे का कारोबार करने लगे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच साल बाद बेनजीर भुट्टो हत्याकांड में होगी सुनवाई, गठित हुई विशेष पीठ




**लाहौर** । पाकिस्तान की पहली महिला प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या के मामले में पांच साल से भी ज्यादा समय के बाद लाहौर हाईकोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस ने बुधवार को इस मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई की तारीख तय की। लाहौर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मुहम्मद आमिर भट्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के मामले में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति सदाकत अली खान और न्यायमूर्ति मिर्जा वकास रऊफ की एक विशेष खंडपीठ का गठन किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेंच 9 फरवरी को इस मामले से जुड़ी आठ याचिकाओ पर सुनवाई करेगी। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह–अध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष आसिफ जरदारी, सभी पांच आरोपियों, दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ और सजायाफ्ता पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। बता दें कि इस मामले में आरोपी दिवंगत पूर्व राषट्रपति परवेज मुशर्रफ के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट लंबित है। हालांकि, 5 फरवरी को उनके निधन के बाद उनके खिलाफ अपील खारिज होने की संभावना है। वहीं पांच आरोपियों में से ऐतजाज, शेर जमां और हसनैन अदालत के सामने पेश होंगे, जबकि अब्दुल रशीद अदियाला जेल में कैद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पांचवां आरोपी रफाकत लापता है। इस मामले में दो पुलिस अधिकारी सऊद अजीज और खुर्रम शहजाद जमानत पर हैं। दोनों को 17 साल कैद और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई थी।

### अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- मुझे देखो तो...,एक दिन पहले ही चीन को सुनाई थी खरी-खरी



**वाशिंगटन** । अमेरिका में 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर कई दिग्गज रेस में हैं। हालांकि, सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या राष्ट्रपति जो बाइडन दोबारा इस चुनाव में खड़े होंगे भले ही बाइडन ने इस बारे में अपनी स्पष्टता जाहिर न की हो, लेकिन उन्होंने यह जरूर कहा है कि वह 2024 में दोबारा चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं, लेकिन उन्होंने इसे बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। बाइडन का यह जवाब, उस सवाल के बाद आया है कि जिसमें उनकी बढ़ती उम्र को लेकर चिंता जताई गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन अब 80 साल के हो चुके हैं। वह अगला चुनाव लड़ेंगे या नहीं, इसको लकर मतदाताओं में चिंता है। ऐसे में इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, अमेरिकियों को स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में उनके प्रदर्शन को देखना चाहिए। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, कल रात स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन के बाद उन्होंने लोगों को यह कहते हुए सना कि बाइडन को देखो, उम्र अब कोई मुद्दा नहीं है। बाइडन ने आगे कहा, मैं पूरी तरह से अमेरिकी लोगों के साथ ईमानदार रहूंगा, अगर मुझे लगता है कि कोई स्वास्थ्य समस्या है, कुछ भी जो मुझे काम करने में सक्षम होने से रोकता है, तो हम इसे देखेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को स्टेट ऑफ द यूनियन एड्रेस के दौरान कोरोना, अर्थव्यवस्था पर बात की।

### ग्रीन स्पेस से बेहतर होती है बच्चों की दुनिया: जापान में बच्चे अकेले स्कूल जाते हैं, स्पेन में परिवार संग ज्यादा वक्त बिताते हैं



**लंदन।** यूनिसेफ ने बच्चों की परवरिश के लिए दुनिया के बेहतरीन देशों की सूची जारी की है। रिपोर्ट में नीदरलैंड्स, स्पेन, जापान, एस्टोनिया और फिनलैंड के नाम सबसे ऊपर हैं। इस रिपोर्ट में सबसे महत्वपूर्ण पैमाना स्वास्थ्य और प्रदूषण है। इन देशों में प्रदूषण का स्तर कम है, जिससे बच्चे स्वस्थ रहते हैं। सभी देशों में पैरेंटल लीव मिलती है। आज हम पड़ताल कर रहे हैं इन देशों की सरकारों और समाज ने ऐसा क्या किया, जिससे ये देश बच्चों की परवरिश के मामले में दुनिया में मिसाल बन गए। जापानी बच्चों में मोटापा और शिशु मृत्युदर दुनिया में सबसे कम है। लंदन में रहने वाली टोक्यो की मामी मैकाग कहती हैं–जापानी शहरों में 6 साल का बच्चा भी अकेले स्कूल आता–जाता है, फिर चाहे वह बस से जाए या ट्रेन से। यहां हत्या जैसे अपराध और सड़क हादसे दुनिया में सबसे कम हैं। लोगों को भरोसा है कि उनका बच्चा सुरक्षित स्कूल और घर पहुंच जाएगा। बच्चों से विनम्र रहना जापानी समाज की संस्कृति है। एस्टोनिया में बच्चों के खाने में पेस्टिसाइड की मात्रा दुनिया में सबसे कम है। शहरों में ग्रीन स्पेस और खेल के मैदान अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन से भी ज्यादा हैं।

# अमेरिकी वीजा के लिए आवेदन करने वालों के लिए अच्छी खबर, बैकलॉग खत्म करेगा अमेरिकी विदेश विभाग

**वॉशिंगटन।**

अमेरिकी वीजा के लिए अप्लाई करने वालों के लिए अच्छी खबर है। अमेरिकी विदेश विभाग ने राष्ट्रपति आयोग की सिफारिशों को लागू कर दिया है। इसमें सुझाव दिया गया था कि वीजा बैकलॉग को खत्म किया जाए। जल्द से जल्द वीजा के लिए इंटरव्यू कराए जाएं। भारत उन देशों में से एक है जहां कोरोनोवायरस से संबंधित यात्रा प्रतिबंध हटाए जाने के बाद अमेरिकी वीजा के लिए आवेदनों में बड़ी तेजी देखी गई है। सिलिकॉन वैली में रहने वाले भारतीय मूल के अजय जैन भूटोरिया ने राष्ट्रपति आयोग के सामने ये मुद्दा उठाया था। इसपर आयोग ने पाया कि वीजा नियुक्ति में देरी से उन छात्रों और आगंतुकों के लिए भारी समस्याएं पैदा हो रही हैं, जिनकी अमेरिका में अध्ययन करने और देश की यात्रा करने की योजना है।

### अकेले जनवरी में एक लाख से ज्यादा आवेदन

आयोग ने सिफारिश की है कि विदेश विभाग को जहां जरूरत महसूस हो वहां आभासी साक्षात्कार की अनुमति देनी चाहिए। इसके लिए दुनिया भर के दूतावासों के कर्मचारियों और अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों से उच्च बैकलॉग वाले दूतावासों में इंटरव्यू आयोजित करने में मदद लेनी चाहिए।

आयोग की सिफारिशों में वीजा नियुक्तियों के लिए भारत के बाहर अमेरिकी राजनयिक मिशन खोलना, अधिक काउंटर रखना और वीजा आवेदनों को संसाधित करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों को तैनात करना भी शामिल है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने इस साल जनवरी एक लाख से अधिक आवेदनों पर कार्रवाई की है। ये एक महीने में उनका उच्चतम और जुलाई 2019 के बाद से किसी भी महीने में सबसे अधिक संख्या है।




### दिसंबर में हुई थी आयोग की बैठक

राष्ट्रपति आयोग ने दिसंबर में इस मसले पर बैठक की थी। इसमें एशियाई अमेरिकियों, मूल निवासी हवाईयन और प्रशांत द्वीपसमूह पर राष्ट्रपति के सलाहकार आयोग ने भारत और पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश जैसे अन्य देशों में वीजा नियुक्ति के समय में बढ़ती देरी को कम करने के लिए कई कदमों की सिफारिश की। जिन दूतावास में ज्यादा बैकलॉग है, वहां अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए। विदेश विभाग नए पूर्णकालिक अधिकारियों/काउंसलर या अस्थायी कर्मचारियों या ठेकेदारों को नियुक्त किया जाए। एशिया में दूतावासों में बैकलॉग को खाली करने के लिए रिटायर्ड काउंसलर अधिकारियों की तैनाती की जाए। स्टेट डिपार्टमेंट दुनिया भर के अन्य दूतावासों के कर्मचारियों का उपयोग ज्यादा बैकलॉग वाले एशियाई के देशों के दूतावासों में कर सकता है।

### क्यों हुई देरी

राष्ट्रपति आयोग की सलाहकार समिति ने ये पाया कि 2012 में राष्ट्रपति बराक ओबामा ने प्रतीक्षा समय को कई महीनों से घटाकर कुछ दिनों के लिए एक ज्ञापन जारी किया था। इसके जरिए सिस्टम में सुधार हुआ था। हालांकि, ट्रम्प प्रशासन ने राष्ट्रपति ओबामा के मेमो को रद्द कर दिया था। इसकी वजह से वीजा नियुक्तियों में देरी होने लगी। अब आयोग ने राष्ट्रपति जो बिडेन को भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, और इसी तरह की स्थिति में अन्य देशों सहित महत्वपूर्ण बैकलॉग वाले देशों के लिए वीजा नियुक्ति प्रतीक्षा समय को अधिकतम 2–4 सप्ताह तक कम करने के लिए सुझाव दिया है। भारत में खासतौर पर बी–1 (बिजनेस) और बी–2 (पर्यटक) श्रेणियों के तहत आवेदन करने वालों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पहली बार वीजा आवेदन करने वालों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। भारत में पहली बार बी–1/बी–2 वीजा आवेदकों के लिए प्रतीक्षा अवधि पिछले साल अक्टूबर में तीन साल के करीब थी। जनवरी में, विदेश विभाग ने न केवल पिछले अमेरिकी वीजा वाले आवेदकों के लिए साक्षात्कार छूट के मामलों की दूरस्थ प्रक्रिया को लागू किया, बल्कि पहली बार आवेदकों के लिए विशेष साक्षात्कार निर्धारित करने और कॉन्सुलर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने सहित कई पहलें भी शुरू कीं।

### नॉर्थ कोरिया की सबसे बड़ी मिसाइल परेडः तानाशाह किम जोंग की मौजूदगी में आईसीबीएम का प्रदर्शन, सॉलिड-फ्यूल मिसाइल का प्रोटोटाइप भी नजर आया

**प्योंगयांग** । नॉर्थ कोरिया में सेना की स्थापना की 75वीं सालगिरह के मौके पर बुधवार को सैन्य परेड का आयोजन हुआ। इस दौरान राजधानी प्योंगयांग में करीब 1 दर्जन इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल प्रदर्शित की गईं। परेड प्योंगयांग के किम इल सुंग स्क्वायर से शुरू हुई। इस दौरान तानाशाह किम जोंग उन पत्नी और बेटी के साथ नजर आए। नॉर्थ कोरियन मीडिया ने परेड की तस्वीरें जारी करते हुए इसे देश की न्यूक्लियर अटैक की क्षमता का सबूत बताया। इन फोटोज में 11 ह्वासोंग–17 मिसाइल नजर आ रही हैं। ये नॉर्थ कोरिया की सबसे बड़ी इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल हैं जो दुनिया में कहीं भी न्यूक्लियर हमला कर सकती हैं। परेड में नई सॉलिड–फ्यूल आईसीबीएम के प्रोटोटाइप भी नजर आए। ज्यादातर देशों की बड़ी बैलिस्टिक मिसाइलों में लिक्विड फ्यूल का इस्तेमाल होता है। इससे मिसाइल लॉन्च में ज्यादा समय लगता है। सॉलिड फ्यूल की मदद से मिसाइल को ज्यादा मोबिलिटी मिल सकती है जिससे लॉन्चिंग में कम समय लगेगा।

# परमाणु ठिकानों की जानकारी के लिए चीन ने पहले भी भेजे थे जासूसी गुब्बारे, अमेरिका ने मांगा भारत का साथ

**वाशिंगटन।**

**अमेरिका के हवाई क्षेत्र में देखे गए चीन के जासूसी गुब्बारे को लेकर पेंटागन ने बड़ा दावा किया है। पेंटागन ने कहा है कि इससे पहले चीनी जासूसी गुब्बारों के चार बार अमेरिकी क्षेत्र के ऊपर उड़ने की घटनाएं हुई हैं। हालांकि, पहले इन गब्बारों की पहचान नहीं की गई थी, लेकिन बाद में खुफिया जानकारी के तहत पता चला कि वे सभी चीनी गुब्बारे थे।**

पैट राइडर ने कहा कि चीन द्वारा जासूसी गुब्बारे का कार्यक्रम कई सालों से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अमेरिका यह जानता है कि चीन इन गुब्बारों को अमेरिका के रणनीतिक स्थलों का सर्वेक्षण करने के लिए भेज रहा था। हालांकि, उन्होंने उस ठिकाने के बारे में नहीं बताया, जहां से चीन इन जासूसी गुब्बारों को लॉन्च कर रहा है।

### परमाणु ठिकानों की जानकारी करने के लिए भेजे गुब्बारे

पेंटागन ने दावा किया हे कि चीन ने हाल ही में जमीन आधारित परमाणु लांचर की संख्या बढ़ाई है। इन खबरों के बीच इस दावे से इनकार नहीं किया जा सकता कि चीन ने अमेरिका के महत्वपूर्ण परमाणु हथियार स्थलों की निगरानी के इरादे से जासूसी गुब्बारों को लॉन्च किया था।



### पांच महाद्वीपों की संप्रभुता का किया उल्लंघन

दूसरी तरह अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने आरोप लगाया है कि चीन ने न केवल अमेरिका बल्कि पांच महाद्वीपों के देशों की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, अमेरिका के पास यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि वह एक चीनी जासूसी गुब्बारा ही था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने भारत और जापान सहित कई देशों को निशाना बनाते हुए जासूसी गुब्बारों का एक बेड़ा संचालित किया है।

### अमेरिका ने मांगा भारत का साथ

इस बीच पेंटागन ने कहा है कि अमेरिका न सिर्फ भारत का सुरक्षा साझेदार बनना चाहता है बल्कि उसकी असाधारण विकास गाथा में उसका प्रमुख साझेदार भी बनना चाहता है। पेंटागन के प्रेस सचिव ने कहा, हम भारत के साथ अपने रक्षा सहयोग पर अधिक जानकारी साझा करने के लिए तत्पर हैं क्योंकि नई पहल आगे बढ़ रही हैं। ये पहल रक्षा बिक्री से रक्षा संयुक्त उत्पादन और विकास में तेजी लाएगी और अमेरिका और भारतीय रक्षा फर्मों के बीच एकीकरण को बढ़ावा देगी।

# न्यूरोसाइंटिस्टों ने हफ्ते भर सुना दिमाग का दर्दः साथ चलती है स्थिरता और बेचैनी; ज्यादा शांति छाई तो बेहोश भी हो सकते हैं

**मास्को।**


हमारे शरीर का सबसे जटिल हिस्सा दिमाग है। दिमाग पढ़ने का सपना सदियों से इंसानों ने देखा है। इसकी बानगी कहावतों और कहानियों में नजर भी आती है। धीरे–धीरे यह सपना पूरा होता दिख रहा है। यूनिवर्सिटी ऑफ पीटर्सबर्ग के न्यूरोसाइंटिस्टों ने एक हफ्ते तक मशीनों के जरिए कई लोगों के दिमाग का दर्द सुना। दिमाग में खूब उथल–पुथल और हलचल देखी। उन्हें एक साथ व्यवस्था और बेचैनी की अवस्था दोनों नजर आई। यूनिवर्सिटी ऑफ पीटर्सबर्ग के न्यूरोसाइंटिस्ट एवनियल ग्हूमैन और मैक्सवेल वैंग कहते हैं- हमारा दिमाग अति स्थिरता और अति अराजकता के बीच में कहीं है। इसी की वजह से हम दुनिया को महसूस कर पाते हैं। इस स्थिरता के स्तर भी अलग–अलग हैं। जैसे अगर हम कोई किताब पढ़ने के बाद किसी दोस्त से बातचीत करते हैं तो हमारा दिमाग सुकून की एक अवस्था से दूसरी अवस्था में चला जाता है। लेकिन, इस बीच दिमाग के अलग–अलग हिस्सों में हलचल होती रहती है। यह शोध करने वाले न्यूरोसाइंटिस्ट बताते हैं- बहुत अधिक बेचैनी की अवस्था तब नजर आती है, जब किसी को दौरा पड़ता है, जबकि दिमाग कि बहुत अधिक स्थिरता इंसान को अचेत भी कर सकती है। वे कहते हैं- दिमाग के पैटर्न को समझने के बाद हम कई मानसिक समस्याओं का इलाज कर सकते हैं। हो सकता है एक दिन ऐसा भी आए जब हम दिमाग को अति पर जाने से रोक सकें और किसी एक केंद्र पर स्थिर कर सकें। न्यूरोसाइंटिस्ट मैक्सवेल वैंग कहते हैं- न्यूरोलॉजिकल बीमारियां कई घंटों और दिनों में विकसित होती हैं। उन्हें समझने के लिए दिमाग को लंबे समय तक सुनना जरूरी है। इसके लिए ऐसे 20 लोगों को चुना गया, जो मिर्गी के इलाज के लिए दिमाग की सर्जरी कराने आए थे। ऑपरेशन से पहले हर मरीज के दिमाग में हफ्ते भर 10 से 15 इलेक्ट्रॉड्स लगाए गए। इससे दिमाग की मैपिंग होने के साथ–साथ सर्जन को यह भी पता चल गया कि दिमाग के किस हिस्से के ट्रिगर होने से मरीज को मिर्गी के दौरे पड़ रहे हैं। दिमाग के उस छोटे हिस्से को हटा दिया गया।



# 2025 तक दुनिया की आधी बिजली खर्च करेगा एशिया, भारत में भी बढ़ी मांग

**बर्लिन।**

भारत में 5.3 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रही बिजली की मांग 2022 में 8.4 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसकी वजह कोविड महामारी के बाद देश की मजबूत रिकवरी रही। साथ ही मार्च से जुलाई तक पड़ी तेज गर्मी। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने बुधवार को अपनी नई रिपोर्ट में यह दावे किए हैं। एजेंसी ने अनुमान जताया है कि साल 2023 से 2025 के बीच भारत में बिजली की मांग 5.6 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2022 देश के लिए बीते 100 साल में सबसे गर्म महीना साबित हुआ। अप्रैल से जुलाई के बीच भी बिजली की औसत मांग 2021 के मुकाबले 14 प्रतिशत अधिक रही। 10 जून को 211 गीगावाट बिजली की मांग का रिकॉर्ड बना। इसके परिणामस्वरूप, मांग की सालाना वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो चीन की 2.6 प्रतिशत वृद्धि से कहीं ज्यादा है। चीन में 2015 से 2019 के बीच 5.4 प्रतिशत की औसत वृद्धि हुई थी। दूसरी ओर, रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले तीन साल यानी 2025 तक दुनिया की आधी बिजली एशियाई देश खर्च करेंगे। इनमें चीन सबसे ऊपर है, जो अकेले 33 प्रतिशत बिजली खर्च करेगा। यह अमेरिका, यूरोपीय संघ व भारत, तीनों द्वारा खर्च की जाने वाली बिजली से अधिक है। एशिया में बिजली की मांग में वृद्धि में भारत और दक्षिण–पूर्वी एशियाई देश भी योगदान देंगे। वर्ष 2022 तक भारत के पास 410 गीगावाट बिजली बनाने की क्षमता थी। इसमें 236 गीगावाट जीवाश्म ईंधन, 52 गीगावाट पनबिजली परियोजनाओं, 115 गीगावाट अक्षय ऊर्जा साधनों और बाकी बिजली परमाणु परियोजनाओं से बनाई जा सकती है। 2030 तक भारत ने 500 गीगावाट बिजली उत्पादन क्षमता गैर–जीवाश्म ईंधन साधनों से बनाने का लक्ष्य तय किया है।



2025 तक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में विश्व की आधी उत्पादन वृद्धि भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया की वजह से होगी। हिस्सेदारी के लिहाज से चीन इसका नेतृत्व करेगा तो भारत सबसे तेज 81 प्रतिशत वृद्धि करेगा। पनबिजली उत्पादन भी भारत ने 2017 से 2021 के बीच 10 प्रतिशत सालाना बढ़ाया है। यह देश 2015 में दुनिया की 25 प्रतिशत बिजली खर्च कर रहा था, लेकिन आईईए के अनुसार 10 साल में यहां की आबादी दुनिया की एक–तिहाई बिजली अकेले खर्च करेगी। महाद्वीप पर विश्व की 20 प्रतिशत आबादी है, लेकिन 2025 तक कुल बिजली में से सिर्फ 3 प्रतिशत का उपभोग होगा।

कोयले और अन्य जीवाश्म ईंधन से बिजली उत्पादन के मुकाबले परमाणु ऊर्जा और पवन व सौर जैसे अक्षय ऊर्जा विकल्पों में वृद्धि तेज होगी। अगले तीन साल में इनसे विश्व को ज्यादा बिजली मिलेगी जो ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन घटाएगा।

## फ्रेंच राष्ट्रपति और जर्मन चांसलर से मिले जेलेंस्की

# जंग जीतने के लिए मांगे फाइटर जेट्स, मैक्रों बोले- यूक्रेन में दांव पर यूरोप का भविष्य

**पेरिस।**

ब्रिटेन में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की देर रात विमान से फ्रांस पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और जर्मन चांसलर ओलफ शोल्ज से डिनर पर मुलाकात की। जेलेंस्की ने रूस को कड़ी चुनौती देने के लिए फ्रांस और जर्मनी से जल्द से जल्द फाइटर जेट्स और बड़े हथियार भेजने का आग्रह किया। राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि फ्रांस जीत, शांति, यूरोप और लोगों को उनके अधिकार दिलाने के लिए यूक्रेन के साथ है। हम यूक्रेन को मदद पहुंचाने के लिए अपनी कोशिशें जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में पूरे यूरोप का भविष्य दांव पर लगा है। रूस जीत नहीं सकता है और न ही उसे जीतना चाहिए। वहीं जर्मन चांसलर शोल्ज ने यूक्रेन को यूरोपीय परिवार का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि जर्मनी ने अब तक यूक्रेन को आर्थिक मदद के साथ ही हथियार और मानवीय सहायता भी पहुंचाई है और जब तक जरूरत पड़ेगी हम यूक्रेन के साथ खड़े रहेंगे।



### मैक्रों के रुख को लेकर परेशान रहें हैं जेलेंस्की

फ्रेंच मीडिया के मुताबिक, जेलेंस्की कई बार जंग और यूक्रेन के प्रति राष्ट्रपति मैक्रों की प्रतिक्रिया को लेकर परेशान रहे हैं। मैक्रों ने जंग शुरू होने के बाद कई बार रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बातचीत की थी। उन्होंने जंग रोकने के लिए किसी भी अंतिम समझौते में रूस के हितों का ध्यान रखने को लेकर भी चिंता व्यक्त की थी। हालांकि, मैक्रों ने पिछले कुछ महीनों में ये साफ कर दिया कि फ्रांस जंग में जीत को लेकर हर तरह से यूक्रेन के साथ है। उन्होंने हाल ही में यूक्रेन की मदद के लिए हल्के टैंक के साथ 12 नए सीजर हॉवित्जर आर्टिलरी सिस्टम देने की घोषणा की थी। वहीं मैक्रों ने कीव को लड़ाकू विमान देने की पॉसिबिलिटी से भी इनकार नहीं किया था। दूसरी तरफ, जर्मनी भी यूक्रेन को लेपर्ड टैंक देने का ऐलान कर चुका है। जर्मनी के डिफेंस मिनिस्टर ने कहा कि पहला टैंक बटालियन अप्रैल तक कीव पहुंच जाएगा। वहीं अमेरिका और ब्रिटेन ने भी कई टैंक और हथियार यूक्रेन भेजने का वादा किया है।

### पेशावर मस्जिद हमले के बाद पाक सुरक्षा बलों की कार्रवाई, टीटीपी के 12 आतंकवादी ढेर

**पेशावर** । पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने आतंकी हमलों में वृद्धि के बाद प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी पाक सुरक्षा बलों ने बुधवार को देश के अशांत पश्चिमोत्तर क्षेत्र में तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 12 आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से सटे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में कार्रवाई के दौरान आतंकवादियों के वाहन को निशाना बनाया गया। टीटीपी के अजहरुद्दीन समूह के आतंकवादियों को सीटीडी टीम द्वारा तब रोका गया, जब वे निकटवर्ती टांक जिले की ओर भाग रहे थे और बाद में हुई गोलीबारी में 12 आतंकवादी मारे गए।

# लोक कल्याण मानव जीवन के लिए सर्वोपरि : राज्यपाल




**जोधपुर, (हि.स.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने युवाओं से अपनी प्रतिभाओं का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के लिए समर्पित करने का आह्वान किया है । उन्होंने कहा है कि अर्जित शिक्षा के माध्यम से लोक कल्याण में अधिक से अधिक भागीदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह करें। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने गुरुवार को जोधपुर में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के 19 वें दीक्षान्त समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन में यह आह्वान किया। राज्यपाल मिश्र ने दीक्षान्त समारोह में दो शोधार्थियों डॉ. मोहम्मद कमाल हुसैन और डॉ. तृप्ति खींची को डी लिट तथा डॉ. शिवसिंह राठौड़ को डी-एससी की उपाधि प्रदान की। कुलाधिपति ने विभिन्न संकायों में वर्ष 2021 में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को स्वर्ण पदक, दानदाता पदक तथा उपाधियां प्रदान की। इनमे 78 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा अन्य पदक प्रदान किए गए। कुलाधिपति ने विभिन्न संकायों में शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधियां प्रदान की। राज्यपाल मिश्र ने उपाधियां एवं पदक प्राप्त सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि सच्ची शिक्षा के मर्म को आत्मसात करते हुए केवल अपने लिए नहीं, बल्कि सबके लिए कल्याण और समाज तथा राष्ट्र की सेवा की भावना से जीवन निर्वाह को धन्य करें। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन को आत्मसात करते हुए स्वयं में आत्मविश्वास जगाते हुए आत्मनिर्भरता, व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास और बहुआयामी प्रतिभाओं को विकसित करने, रोजगार दाता के रूप में व्यक्ति निर्माण के लिए शिक्षा के जरिये सार्थक प्रयासों की जरूरत बतायी। नई शिक्षा नीति में कौशल विकास से रोजगार पर विशेष ध्यान देते हुए ही उच्च शिक्षा में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को पढ़ने वाले विषयों में ही नहीं बल्कि आज के लिए जरूरी सभी क्षेत्रों से जुड़े ज्ञान से पारंगत किए जाने पर जोर दिया गया है। उन्होंने इस उद्देश्य को सामने रखते हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए जोर दिया। उन्होंने सुशासन के संकल्पों को साकार करने की दिशा में कौटिल्य के अर्थशास्त्र को बहुत महत्त्वपूर्ण ग्रंथ बताते हुए इसके अध्ययन का आह्वान विश्वविद्यालय से जुड़े आचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से किया और कहा कि सभी को इसका अध्ययन अवश्य करना चाहिए। यह मानव जीवन के सुशासन की दृष्टि से भी प्रासंगिक और प्रभावी है। राज्यपाल ने जी-20 के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा कई महत्त्वपूर्ण परियोजनाएं बनाने, सालावास को आदर्श गांव बनने 21 लाख की धनराशि से स्मार्ट क्लास रूम बनाने आदि कार्यों की सराहना करते हुए ह्यबैक टू स्कूलह्न कार्यक्रम भामाशाहों के सहयोग से निशुल्क ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन जैसी अहम गतिविधियों को भविष्य में भी जारी रखने का कहा। समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने संविधान की उद्देशिका एवम मूल कर्तव्यों का वाचन किया। उन्होंने संविधान को अपने आचरण एवं व्यवहार पर लाने का आह्वान सभी से करते हुए कहा कि इससे समाज एवं देश विकसित और सुदृढ़ होगा। उन्होंने जय नारायण विश्वविद्यालय में संविधान पार्क को शीघ्र ही मूर्त रूप प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने दीक्षान्त समारोह में छात्रों के मुकाबले छात्राओं की संख्या अधिक होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह शुभ संकेत है जो संदेश देता है कि आने वाले समय में नारी शक्ति हर क्षेत्र में अव्वल स्थान बनाएगी। उन्होंने छात्राओं को बधाई देते हुए छात्रों से कहा कि वे स्पर्धा में आगे रहने के लिए पूरी मेहनत के साथ पढ़ें, सक्षम रहें और आगे बढ़ें। उन्होंने दीक्षान्त के बारे में ह्यपदवीदानह्न शब्द की चर्चा करते हुए इसकी व्याख्या की। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दीक्षान्त समारोह के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी छात्रा-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हऔर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री गहलोत इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे लेकिन विधानसभा सत्र की वजह से वे नहीं आ सके। उनके द्वारा प्रेषित शुभकामना संदेश का वाचन कुलपति ने किया। कुलपति प्रो के. एल. श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन में कुलाधिपति सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए, विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए उपाधि प्राप्त सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और श्रेष्ठ नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए समाज और देश की सेवा का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के अधिष्ठातागण, निदेशकगण, सिण्डिकेट और सीनेट सदस्यगण, शिक्षकगण, अधिकारीगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा के सभी सातों मोर्चा पूरी मुखरता से राजस्थान में भाजपा की ताकत बने : डॉ. पूनियां




**जयपुर, (हि.स.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा किये गए धरना प्रदर्शन को जयपुर में संबोधित करते हुए कहा कि, जिस शान से, शिद्दत से यह झण्डा थामा है, तो झण्डे की शान तभी होती है, जब मजबूत डण्डा होता है, अल्पसंख्यक मोर्चा भी पार्टी का उसी तरीके का डण्डा है जो पार्टी के झण्डे की शान को मजबूती से थामकर रखता है, हमारे सभी सातों ही मोर्चे, युवा मोर्चा हो, महिला मोर्चा हो, किसान मोर्चा, एससी-एसटी मोर्चा, अन्य पिछडा वर्ग यह तमाम मोर्चे आज पार्टी के पूरे राजस्थान में ताकत बने हैं। अल्पसंख्यक मोर्चे को भी इसके लिए बहुत धन्यवाद दूंगा कि आंदोलन के जरिए हम तीन आयामों पर काम करते हैं, हमारे संगठन की विशेष रचना है, रचनात्मक काम के जरिए भी समाज में सामाजिक सरोकारों के जरिए हम बदलाव की बात करते हैं, हम केवल नारे नहीं लगाते हैं, भाजपा सिर्फ नारों की नहीं, भाजपा राजस्थान में आज सरोकारों की पार्टी है, यही कारण है कि कोविड के कालखंड में सबसे ज्यादा सेवा का पराक्रम किसी ने किया तो भाजपा के कार्यकताओं ने किया। जब-जब अवसर आता है, जनहित की बात आती है वो चाहे बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्कूल, स्वास्थ्य चाहे जो भी हों, इन सब मुददे और मसलों पर भाजपा ने मुखरता से आवाज उठाई है, पेपर लीक से लेकर तमाम जितने मुददे हैं, इन सब मुददों को लेकर हमने काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद एवं अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने वास्तविक तौर पर पदमश्री पुरस्कारों का काबिलियत के आधार पर मान बढ़ाया है, आप यदि पदमश्री को देखेंगे तो यह पुरूस्कार ऐसे ही होते थे कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं को मिलते थे, अब मोदी सरकार के शासन में हर बार जयपुर में लगभग दो बार लगातार हमारे मुस्लिम भाईयों को पदमश्री मिलता है, काबिलियत के आधार पर मिलता है। इसलिए पूरे देश में संदेश है कि भारत आज जिस तरीके से तरक्की के रास्ते पर बढ़ रहा है, मुझे लगता है कि राजस्थान में आज भाजपा विपक्ष में है और इस विपक्ष की आवाज को बुलंद रखना है, मैं इतना कह सकता हूं कि 2023 में राजस्थान में सत्ता बदलेगी और दो तिहाई बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एच. खान, प्रदेश महामंत्री हामीद मेवाती इत्यादि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजस्थान में 11 फरवरी को इलाज रहेगा ठप, निजी अस्पतालों की इमरजेंसी भी रहेगी बंद



**जयपुर, (हि.स.)।** राइट टू हैल्थ बिल के कुछ प्रावधानों का लंबे समय से विरोध करते आ रहे निजी अस्पताल संगठन अब इस संपूर्ण बिल के ही विरोध में उतर आए हैं। आंदोलन के लिए गठित चिकित्सकों की ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने 11 फरवरी को प्रातः 8 बजे से 24 घंटे के लिए राज्य के सभी निजी अस्पतालों में संपूर्ण बंद की घोषणा की है। इस बार बंद में अस्पतालों की इमरजेंसी सेवाओं को भी शामिल किया गया है। इस दौरान अस्पताल में पहले से भर्ती मरीजों को ही उपचार मुहैया करवाया जाएगा। गौरतलब है कि बिल में संशोधन के लिए गठित विधानसभा की प्रवर समिति की आगामी बैठक 11 फरवरी को प्रस्तावित है। जिसमें चिकित्सक प्रतिनिधियों से भी सुझाव लिए जाएंगे। माना जा रहा है कि इसी दिन बिल को अंतिम रूप भी दिया जाएगा। राज्य सरकार प्रदेश में कई निजी अस्पतालों को रियायती दर पर जमीनें दे चुकी हैं। सरकार की कई योजनाओं में निजी अस्पतालों को भी शामिल किया गया है। इसके बावजूद राइट टू हैल्थ बिल के विरोध में उक्त सभी अस्पतालों के भी सामने आने की संभावना बताई जा रही है। प्रवर समिति ने 6 चिकित्सकों के दल को सुझाव देने के लिए 11 फरवरी को बुलाया है। इनमें राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.सुधीर भंडारी भी शामिल हैं। निजी अस्पतालों की प्रमुख मांगों में निजी अस्पतालों की इमरजेंसी में इलाज अनिवार्य होगा तो उसका भुगतान कौन करेगा, जिला स्वास्थ्य समिति में ग्राम प्रधान और अन्य स्थानीय प्रतिनिधि होंगे, जो पक्षपाती हो सकते हैं, इससे स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो सकती है जैसे सवाल शामिल है। इसके अलावा राज्य एवं जिला स्वास्थ्य प्राधिकरण में डॉक्टर ही सदस्य हों, शिकायतों की जांच विशेषज्ञ ही करें, सभी प्राधिकरणों में निजी, सरकारी डॉक्टर और पदाधिकारी शामिल किए जाएं, शिकायत निवारण में प्राधिकरण की ओर से अधिकृत किसी भी अधिकारी को भवन या स्थान में प्रवेश करने, तलाशी लेने और जब्ती का अधिकार नहीं होना चाहिए, निशुल्क दुर्घटना आपातकालीन इलाज सिर्फ सरकारी और नामित अस्पतालों में किया जाना चाहिए, मरीजों के कर्तव्यों व जिम्मेदारी भी स्पष्ट की जानी चाहिए, निजी अस्पतालों पर राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ने की प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष बाध्यता नहीं होनी चाहिए जैसी मांगे भी की जा रही है। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष सुनील चुघ का कहना है कि डॉक्टरों की सभी आपत्तियों के बावजूद राज्य सरकार विधानसभा में इस विधेयक को प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध दिख रही है और इसे विधानसभा में पारित करने की योजना बना रही है। इस बिल में कई ऐसी खामियां हैं, जिनसे डॉक्टर आहत और आक्रोशित हैं। राजस्थान को इस बिल की कोई जरूरत नहीं है। सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर भी इसमें शामिल हो सकते हैं। अभी इस पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

# तस्करों को दबोचने के लिए किसी भी हद तक जाएगी पुलिस : बेनाम तोष



**सांबा, (हि.स.)।** पुलिस तस्करों को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं करेगी। तस्कर चाहे नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहे हों या फिर पशु तस्करी इन्हें बख्शा नहीं जाएगा। यह बातें जिला पुलिस प्रमुख सांबा बेनाम तोष ने सांबा में आयोजित पुलिस पब्लिक मीटिंग के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि सांबा को क्राइम और नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस ने अपने प्रयासों को जारी रखा हुआ है। उनकी टीम बेहतरीन ढंग से काम कर रही है। नशा तस्करों को पकड़ा जा रहा है, चोरों को दबोचा जा रहा है जबकि पशु तस्करों को भी पुलिस बख्श नहीं रही। उन्होंने कहा कि तस्कर किसी भी बिल में छिप जाएं सांबा पुलिस उन्हें ढूंढ कर बाहर निकालेगी। पाताल लोक से भी तस्करों को पकड़ा जाएगा। नशे का सामान बेचने वाले सांबा में अपना बोरिया बिस्तर गोल कर लें। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि वे भी पुलिस की इस जारी मुहिम में अपना सहयोग दें और तस्करों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाए। इससे पहले लोगों ने पुलिस के तस्करों के विरुदध्र जारी अभियान को लेकर पुलिस कार्रवाई को सराहा और सांबा को पूरी तरह से अपराध मुक्त बनाने के लिए जिला पुलिस प्रमुख से इसी तरह से कार्रवाई को जारी रखने की अपील की ताकि अपराध, नशा पूरी तरह से खत्म हो सके। उन्होंने चोरों के विरुद्ध अभियान को और तेज करने की अपील की ताकि चोरियों को बरामद किया जा सके और लोगों का चोरी हुआ सामान उन्हें वापिस दिलवाया जा सके।

# रावी दरिया में खनन कर रही दो बड़ी मशीनों के अलावा चार वाहन जब्त

**सांबा, (हि.स.)।** जिला खनिज अधिकारी राजिंदर सिंह के नेतृत्व में खनन विभाग और कठुआ पुलिस की एक संयुक्त टीम ने आज अवैध खनन में शामिल 2 बड़ी मशीनों और 4 वाहनों को जब्त किया है। स्थानीय लोगों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई करते हुए और उपायुक्त कठुआ राहुल पांडेय के निर्देश पर संयुक्त टीम ने रावी नदी, सहार खड्ड में कार्रवाई की और मशीनरी जब्त की। डीएमओ ने बताया कि उल्लंघनकताओं द्वारा कुल 2100 मीट्रिक टन कच्चा माल उत्खनन कर स्थानों से उठाया है। बिना वैध दस्तावेज के कोई भी वाहन नाले, नदियों, स्टोन क्रशर और अन्य खनन स्थलों से कच्चे या तैयार खनिजों का परिवहन नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी सामग्री को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए स्वीकृत ई-चालान की आवश्यकता होती है। इस बीच खनन विभाग के कुछ अधिकारी भी खनन स्थलों की पहचान के लिए रावी नदी पहुंचे और उन्होंने पाया कि कठुआ जिले के अधिकार क्षेत्र में पंजाब की तरफ से अवैध खनन किया गया है। जब्त किए गए सभी वाहनों में 2 एक्सकवेटर और 4 वाहनों को जब्त करते हुए नियमों के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित क्षेत्र की पुलिस को सौंप दिया गया।

# जन जन तक पंहुचाएंगे नफरत छोडो भारत जोड़ो का संदेश : बौहरा



**धौलपुर, (हि.स.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर गुरुवार को धौलपुर जिले के राजाखेडा विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस के हाथ से हाथ जोडो अभियान के तहत पदयात्रा एवं आमसभा का आयोजन किया गया। राजस्थान कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं राजाखेडा विधायक रोहित बौहरा ने 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान का आगाज गुरुवार सुबह राजाखेड़ा चौकी से किया। राजाखेडा से शुरू हुई यात्रा नागर चौराहा,आम का पुरा,सामलिया पुरा,मछरिया एवं अन्य इलाकों से होती हुई पहाडी के पीतमगिरि बाबा मंदिर पर संपन्न हुई। राजाखेडा से शुरू हुई हाथ से हाथ जोडो यात्रा में बडी संख्या में कांग्रेसी एवं ग्रामीण शामिल हुए। पहाडी मरैना में आयोजित जन सभा में राजाखेडा विधायक रोहित बौहरा ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी के 'नफरत छोड़ो भारत जोड़ो' के संदेश का जन-जन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान का आगाज किया गया है। आज देश में नफरत और तनाव का माहौल है। आवश्यकता है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सच्चाई के मार्ग पर चलने की और देश में भाईचारे की भावना को मजबूत करने की। उन्होंने कहा कि जिले में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 26 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। यह जन संवाद का कार्यक्रम कांग्रेस की रीति और नीति को जन जन तक पहुंचाने का काम करेगा। बौहरा ने कहा कि पदयात्रा में क्षेत्रवासियों का मिल रहा भरपूर समर्थन इस बात का गवाह है कि देश की जनता प्रेम, भाईचारा एवं विकास चाहती है। यह जनता भाजपा की नफरत की राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करने वाली। हम सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं एवं राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने की इस लड़ाई में भागीदार बनें। विधायक बौहरा ने कहा कि कांग्रेस के राज में राजाखेडा समेत जिले में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। विकास की यह यात्रा आगे भी जारी रहेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता का विस्तार प्रारूप यह कार्यक्रम 25 मार्च तक सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में चलाया जाएगा। अभियान के दौरान कार्यकर्ता और पदाधिकारी मतदाताओं के घर-घर जाकर राज्य सरकार की योजनाओं और कांग्रेस की विचारधारा के बारे में बताएंगे और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जो संदेश राहुल गांधी ने आम लोगों को दिया गया था वह संदेश हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत घर-घर पहुंचाया जाएगा। पद यात्रा एवं आमसभा में राजाखेडा नगर पालिका के चेयरमैन वीरेन्द्र जादौन, पूर्व चेयरमैन अजब सिंह, जिला प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल सिंह,राजाखेडा पंचायत समिति के पूर्व उप प्रधान राजकुमार तोमर, राजाखेडा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, मनियां ब्लाक अध्यक्ष राजेन्द्र पोरसवाल एवं युवक कांग्रेस नेता रवि सिकरवार समेत अन्य पदाधिकारी तथा बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जे.के.टी.जे.ए.सी. की प्रतिनिधिमंडल ने जेडईओ चिनैनी से मुलाकात कर उठाये शिक्षकों के मुद्दे

**उधमपुर, (हि.स.)।** जम्मू कश्मीर टीचर्स जाइंट एक्शन कमेटी (जे.के.टी.जे.ए.सी.) का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष लेख राज परिहार और जोनल अध्यक्ष एजाज अहमद वानी के नेतृत्व में जैडईओ चिनैनी रणधीर सिंह से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। जोनल शिक्षा अधिकारी के साथ बातचीत करते हुए लेख राज परिहार ने शिक्षक ग्रेड-टू की वरिष्ठता सूची को अद्यतन करने सहित जोन चिनैनी के शिक्षकों के वास्तविक मुद्दों को उठाया। उन्होंने शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाओं को अद्यतन करना, मिड डे मील का बकाया जारी करना, जिसे शिक्षकों ने अपनी जेब से प्रबंधित किया है, पीएफएमएस संचालन में शिक्षकों को होने वाली कठिनाइयों आदि समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जोनल शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को को काफी धैर्य से सुना और जेकेटीजेएसी नेतृत्व द्वारा उठाए गए प्रत्येक मुद्दे का निवारण करने का आश्वासन दिया। इस बीच जेकेटीजेएसी नेतृत्व ने स्कूलों के सुचारू कामकाज में जेडईओ कार्यालय को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और उनके मुद्दों के शीघ्र निवारण की उम्मीद की। प्रतिनिधिमंडल में मौजूद अन्य सदस्यों में राजिंद्र सिंह कटोच, ओंकार चंद, शंकर सिंह, शब्बीर अहमद, रंजीत सिंह, बशीर अहमद, कुलदीप सिंह, संजीव चंद, निशात हुसैन, करतार शर्मा, दर्शन कुमार, जगदीश शर्मा, विशम्बर सिंह, सुभाष सिंह, जय प्रकाश, नरेंद्र डोगरा, राज सिंह, मनोहर लाल, रवि कुमार, मोहिंद्र सिंह, रणजीत सिंह, अशोक कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, संसार चंद व अन्य शामिल थे।

# इनेलो का 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**सिरसा, (हि.स.)।** इनेलो के जिला कार्यालय में चल रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज समाप्त हो गया। तीन दिन तक चले इस शिविर में इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला की 24 फरवरी से शुरू होने वाली परिवर्तन यात्रा को लेकर युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन सुबह के वक्त योगाचार्य सुरेश तायल ने युवाओं को योगाभ्यास तथा विभिन्न आसन करवाए और बताया कि योग करने से हमारा शरीर निरोग बनता है। योग के माध्यम से एकाग्रता बढ़ती है। शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। इसलिए हमें नियमित रूप से योगासन्न करना चाहिए। संगठन मंत्री श्याम सिंह राणा ने यात्रा के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दे जैसे, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महिला विरूद्ध अपराध के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ नेता प्रकाश भारती ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार नियम विरूद्ध कार्य कर रही है। सरकार की गलत नीतियों से भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। महंगाई व बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे यात्रा के दौरान लोगों को सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत करवाएं और बताएं कि इस सरकार ने देश की सभी संस्थाओं को निजी हाथों में सौंपने का काम किया है। आज देश में एयरपोर्ट, रेलवे, पेट्रोल कंपनियों को निजी हाथों में सौंपा जा चुका है जिसका खामियाजा जनता को उठाना पड़ेगा।

सरकार ने सत्ता में आने से पहले काला धन वापस लाने का दावा किया था, मगर अब यह दावा खोखला साबित हो गया है। सरकार हर बार झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रही है। इन बातों को यात्रा के दौरान जनता के बीच रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि अभय सिंह चौटाला भ्रष्ठाचार, बेरोजगार सहित अन्य मुद्दों को लेकर 24 फरवरी से पद यात्रा शुरू कर रहे हैं। 215 दिन तक चलने वाली यह पद यात्रा नूंह से शुरू होगी। यात्रा को देखते हुए ही कार्यकताओं को तीन दिन तक प्रशिक्षण दिया गया है।

# सिख कैदियों की रिहाई पर प्रदर्शनकारियों पर छोड़ी पानी की बौछार...



**मोहाली(ईएमएस)।** जेलों में बंद सिख कैदियों की रिहाई को लेकर प्रदर्शनकारियों को सीएम मान के चंडीगढ़ के आवास की ओर बढ़ने से रोकने के लिए पानी की बौछार के बाद प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हो गई, जिसमें करीब 30 पुलिसवाले घायल और अनेक वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदर्शनकारियों को मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने चंडीगढ़-मोहाली सीमा के पास बाड़ लगा दिए थे। जब प्रदर्शनकारियों ने बाड़ तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की, तो चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने पानी की बौछार करने वाली एक गाड़ी, एक वज्र, पुलिस के दो वाहनों, एक दमकल गाड़ी और कुछ अन्य वाहनों को तलवारों और लाठियों से क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी बहस और हाथापाई हुई। पथराव भी हुआ। उन्होंने बताया कि झड़प में त्वरित कार्रवाई बल समेत करीब 25-30 कर्मियों को चोटें आई हैं। चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कहा कि घटना में शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। कौमी इंसाफ मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास जाना चाहते थे। मांगों में सिख कैदियों की रिहाई भी शामिल है। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि सजा पूरी होने के बावजूद वे विभिन्न जेलों में बंद हैं। पंजाब के विभिन्न हिस्सों से लोग सात जनवरी से चंडीगढ़-मोहाली सीमा के पास वाईपीएस चौक पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। डीजीपी रंजन ने कहा कि चंडीगढ़ में सीआरपीसी की धारा 144 लागू होने के कारण पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शहर में कोई विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी है।

# गैंगस्टर विक्की गौंडर के पिता ने की आत्महत्या



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब पुलिस के साथ एनकांउटर में मारे गए गैंगस्टर विक्की गौंडर के पिता ने रेलगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शिनाख्त के बाद लाश को परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है कि गौंडर के पिता ने आत्महत्या की है या फिर उनकी हत्या करके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है। हरजिंदर सिंह भुल्लर उर्फ विक्की गौंडर कभी डिस्कस थ्रो का बेहतरीन खिलाड़ी हुआ करता था। मुक्तसर जिले के सरांव बोदला गांव के रहने वाले हरजिंदर भुल्लर ने वर्ष 2008 में अपराध की दुनिया में कदम रखा था। करीब दस साल तक अपराध की दुनिया सक्रिय विक्की गौंडर एनकांउटर में मारा गया था। इस बीच पुलिस को गौंडर के पिता का शव मलोट श्रीगंगानगर रेलवे ट्रैक पर मिला। जिसकी शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक मोर्चरी में रखा गया था। देर रात उसकी पहचान मृतक गैंगस्टर विक्की गौंडर के पिता महल सिंह निवासी सरावा बोदला के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# ई-टेंडरिंग के विरोध में सरपंचों ने उपमुख्यमंत्री के नाम दिग्विजय चौटाला को सौंपा ज्ञापन

**सिरसा, (हि.स.)।** ई-टेंडरिंग के विरोध में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के निवास के नजदीक पड़ाव डाले सरपंचों से मिलने दिग्विजय चौटाला पहुंचे और उन्होंने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नाम संबोधित सरपंचों का ज्ञापन लिया। ज्ञापन लेने के बाद दिग्विजय चौटाला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरपंचों की मांगों सरकार को भी सुनना चाहिए। इस दौरान सरपंचों ने दिग्विजय से कहा कि हम आपके पास आना चाहते थे लेकिन बेरिकेट्स लगाकर रोक दिया गया। इस पर दिग्विजय ने जवाब देते हुए कहा कि मैं आपके लिए खीर बनाकर बैठा था। यहां बेरिकेट्स हो सकते हैं, वहां नहीं हैं। दिग्विजय ने सरपंचों को कहा कि वे उनके साथ है। आप चाहें तो अभी घर आए। इसके बाद सरपंचों ने दिग्विजय को ज्ञापन सौंपा। सरपंच एसोसिएशन के जिला प्रधान जसकरण कंग व उप प्रधान संतोष बेनीवाल ने कहा कि दिग्विजय को ज्ञापन सौंपने से उम्मीद बंधी है कि सरपंचों की मांग विधानसभा के बजट सत्र में मांग उठेगी। उम्मीद है कि हमें हक मिलेगा। इसके बाद सरपंचों का प्रतिनिधिमंडल बिजली मंत्री रणजीत सिंह के आवास पर पहुंचा लेकिन बिजली मंत्री के न मिलने पर उनके पीए को ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद किसानों का प्रतिनिधिमंडल मंडी सिरसा के विधायक गोपाल कांडा को ज्ञापन देने श्री बाबा तारा कुटिया कार्यालय पहुंचे। विधायक की गैर मौजूदगी में उनके भाई गोबिंद कांडा ने ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया कि सरपंचों की मांग को विधायक गोपाल कांडा सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# केंद्र व राज्य सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के प्रयासरतः जेपी दलाल

**जींद, (हि.स.)।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की कोशिश है कि किसान की आय बढ़े। इसके लिए सरकार कृषि के क्षेत्र में नित्त नई योजनाएं बना रही है। बेमौसमी बारिश के कारण पिछले वर्ष दो लाख एकड़ जमीन बिजाई के बिना रह गई थी। सरकार ने इसके लिए 1200 करोड़ रुपये मंजूर किए ताकि इस राशी से खेतों का पानी ट्यूबवैलों के माध्यम से निकलवा कर इनमें बिजाई का कार्य शुरू करवाया जा सके। कृषि मंत्री दलाल गुरुवार को सफीदों नगर के हाट रोड स्थित जीपीसी बायोकेयर में जैविक कृषि एवं किसान उत्थान के लिए जैविक संयंत्र एवं किसान पाठशाला को संबोधित कर रहे थे। मंत्री दलाल ने कहा कि प्रदेश की करीब एक लाख एकड़ जमीन सेम के कारण खराब थी और किसान उसमें फसल नहीं लगा पा रहे थे और किसानों के चेहरे पर मायूसी थी। किसान इस जमीन में से एक रुपये की भी आमदनी नहीं कर पाते थे। सरकार ने किसानों के दर्द को समझा और 25 हजार ट्यूबवेल लगवा कर सेमग्रस्त जमीन में से पानी निकलवाकर जमीन को ठीक करवाया। उन्होंने कहा कि सूबे की करीब छह-सात लाख एकड़ जमीन ऐसी हैए जिसका पानी खारा है। खारे पानी में फसलें बहुत कम हो पाती है। सरकार ने इस जमीन में उत्पादन के हरसंभव प्रयास किए। दक्षिण भारत के हैदराबाद में पता चला कि वहां पर खारे पानी में झींगा मछली का उत्पादन होता है। सरकार ने वहां की तकनीक का अध्ययन करके हरियाणा प्रदेश के खारे पानी के खेतों में झींगा मछली का उत्पादन करवाया। झींगा मछली के उत्पादन से किसान बेहद अच्छा मुनाफा कमा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि वे भी किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं और किसानों का दर्द भली प्रकार से समझते हैं। किसान के नाम पर राजनीतिक दल राजनीति करते हैं और व्यापारी किसान के माध्यम से आमदनी करके रातोरात मालामाल हो रहे हैं लेकिन किसान आज भी कहीं ना कहीं फटेहाल है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में गौभक्त सरकार है और गौवंश की सुरक्षा व संर्वधन के लिए दिन-रात एक करके कार्य कर रही है।




# अब डिज्नी में होगी छंटनी : डिज्नी अपनी वर्कफोर्स में से 7000 एम्प्लॉइज को निकालेगी, कॉस्ट कटिंग के चलते लिया यह फैसला

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका की दिग्गज मास मीडिया एंड एंटरटेनमेंट कंपनी वॉल्ट डिज्नी ने छंटनी की अनाउंसमेंट की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डिज्नी ने कॉस्ट कटिंग करने और अपने स्ट्रीमिंग बिजनेस को प्रॉफिटेबल बनाने के प्रयास के तहत अपनी ग्लोबल वर्कफोर्स में से 3.6प्रतिशत, यानी 7,000 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकालने का फैसला किया है।

**डिज्नी की ग्लोबल वर्कफोर्स में 2.20 लाख एम्प्लॉइज** – 1 अक्टूबर के आंकड़ों के मुताबिक, डिज्नी की टोटल ग्लोबल वर्कफोर्स में 2.20 लाख एम्प्लॉइज हैं, जिसमें से 1.66 लाख अमेरिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डिज्नी एम्प्लॉइज की छंटनी कर अपनी कॉस्ट में 5.5 बिलियन डॉलर, यानी करीब 45 हजार करोड़ रुपए बचाना चाहती है। डिज्नी के हालिया तिमाही नतीजों की घोषणा के ठीक बाद कंपनी ने यह बड़ा फैसला लिया है।

**डिज्नी के 38 लाख पेड सब्सक्राइबर कम हुए** – 31 दिसंबर 2022 को खत्म पहली तिमाही में डिज्नी+हॉटस्टार के 38 लाख पेड सब्सक्राइबर कम हो गए हैं। सब्सक्राइबर घटने के कारण कंपनी को 1 बिलियन डॉलर (8.25 हजार करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है। इस तिमाही में हॉटस्टार और कनाडा से सिर्फ 2 लाख नए सब्सक्राइबर्स ही जोड़ पाई है। अभी हॉटस्टार के पास टोटल 46.6 मिलियन यानी 4.6 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं।

**सीईओ बॉब इगर के नेतृत्व में हो रही रिस्ट्रक्चरिंग** – कंपनी में यह रिस्ट्रक्चरिंग डिज्नी के नए सीईओ बॉब इगर के नेतृत्व में हो रही है। डिज्नी अब अपने कोर ब्रांड्स और फ्रेंचाइजी पर ज्यादा फोकस करना चाहती है। डिज्नी की रिस्ट्रक्चरिंग सब्सक्राइब ग्रोथ में कमी और स्ट्रीमिंग व्यूअर्स के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते की जा रही है। इतना ही नहीं डिज्नी का यह फैसला एक्टिविस्ट इन्वेस्टर नेल्सन पेल्ट्ज की आलोचना के जवाब में आया है। नेल्सन ने कहा था कि कंपनी स्ट्रीमिंग पर बहुत ज्यादा खर्च कर रही थी। अपने इस नए प्लान के तहत डिज्नी तीन सेगमेंट्स में रिस्ट्रक्चरिंग कर रही है। इस रिस्ट्रक्चरिंग में डिज्नी एंटरटेनमेंट, स्पोर्ट्स फोकस्ड यूनिट, डिज्नी पार्क, एक्सपीरिएंसेस और प्रोडक्ट्स यूनिट शामिल हैं। टीवी कार्यकारी दाना वाल्डेन और फिल्म प्रमुख एलन बर्गमैन मनोरंजन विभाग का नेतृत्व करेंगे, जबकि जिमी पिटारो ईएसपीएन का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। एग्जीक्यूटिव डाना वाल्डेन और फिल्म चीफ एलन बर्गमैन एंटरटेनमेंट डिवीजन का नेतृत्व करेंगे, जबकि जिमी पिटारो को लीड करना जारी रखेंगे। बॉब इगर ने नवंबर 2022 में कंपनी के सीईओ की कमान दोबारा संभाली है। इससे पहले बॉब इगर को पहली बार 2005 में सीईओ बनाया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### यूपीसीडा को 53 जिलों, 10 राज्यों और 4 देशों से मिला बड़ा निवेश, 9 लाख मिलेंगे रोजगार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य



औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने ही अब तक 3 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त कर लिए हैं और निवेश के इच्छुक औद्योगिक समूहों/कंपनियों से एमओयू भी साइन कर लिए है। यूपीसीडा को अब तक जो निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं उनमें से लगभग 9 लाख रोजगार का सृजन होगा। प्राप्त निवेश प्रस्तावों में 90 हजार करोड़ का विदेशी पूंजी निवेश एवं 1.53 लाख करोड़ का अन्य प्रदेशों से निवेश शामिल है। यानी यूपीसीडा को 53 जिलों के साथ ही 10 राज्यों से भी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जबकि विदेशों से खासतौर पर अमेरिका, हांगकांग, सिंगापुर और यूएई से मिले निवेश प्रस्ताव भी इसमें शामिल हैं। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 10-12 फरवरी को राजधानी लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन से पूर्व ही यूपीसीडा ने दिए गए 1 लाख करोड़ के लक्ष्य का 3 गुणा निवेश प्राप्त कर लिया है। स्थिति यह है कि होटल, अस्पताल, लॉजिस्टिक पार्क, वेयरहाउस और औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए बड़े पैमाने पर एमओयू हस्ताक्षरित किए जा रहे हैं। अकेले 82 हजार करोड़ रुपए का निवेश लॉजिस्टिक पार्क और वेयरहाउस की स्थापना के लिए होगा। उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) से जिन निवेशकों ने भूमि आवंटन की इच्छा जताई है उन्हें जल्द ही आवंटन किए जाने की योजना है ताकि वे मानचित्र भी समय से स्वीकृत करा सकें और इकाई स्थापित कर सकें। भूखंड की कमी न पड़े इसलिए प्राधिकरण ने विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 15 हजार एकड़ से अधिक का लैंड बैंक तैयार कर लिया है। लैंड बैंक में 25 सौ एकड़ भूमि और जुड़ने जा रही है। उन्नाव में बसाई जा रही ट्रांसगंगा हाईटेक सिटी हो या फिर कन्नौज के पार्क में विकास के कार्य तेजी से चल रहे हैं। प्राधिकरण अपनी ऑनलाइन सुविधाओं, औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी सूबे में निवेश के इच्छुक लोगों को बता रहा है।

### भारत में ट्विटर का ब्लू सब्सक्रिप्शन लॉन्चः मोबाइल पर 900 रुपए महीना चुकाने होंगे, वेब यूजर्स के लिए 650 रुपए फीस



नई दिल्ली। ट्विटर ने अपनी ब्लू सर्विस गुरुवार को भारत में लॉन्च कर दी। एंड्रॉयड वाले मोबाइल यूजर्स को ब्लू सब्सक्रिप्शन के लिए 900 रुपए प्रति महीना चुकाना होंगे। वेब यूजर्स को ब्लू सब्सक्रिप्शन 650 रुपए में मिलेगा। अगर वेब यूजर सालाना सब्सक्रिप्शन लेता है तो उसे डिस्काउंट मिलेगा। 7,800 की जगह 6,800 रुपए चुकाने होंगे। एनुअल सब्सक्रिप्शन प्लान मोबाइल यूजर्स के लिए नहीं है।

ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन में क्या मिलेगा

ब्लू सब्सक्रिप्शन में यूजर्स को ट्वीट एडिट करने, लंबे और 1080 क्वालिटी में वीडियो अपलोड करने, रीडर मोड और एक ब्लू चेकमार्क मिलेगा। इसके अलावा, रिप्लाई, मेंशन और सर्च में प्रायोरिटी मिलेगी। सामान्य यूजर्स से 50प्रतिशत कम ऐड दिखेंगे और नए फीचर्स में भी प्रायोरिटी मिलेगी।

### एनएसई फोन टैपिंग मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने चित्रा रामकृष्ण को जमानत दी

नई दिल्ली । एनएसई फोन टैपिंग से जुड़े धनशोधन के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने चित्रा रामकृष्ण को



जमानत दे दी है। उनपर मनी लाउंड्रिंग के आरोप थे। चित्रा रामकृष्ण कथित फोन टैपिंग मामले में सीबीआई मामले में पहले से ही जमानत पर हैं। विस्तृत आदेश का पालन करना है। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि आवेदक को जमानत दी जाती है। उन्होंने कहा, आवेदन स्वीकार किया जाता है। एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक को पहले कथित एनएसई को-लोकेशन घोटाले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया गया था। इस मामले प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल 14 जुलाई को उन्हें गिरफ्तार किया था। उच्च न्यायालय ने पिछले साल सितंबर में सीबीआई से जुड़े मामले में उन्हें जमानत दे दी थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मौजूदा मामले में उनकी जमानत याचिका का इस आधार पर विरोध किया था कि वह साजिश के पीछे मास्टरमाइंड हैं। ईडी के अनुसार, फोन टैपिंग मामला 2009 से 2017 की अवधि से संबंधित है, जब एनएसई के पूर्व सीईओ रवि नारायण, रामकृष्ण, कार्यकारी उपाध्यक्ष रवि वाराणसी और प्रमुख (परिसर) महेश हल्दीपुर और अन्य ने एनएसई और उसके कर्मचारियों को धोखा देने की साजिश रची।

# क्या है सवाल का सही जवाब, जिसकी वजह से गूगल को हुआ 120 बिलियन डॉलर का नुकसान


**नई दिल्ली ।**

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस बेस्ड गूगल चैटबॉट बार्ड के एक गलत जवाब ने गूगल को 120 बिलियन डॉलर का नुकसान करा दिया। गलती पकड़े जाने के बाद से गूगल की मार्केट वैल्यू लगातार घट रही है। बुधवार को गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट अपने नीचले बिंदु तक पहुंच गया। मंगलवार को अल्फाबेट के एक शेयर का दाम 106.77 डॉलर था, जो बुधवार को घटकर 98.08 डॉलर हो गया। इसमें करीब 8.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। यह अक्टूबर 2022 के बाद से अल्फाबेट के मूल्य में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। इसके पहले जब कंपनी ने बिक्री, लाभ और विकास में बड़ी मंदी का खुलासा किया था, तब एक दिन में गूगल के शेयर्स में नौ प्रतिशत की गिरावट हुई थी। दरअसल इस हफ्ते गूगल ने अपना नया एआई चैटबॉट बार्ड लॉन्च किया है। गूगल ने इसका एक प्रमोशनल वीडियो लॉन्च किया था। इसमें से सवाल पूछा गया, नौ साल के बच्चे को जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की नई खोज के बारे में क्या बताना चाहिए इसपर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस बेस्ड चैटबॉट ने तीन बिंदुओं में जवाब दिया।

2023 में कई आकाशगंगाओं को चिन्हित किया और उन्हें ग्रीन पीस नाम दिया गया। ये नाम इसलिए दिया गया क्योंकि, वो (आकाशगंगा) काफी छोटे, गोलाकार और हरे रंग के थे। बिल्कुल मटर की तरह। टेलीस्कोप ने 13 बिलियन पुराने गैलेक्सी की तस्वीर खींची। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का इस्तेमाल मिल्की वे के बाहर के ग्रह की पहली तस्वीर लेने में किया गया था। बार्ड का तीसरा पॉइंट गलत निकला। इसे रॉयटर्स ने पकड़ा। रॉयटर्स ने जैसे ही इसका खुलासा किया, गूगल की मार्केट वैल्यू घटने लगी। लोगों ने गूगल के एआई चैटबॉट पर सवाल खड़े करने लगे।

### क्या है सही जवाब

रॉयटर्स ने नासा का हवाला दिया। बताया कि साल 2004 में यूरिपयन एडवांस टेलीस्कोप ने स्पेस के एक्सोप्लैनेट्स सदर्न ऑब्जर्वेटरी के सोलर सिस्टम के बाहर के ग्रहों की फोटोज ली थी। एक्सोप्लैनेट को कहा जाता है। यह बृहस्पति ग्रह से लगभग पांच गुना ज्यादा बड़ा है और पृथ्वी से लगभग 170 प्रकाश वर्ष दूरी पर है। विशेषज्ञों का कहना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस




सिस्टम द्वारा उत्पन्न गलतियों को आसानी से नहीं पकड़ा जा सकता है।

### क्या है एआई चैटबॉट

आजकल एआई चैटबॉट का नाम भी खूब लिया जा रहा है। ओपनएआई के एआई चैटबॉट के बाद गूगल ने भी अपने एआई चैटबॉट की घोषणा कर दी है। चैटबॉट्स शब्द का अर्थ है, चैट+बॉट। चैट का मतलब होता है बातचीत और बॉट का मतलब है रोबोट। दरअसल, एआई चैटबॉट्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ऐसे टूल या रोबोट होते हैं जिनसे लोग चैट कर सकते हैं। यानी आप इनको सवाल लिखकर पूछते हैं और यह जवाब भी लिखित रूप में ही देते हैं। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे हम व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया पर किसी से चैट कर रहे हों। यहां फर्क इतना है कि जवाब एआई वाला सॉफ्टवेयर या एप देता है। इसे आसान भाषा में समझें तो कंपनियां किसी एप को इतना ज्यादा डाटा और जानकारियों से लैस कर देती हैं, जो कि उन्हें हम सवाल का जवाब देने में मदद करते हैं। यानी जो भी जानकारी आप इन चैटबॉट से मांगते हैं वो पहले से इसमें डाली जाती हैं।

### हिंदी में बार्ड का क्या मतलब है

मतलब है 'वह व्यक्ति जो शायरी या कविता लिख सकता हो यानी कवि हो'। बार्ड का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो वीरों और उनके कामों पर छंदों की रचना और पाठ करने में कुशल होता है। गूगल ने अपने ग्राहकों के सवालों का सटीक जवाब देने के लिए बार्ड को विकसित किया है इस लिए इसे नाम दिया गया है बार्ड यानी कवि। अब गूगल का यह सीधे-सीधे ओपनएआई की ओर से विकसित चैटजीपीटी को टक्कर देगा। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने एक ब्लॉग पोस्ट में इस परियोजना की घोषणा की, जिसमें बार्ड को प्रायोगिक संवादी सेवा बताया गया है यह उपयोगकर्ताओं के प्रश्नों का उत्तर देगा और उनसे बातचीत करेगा।

### क्या माइक्रोसॉफ्ट-ओपनएआई जैसा है गूगल-एंथ्रोपिक का संबंध

इस सवाल का जवाब है हां। गूगल और एंथ्रोपिक की साझेदारी लगभग उसी तरह की है जो माइक्रोसॉफ्ट और चैटजीपीटी के निर्माता ओपनएआई के बीच है। जहां एक ओर ओपनएआई अपनी रिसर्च विशेषज्ञता मुहैया करा रहा है तो दूसरी ओर माइक्रोसॉफ्ट चैटजीपीटी के विकास के लिए अरबों के डॉलर के निवेश के साथ ओपनएआई को अपने विशाल क्लाउड प्लेटफॉर्म तक पहुंच उपलब्ध करा रहा है। ये क्लाउड सुविधाएं एआई आधारित स्टार्टअप को सफल बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

# 67 साल के बिल गेट्स का 60 साल की पाउला पर आया दिल, एक साल से एक-दूसरे को कर रहे डेट



**नई दिल्ली ।**

माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक अरबपति बिल गेट्स इन दिनों पाउला हर्ड के साथ रिलेशनशिप में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों एक साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। बता दें, बिल गेट्स जहां 67 साल के हैं, तो पाउला 60 साल की हैं। इसके अलावा पाउला ओरेकल कंपनी के दिवंगत सीईओ मार्क हर्ड की पत्नी भी हैं। मार्क हर्ड का 2019 में निधन हो गया था।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन में साथ दिखे थे पाउला और बिल

बिल गेट्स और पाउला को बीते महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन में एक साथ देखा गया था। इससे पहले दोनों की मार्च 2022 में इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच में एक साथ बैठे हुए भी फोटो सामने आई थी। दोनों ने अपने रिश्ते को काफी हद तक लोगों की नजरों से बचाकर रखा हुआ है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीते महीने पाउला, बिल गेट्स के साथ सिडनी भी गई थीं, जहां वह प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलीं थीं। बिल गेट्स के बारे में यह खबर उनकी पूर्व पत्नी मिलिंडा गेस्ट से तलाक के दो साल बाद सामने आई है। बिल गेट्स और मिलिंड ने शादी के 27 साल बाद मई, 2021 में अलग होने की घोषणा की थी। उसी साल अगस्त में दोनों ने तलाक ले लिया था। बता दें, माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल और मेलिंडा की मुलाकात कंपनी में ही हुई थी। मेलिंडा 1987 में माइक्रोसॉफ्ट में एक प्रोडक्ट मैनेजर के तौर पर काम करती थीं, तभी दोनों की मुलाकात हुई थी। कुछ साल तक प्रेम संबंधों में रहने के बाद दोनों ने 1994 में हवाई में विवाह कर लिया था। दंपति के तीन बच्चे हैं।

### कारों का है शौक

बिल गेट्स कई लग्जरी कारों का शौक रखते हैं। उनके पास पोर्शे टायकन इलेक्ट्रिक कार (लगभग 1.3 करोड़ रुपये), पोर्शे 911, पोर्शे 930 टर्बो, पोर्शे 959 स्पोर्ट्स कार समेत कई लग्जरी कारें हैं। इनकी कीमत करोड़ों में है। वहीं, अब बात अगर बिल गेट्स के घर की करें, तो उनके इस महल जैसे घर में स्विमिंग पूल, गुंबदनुमा विशाल लाइब्रेरी समेत हर एक सुख-सुविधाएं मौजूद हैं।

# मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का रास्ता साफ, विरोध में पड़ी याचिका खारिज



**नई दिल्ली।**

**बंबई उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना राष्ट्रीय महत्व की और जनहित में है। कोर्ट ने यह कहते हुए गोदरेज एंड बॉयस कंपनी की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति आर डी धानुका और न्यायमूर्ति एमएम सथाये की खंडपीठ ने कहा कि यह परियोजना अपनी तरह की अनूठी है और इसका पूरा होना निजी हितों पर सामूहिक हित की जीत होगी।**

मुंबई और अहमदाबाद के बीच कुल 508.17 किलोमीटर रेल ट्रैक में से लगभग 21 किलोमीटर भूमिगत होने की योजना है। भूमिगत सुरंग का एक प्रवेश बिंदु विक्रोली (गोदरेज के स्वामित्व वाली) की भूमि पर पड़ता है। राज्य सरकार और नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने दावा किया था कि कंपनी पूरी परियोजना में देरी कर रही है जो सार्वजनिक महत्व की है। अधिकारियों ने उच्च न्यायालय को बताया था कि विक्रोली इलाके में गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड के स्वामित्व वाली भूमि को छोड़कर मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए पूरी लाइन के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए मुंबई के विक्रोली इलाके में कंपनी के स्वामित्व वाली भूमि के अधिग्रहण को लेकर कंपनी और सरकार के बीच 2023 से कानूनी विवाद चल रहा है। उच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि उसे मुआवजे या अधिकारियों द्वारा शुरू की गई कार्यवाही में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। उन्होंने कहा, यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की और जनहित में है। हमें मुआवजे में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। यह सर्वोपरि सामूहिक हित है जो प्रबल होगा, न कि निजी हित।

# ओला ने 5 इलेक्ट्रिक बाइक की झलक दिखाई : कंपनी के सीईओ भावेश ने कहा- कुर्सी की पेटी बांध लो मौसम बिगड़ने वाला है

**नई दिल्ली।**

इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में अपनी धाक जमाने वाली ओला इलेक्ट्रिक 5 इलेक्ट्रिक बाइक की झलक दिखाई। इसके 2025 तक लॉन्च होने की उम्मीद है। ओला इलेक्ट्रिक ने अपने नए वर्जन भी लॉन्च किए। एयर को 84,999 रुपए से लेकर 1,09,999 रुपए तक के 3 वर्जन में पेश किया गया है जबकि एस1 अब दो वर्जन में उपलब्ध है।



कंपनी के सीईओ भावेश अग्रवाल ने पिछले दिनों ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने बताया था कि कंपनी 9 फरवरी को नए प्रोडक्ट की घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अग्रवाल ने कहा, अपनी कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि मौसम बिगड़ने वाला है। 91 मोबाइल की रिपोर्ट के अनुसार 3 ई-बाइक्स को ओला आउट ऑफ द वर्ल्ड, ओला परफॉर्मेक्स और ओला रेंजर नाम दिया जाएगा। आउट ऑफ द वर्ल्ड ओला इलेक्ट्रिक बाइक तीनों में से सबसे प्रीमियम होगी। इसमें मेक्सिमम रेंज और 100 किमी प्रति घंटे से अधिक की टॉप स्पीड मिलेगी। इलेक्ट्रिक बाइक की कीमत 85 हजार रुपए से कम हो सकती है। आइए जानते हैं आगामी इलेक्ट्रिक बाइक्स की रेंज, टॉप स्पीड और एक्सपैक्टेड प्राइस... रिपोर्ट के मुताबिक पहली ई-बाइक आउट ऑफ द वर्ल्ड मॉडल होगी। ये बाइक एक बार के फुल चार्ज पर 174 किमी चलेगी और टॉप-स्पीड 110 किमी प्रति घंटा होगी। इसमें सेफ राइडिंग के लिए एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जैसे फीचर्स दिए जाने की उम्मीद है। बाइक की कीमत लगभग 1.50 लाख रुपए रखी जा सकती है। ओला परफॉर्मेक्स को तीन वैरिएंट्स के साथ एक मिड-रेंज में उतारा जा सकता है। एंट्री-लेवल वैरिएंट की रेंज 91 किमी और टॉप स्पीड 93 होगी। इस वैरिएंट की कीमत 1.05 लाख रुपए हो सकती है। इस मॉडल के दूसरे वैरिएंट की कीमत 1.15 लाख रुपए हो सकती है। इसकी रेंज 133 किमी और टॉप स्पीड 95 होगी। प्रीमियम ओला परफॉर्मेक्स वैरिएंट की कीमत 1,25,000 रुपए हो सकती है।

## हिंडनबर्ग पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

# अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 10प्रतिशत टूटा, एक दिन पहले 23प्रतिशत बढ़ा था; 4000 करोड़ का लोन चुकाएगा ग्रुप

**मुंबई।**

सुप्रीम कोर्ट हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। एडवोकेट विशाल तिवारी की दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। इसमें सुप्रीम कोर्ट के रिटार्ड जज की निगरानी में एक समिति गठित करने की मांग की गई है। एडवोकेट ने चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने मामले की अर्जेंट लिस्टिंग की अपील की थी। 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप को लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। रिपोर्ट में ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के बाद ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली थी। शुक्रवार यानी 3 फरवरी को अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1000 रुपए के करीब पहुंच गया था। हालांकि, बाद में इसमें रिकवरी आई।

### अडाणी एंटरप्राइजेज करीब 10प्रतिशत टूटा, पहले 23प्रतिशत चढ़ा था

उधर, भारतीय शेयर बाजार में सुबह से बिकवाली नजर आ रही है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। बाजार की इस गिरावट का असर अडाणी ग्रुप के स्टॉक्स पर भी दिख रहा है। अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी एंटरप्राइजेज के शेयर में 10प्रतिशत की गिरावट है। कल अडाणी एंटरप्राइजेज में 23प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी।

### जीएसटी डिपार्टमेंट की रेड नहीं, रूटीन इंस्पेक्शन

अडाणी विल्मर का हिमाचल प्रदेश में गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी से जुड़े छापे की खबरों पर जवाब आया है। कंपनी ने कहा कि जीएसटी डिपार्टमेंट के




अधिकारियों को कंपनी के ऑपरेशन और डीलिंग्स में कोई अनियमितता नहीं मिली है और यह रूटीन इंस्पेक्शन था रेड नहीं। इससे पहले कई सारी रिपोर्ट में अडाणी विल्मर के गोदाम पर जीएसटी उल्लंघन के आरोप में छापे के खबरें आई थी। अडाणी विल्मर ने कहा, हम एक जिम्मेदार और पारदर्शी तरीके से बिजनेस करने के लिए कमिटेड हैं, और हमारे सभी ऑपरेशन कानूनों और रेगुलेशन के पूर्ण अनुपालन में हैं। हम यह बताना चाहेंगे कि विजिट के बाद डिपो ऑपरेशन सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। अडाणी विल्मर सिंगापुर स्थित विल्मर और अडाणी ग्रुप के बीच 50: 50 का जॉइंट वेंचर है। अडाणी ग्रुप अपना 500 मिलियन डॉलर (करीब 4,000 करोड़ रुपए) का बैंक लोन समय से पहले चुकाने की तैयारी में है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रुप अगले महीने ऐसा कर सकता है। अडानी ग्रुप ने पिछले साल होलसिम लिमिटेड की सीमेंट एसेट्स खरीदने के लिए 4.5 अरब डॉलर का कर्ज लिया था। ये कर्ज बारक्लेज पीएलसी, स्टैंटर्ड चार्टर्ड पीएलसी और डॉयचे बैंक सहित कई बैंकों से लिया था। इस कर्ज का एक हिस्सा 9 मार्च को चुकाना है। इसी कर्ज को अडाणी ग्रुप समय से पहले चुकाने की तैयारी कर रही है। अडाणी ग्रुप ने कहा कि इस लोन के हिस्से को रिफाइनेंस करने के लिए बैंकों से बातचीत की जा रही थी, लेकिन अब उसने लोन को चुकाने का फैसला किया है। फ्रांस की टोटल एनर्जी ने अडाणी ग्रुप के साथ हाइड्रोजन पार्टनरशिप को फिलहाल होल्ड पर डाल दिया है। हिंडरबर्ग के तरफ से आरोप और ऑडिट की मांग के चलते प्रोजेक्ट को होल्ड पर डाला गया है। एमएससीआई ने ग्रुप पर रिव्यू करने की बात कही है जो उसके लिए निगेटिव खबर है। अडाणी विल्मर लिमिटेड ने बुधवार को अपने तीसरी तिमाही के रिजल्ट घोषित किए। कंपनी का मुनाफा 16.5प्रतिशत बढ़कर 246 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। एक साल पहले के इसी क्वार्टर में इसका मुनाफा 211 करोड़ रुपए था। ऑपरेशन से कंपनी का रेवेन्यू पिछले साल की समान तिमाही के 14,370.92 करोड़ रुपए से 7प्रतिशत बढ़कर 15,438.05 करोड़ हो गया।

शेयर बाजार में बुधवार 8 फरवरी को तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 378 अंकों की तेजी के साथ 60,664 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 150 अंकों की तेजी के साथ 17,872 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी रही और 5 शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

OFFICE OF THE CHAIRMAN, STATE LEVEL POLICE RECRUITMENT BOARD, ASSAM
REHABARI :::GUWAHATI –781008

No. SLPRB/Rec/Tailor & Dresser/CD & HG/610/2022/56 dated:07-02-2023

**ADVERTISEMENT**

RECRUITMENT FOR **4** POSTS OF **TAILOR** & **3** POSTS OF **DRESSER** UNDER DIRECTORATE OF CIVIL DEFENCE AND HOME GUARDS, ASSAM

Applications are invited from eligible candidates for filling up of **4** posts of Tailor & **3** posts of Dresser under DGCD & CGHG, Assam in the pay scale of Rs. 14,000-60,500 (Pay Band- II) and Grade pay Rs. 5000/- plus other allowances as admissible under the rules. Applications must be submitted online through the SLPRB website (www.slprbassam.in). The online application will be received with effect from **08-02-2023** and the last date of receiving application will be **22-02-2023**.

**THERE IS NO APPLICATION FEE.**

**I. DETAILS OF VACANCIES AS PER POST BASED ROSTER**

**A) Tailor - 4 posts.** The post based category wise distribution of the posts are as under:

| Category | Male | Female | Total |
|---|---|---|---|
| Unreserved | 1 | 0 | 1 |
| SC | 1 | 0 | 1 |
| ST (P) | 1 | 0 | 1 |
| ST (H) | 1 | 0 | 1 |
| **Grand Total** | 4 | 0 | **4** |

**B) Dresser - 3 posts.** The post based category wise distribution of the posts are as under:

| Category | Male | Female | Total |
|---|---|---|---|
| Unreserved | 1 | 0 | 1 |
| SC | 1 | 0 | 1 |
| ST(P) | 1 | 0 | 1 |
| **Grand Total** | 3 | 0 | **3** |

**II. ELIGIBILITY CRITERIA:-**

The candidates must satisfy the following criteria.:-

a) **Nationality**- Candidates must be Indian Citizen, permanent resident of Assam. Selected candidates will have to submit Proof of Residence after publication of the final select list. However, candidates belonging to SC, ST, OBC/MOBC are exempted from submitting such certificates.

b) Candidates must register his name with a local Employment Exchange in Assam.

c) Candidates must speak Assamese or any other State language fluently.

d) **Age**: **18** to **40** years as on **01-01-2023** (i.e. candidate must be born on or before **01.01.2005** and on or after **01.01.1983**).

**Relaxations** :Upper age limit will be relaxed for:

(i) 5 (five) years in respect of candidates belonging to SC, ST (P) and ST(H).

(ii) 3 (three) years in respect of candidates belonging to OBC/MOBC.

For the purpose of determining the age limit, the SLPRB will accept only the date of birth recorded in the Admit Card / Certificate of HSLC or equivalent examination issued by a recognized education Board. No other documents relating to age such as horoscopes, affidavits, birth extracts from Municipal Corporations, service records and the like will be accepted.

a) **Educational Qualification:**

(i) HSLC or equivalent of a University or Board recognized by the Govt.

(ii) **Other Qualification:**

i) **For Tailor**

a) Diploma of Tailoring from the Institute recognized by Govt. of Assam.

b) Trade skill including ability to operate both automatic and manual (foot/hand driven) sewing machine. Knowledge on fabric and human body shape, sewing equipments etc.

ii) **For Dresser**

a) 02 (two) years experience certificate on Dresser (Medical) work from a Govt. recognized Institute.

b) Trade skill including knowledge on contamination, sterilization and disinfection of instruments, preparation of chlorine solution, antiseptic & aseptic condition, procedure of decontamination, Cleaning & Bandaging wounds and other affected body parts.

**III. PHYSICAL FITNESS:**

a) Must have sound health both mentally and physically and free from organic defect or bodily infirmity likely to interfere with the efficient performance of his duty.

b) Shall be required to undergo medical examination before appointment to the service.

c) Weight : Proportionate to height as per medical standard.

**IV. HOW TO APPLY**

Applications must be submitted online through SLPRB website- www.slprbassam.in. No other forms of application will be entertained.

Candidates must follow the following steps during submission of online application:

❖ Register in the Portal using valid mobile number.
(Note: Candidates are advised to keep the mobile number unchanged until the recruitment process is over)

❖ After successful registration candidates will get a Recruitment ID. Candidature of those candidates will be cancelled who generate multiple recruitment ID.

Candidates will be required to upload scanned copies of the following documents:

**a) Passport Size Photograph :-**

Please pay attention to upload good quality photograph. Poor quality of photograph uploaded will lead to rejection of your application. The admit card will be printed with the photograph you uploaded.

i) The photograph must be in colour and must be taken in a professional studio. Photograph taken using a mobile phone and other self composed portraits are not acceptable.

ii) Photograph must be taken in a white or a very light background.

iii) The photograph must have been taken after **1st January, 2023**.

iv) Face should occupy about 50% of the area in the photograph, and with a full face view looking into the camera directly.

v) The main features of the face must not be covered by hair of the head, any cloth or any shadow. Forehead, both eyes, nose, cheek, lip and chin should be clearly visible.

vi) If you normally wear spectacles, glare on glasses is not acceptable in your photo. Glare can be avoided with a slight downward tilt of the glasses for the photo shoot.

vii) You must not wear spectacles with dark or tinted glasses, only clear glasses are permitted.

viii) Ask your photo studio to provide the image in a JPEG format and also on a standard 4.5cm x 3.5cm (45mm x 35mm) print.

ix) Maximum pixel resolution for JPEG : 640 x 480 (0.3 Mega Pixel) (Ask your studio to reduce it to this resolution if it is higher.

x) Minimum pixel resolution for JPEG : 320 x 240.

xi) The maximum file size is 450 kb (kilo bytes).

xii) For your own benefit it may be prudent not to intentionally change your facial features or hair style from what is seen in the photograph until the day of the exam.

**b) Signature :-**

i) Please put your signature with a black or dark blue ink on a white paper.

ii) Get the signature digitally photograph / image scanned by a professional photo studio, and get the image cropped by the studio itself.

iii) Only JPEG image formats will be accepted.

iv) The maximum pixel resolution for the image is 800 x 300.

v) The minimum pixel resolution for the image is 400 x 150.

vi) Dimension of signature image should be 3.5cm (width) x 2.5cm (height).

vii) The maximum file size is 100 kb.

viii) Mobile phone photograph of signature is not acceptable, and can result in disqualification of the application.

**c) Documents**:-

i) Certificate for proof of age. (Admit card or Certificate of H.S.L.C. or equivalent examination).

ii) Certificate of H.S.L.C. or equivalent examination.

iii) Marksheet of H.S.L.C. or equivalent examination.

iv) Diploma of Tailoring from the Institute recognized by Govt. of Assam for candidates who apply for the posts of Tailor.

v) 02 (two) years experience certificate on Dresser (Medical) work from a Govt. recognized Institute for candidates who apply for the post of Dresser.

vi) Employment Exchange Registration Card.

vii) Certificate of Caste from Competent Authority. **NO CASTE CERTIFICATE ISSUED BY OTHER STATES WILL BE ACCEPTED.**

The candidate will then click on the '**Complete**' button to indicate that they agree to all the entries made in the form. The candidate can then download the registration / application slip with ID No.

It is mandatory for the candidates to mention their full / proper address with pin code, a valid email address and mobile phone number in the application form as the same will be required to inform them regarding the status of their applications and convey other related information.

Candidates will be able to download the Admit Card / Call Letter from the SLPRB website by entering their ID number. The information will be sent through SMS and email to the candidates on their mobile numbers and email addresses. The SLPRB will not be responsible for any discrepancies that may arise due to entry of wrong mobile number and email address by the candidate.

The candidates who are employees of Govt. / PSUs / Autonomous bodies must obtain necessary permission in writing from the Competent Authority / Employer and a copy of the same may be produced during scrutiny of documents on the date of Trade Proficiency Test.

Incomplete / defective / invalid application will be summarily rejected.

**V. SELECTION PROCEDURE :-**

Candidates whose applications are found correct in all respects will be called for Written Test . The date (s) and venue (s) for the tests will be intimated in due course of time. The Chairman reserves the right to change the venue of the test and no representation etc. will be entertained in this regard.

**VI. WRITTEN TEST:-**

**a)** Written test will consist of **100** multiple choice type questions to be answered on an OMR answer sheet. For each correct answer the candidate will get half mark. Questions will be of the level of class **IX** and **X** .Total marks for the Written Test will be **50**. There will be no negative marking.

**b)** The subjects to be covered will be as follows:-

i. Elementary Arithmetic
ii. General English
iii. Logical reasoning/Mental ability
iv. Assam's History, Geography, Polity, Economy
v. General Awareness/General Knowledge and current affairs

The question paper for **Written Exam** will be in the following languages: Assamese/ Bodo/ Bengali/English.

**c)** The date and venue (s) of the Written Test will be notified in due course of time.

**VII. NUMBER OF CANDIDATES TO BE CALLED FOR TRADE PROFICIENCY TEST (TPT)**

Candidates will be called for the TPT in order of merit at the rate of 5 (five) times the number of posts allotted in respect of each category as per vacancies shown in **Para I** above. If there are candidates scoring the same marks in Written Test as the last candidate selected for the TPT by the 5 times formula in a particular case, the candidates scoring the same marks will also be called for the TPT, and therefore the number may exceed the 5 times to that extent for that particular case and category only.

**VIII. DOCUMENTS TO BE SUBMITTED WHEN APPEARING IN TPT:**

The candidate reporting at the venue on the date and time for TPT must bring all the documents uploaded during submission of online application mentioned at **Para IV (c) (i) to (vii)** above along with one set of self attested photocopies of the same for verification by the Selection Committee on the date of their TPT.

Any incorrect information or document submitted which is not genuine may disqualify a candidate at any stage and may also render him liable to criminal prosecution. Original documents of a candidate may be put to check at any later stage of the recruitment process also.

**In case candidate fails to show original Caste Certificate on the day of TPT, such candidates shall be treated as GENERAL. No subsequent request will be entertained for change of Caste.**

**No document will be accepted after TPT of a candidate is completed. All documents uploaded and submitted at the time of TPT should be issued on or before the last date of receiving of online application.**

If any candidate fails to produce any original document or doesn't furnish it at the time of document inspection during TPT, he/she will not be given any chance of rescheduling the date for submission in future and his status will be decided on the basis of the documents submitted on the day of TPT.

PLEASE NOTE THAT THERE SHALL BE NO CHANGES MADE ON ANY ENTRIES AFTER SUBMISSION OF DOCUMENTS DURING THE TIME OF TPT AND NO REQUESTS WILL BE ENTERTAINED.

**IX. PRELIMINARY VERIFICATION OF DOCUMENTS :-** All the original documents along with a set of Photostat copies of the documents will be checked before the candidate is allowed to appear in the TPT as per the given eligibility criteria. Candidates who are rejected will be given Rejection Slip specifying the reason of rejection. Submission of any incorrect information or forged document at any stage will lead to disqualification of the candidate and may also render him liable to criminal prosecution. Original documents of a candidate may be put to check at any later stage of the recruitment process also. All the photostat copies submitted by the candidates will have to be duly self attested.

**In order to avoid manipulation of documents at later stage, the Chairman or a Member of the Selection Committee shall put his signature on each copy of such document at the time of TPT; particularly on caste certificate and any other documents which carry marks.**

**X. TRADE PROFICIENCY TEST :- 50 Marks**

**The Panel of Expert will examine and decide the Profession or Trade Test of the candidates.**

**XI. FINAL MERIT LISTS**

Final results would be based on the marks obtained as follows:

| | | |
|---|---|---|
| a) Written Test | - | 50 marks |
| b) Trade Proficiency Test (TPT) | - | 50 marks |
| | **Total -** | **100 marks** |

There will be only ONE merit list for each category as per vacancies shown at **Para I** above for the entire State. Select list will be prepared for the exact number of vacancies to be filled up.

**N.B**: In case of a tie in marks, the candidate older in age will be placed higher in the merit list. Further, candidates having same date of birth and have obtained equal marks, will be placed in the merit list according to the percentage of marks in HSLC.

**XII. GENERAL INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES :-**

(i) Canvassing directly or indirectly shall render such candidates unfit for the post.

(ii) No TA / DA will be admissible to candidates for the journey and stay at any stage of the recruitment process.

(iii) The selection list confers no right to appointment unless the department is satisfied about suitability of the candidate after a thorough medical examination and such enquiry and verification as may be considered necessary before appointment to the service / post.

(iv) Candidates have to appear in all the stages of recruitment. If a candidate is absent from any stage / event, his candidature will be cancelled.

(v) Candidature will be summarily rejected at any stage of the recruitment process, if found not conforming to the official format / having incomplete information / wrong information/incomplete requisite certificate/misrepresentation of facts / impersonation.

(vi) The select list will remain valid for appointment from date of announcement of the result for one year or till the date of next advertisement of similar post whichever is earlier.

(vii) On appointment, the candidate shall be governed by the Rules and Orders of Directorate of Civil Defence & Home Guards and Rules and Orders of the Government issued from time to time.

(viii) Appointed persons shall be entitled to pension benefits as per the pension scheme existing at the time of appointment.

(ix) The Chairman, SLPRB, Assam reserves the right to make changes or cancel or postpone the recruitment process on specific grounds.

(x) Fake documents / false information / misrepresentation of facts shall lead to rejection if detected at any stage before / after appointment and shall make the candidate liable to criminal proceeding as per existing law.

(xi) In case of any clarification, the decision of the SLPRB will be final.

(xii) The numbers of posts (vacancies) are subject to change. It may increase or decrease at any time /stage of recruitment process, due to administrative reasons and appointment to such vacancies will be decided by the competent authority at the time of appointment, based on merit, category-wise as per the final merit list.

(xiii) The final appointment after selection is subject to satisfactory Police Verification Report and Final Medical Examination Report as per existing norms. In case Police Verification Report or Final Medical Examination Report is found unsatisfactory, the candidature of such candidates will be rejected outright.

(xiv) The rules & regulations, terms & conditions of training and afterwards will be applicable as prevalent in Directorate of Civil Defence & Home Guards, Assam.

**XIII. TRANSPARENT PROCESS:**

i. Candidates and the general public are requested to help SLPRB in conducting the recruitment in a just, fair and transparent manner.

ii. A candidate is NOT required, to pay any amount of money at any stage of the recruitment process except for medical investigations, if required in the Govt. hospital.

iii. Any complaint about demand for money or other malpractice can be sent through mail to - slprbassam@gmail.com


iv. Complaints may also be sent by post to the following address:- Chairman, State Level Police Recruitment Board, Assam, Madhabdevpur, Rehabari, Guwahati-781008, (Ground Floor of APHC Building).

v. Anonymous complaints may not be entertained

vi. Offering of bribe for any favour by a candidate or on his behalf is a criminal offence. Such an activity may result in immediate disqualification of his candidature.

Sd/-
Inspector General of Police (A), Assam
&
Member Convenor, SLPRB, Assam
Ulubari, Guwahati

*-- Janasanyog /D/21782/ 22*



# भारत–ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के लिए धर्मशाला तैयार : ऑस्ट्रेलियाई दूतावास की टीम ने स्टेडियम का दौरा किया, 20 के बाद मॉक ड्रिल

**धर्मशाला।**

भारत और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीमों के बीच हिमाचल के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 1 मार्च से 5 मार्च के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मैच को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां कर ली गई हैं। मैच की तैयारियों को लेकर ऑस्ट्रेलियाई दूतावास के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रोहित राठौड़ ने यह बात कही।

बता दें कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 4 टेस्ट मैचों की बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी सीरिज का तीसरा मैच पहली से पांच मार्च तक धर्मशाला के दुनिया के सबसे खूबसूरत स्टेडियमों में शुमार धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में होना तय हुआ है।

### टैरी बक्कनी और सुज़ेन जोसेफ को करवाया अवगत

उपायुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रोहित राठौड़ ने ऑस्ट्रेलियाई दूतावास की प्रतिनिधि टैरी बक्कनी और सुज़ेन जोसेफ को प्रशासन द्वारा मैच को लेकर किए गए सभी प्रबंधों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।

मैच के दौरान आपदा प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, यातायात व्यवस्था, अग्निशमन सहित सभी जरूरी व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों ने तैयारियां कर ली हैं। जिला प्रशासन दोनों टीमों के खिलाड़ियों, उनके प्रबंधन स्टाफ और दर्शकों को मैच के दिनों में सुगम व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मैच के लिए कंट्रोल रूम और टोल फ्री नंबर

मैच के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा के निदान के लिए उपायुक्त कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम पर 01892–229050, 229051, 229052 तथा टोल फ्री नम्बर 1077 पर किसी भी समय संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पुलिस सहायता कक्ष भी 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।

### 20 फरवरी के बाद होगी मॉक ड्रिल

मैच के दौरान किसी भी आपदा से निपटने के लिए तथा टीमें हर पल तैयार रहेंगी। उन्होंने बताया कि मैच के दौरान किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति और आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए प्रशासन द्वारा स्टेडियम में 20 फरवरी के बाद एक मॉक ड्रिल भी करवाई जाएगी।

ऑस्ट्रेलियाई दूतावास के प्रतिनिधियों ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए तैयारियों से संतुष्टि जताई। बैठक में कांगड़ा मयंक चौधरी, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुरदर्शन गुप्ता, प्रधानाचार्य टांडा मेडिकल कॉलेज डॉ. भानु अवस्थी, जोनल अस्पताल धर्मशाला डॉ. राजेश गुलेरी, सुनिल राणा के प्रतिनिधि समीर सिंह उपस्थित रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अब अपने खेतों में ट्रैक्टर चला रहे कैप्टन कूल धोनी, इंस्टाग्राम पर डाला वीडियो



**रांची।** इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व कैप्टन महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों अपने होम टाउन रांची में अपने खेतों में ट्रैक्टर चला रहे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर ट्रैक्टर चलाते हुए अपना वीडियो पोस्ट किया है। महज 18 घंटों में इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को 3.3 मिलियन व्यूज मिले हैं और लगभग 70 हजार से ज्यादा लोगों ने कमेंट किया है। इस वीडियो ने अब तक 33 लाख से ज्यादा लाइक्स भी बटोरे हैं। धोनी ने लगभग दो साल बाद सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट किया है। इस वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कुछ नया सीखने में अच्छा लगा, लेकिन काम पूरा करने में बहुत लंबा समय लगा। जाहिर है, ट्रैक्टर से खेत की जुताई और समतलीकरण कैप्टन कूल के लिए भले नया अनुभव था, लेकिन उन्होंने इसे एंजॉय किया। धोनी ने लगभग तीन साल पहले 8 लाख रुपए में महिंद्रा स्वराज ट्रैक्टर खरीदा था। तब भी उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रैक्टर चलाते हुए वीडियो डाला था। जब उन्होंने ट्रैक्टर खरीदा था तो आनंद महिंद्रा ने टि्वटर पर लिखा था, मुझे हमेशा से लगता था कि धोनी ऐसे इंसान हैं जो सही फैसला करते हैं। उस व्यक्ति के पास सही निर्णय लेने की क्षमता है। सनद रहे कि फार्मिंग में धोनी की गहरी दिलचस्पी है। वे पिछले तीन सालों से रांची में सैंबो नामक जगह पर अपने फॉर्म में फल और सब्जियां उगा रहे हैं। यह फॉर्म लगभग 55 एकड़ में फैला है, जहां वे अपने खेतों में सरसों से लेकर फूलगोभी तक और स्ट्रॉबेरी से लेकर पत्ता गोभी, अदरक, शिमला मिर्च तक उगा रहे हैं।

### मैनचेस्टर यूनाइटेड पर बोली लगा सकते हैं कतर के अमीर, प्रीमियर लीग क्लब को खरीदने की दिखाई रुचि




**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड को कतर के अमीर खरीद सकते हैं। कतर के अमीर के पास पहले से ही फ्रांस का क्लब पेरिस सेंट जर्मेन है। एक रिपोर्ट के अनुसार, बिकने को तैयार प्रीमियर लीग क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए कतरी निवेशकों ने बोली लगाने की तैयारी कर ली है। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने ग्लेजर परिवार से क्लब को खरीदने की तैयारी कर ली है। इस समाचार के बाद यूनाइटेड के न्यूयॉर्क–सूचीबद्ध शेयरों ने प्रीमार्केट ट्रेडिंग में लगभग 16.5प्रतिशत की छलांग लगाई। एरिक टेन हैग की कोचिंग में मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर है। उसके 21 मैचों में 42 अंक है। वह दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी से तीन और पहले स्थान पर काबिज आर्सेनल से आठ अंक पीछे हैं। जिम रैटक्लिफ की कंपनी ने औपचारिक रूप से पिछले महीने यूनाइटेड को खरीदने के लिए बोली प्रक्रिया में प्रवेश किया था। क्लब के अमेरिकी मालिकों ग्लेजर परिवार ने नवंबर में कहा कि उन्होंने नए निवेश या संभावित बिक्री सहित विकल्पों को देखना शुरू कर दिया है। यूनाइटेड के फैंस क्लब के मालिक को बदलने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। ग्लेजर्स परिवार की उन्होंने जमकर आलोचना की है। फैंस के गुस्से का मुख्य कारण टीम का खराब प्रदर्शन है। पिछले साल अप्रैल में हजारों प्रशंसकों ने क्लब के स्टेडियम ओल्ड ट्रैफर्ड के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने ग्लेजर्स को क्लब से बाहर निकलने की मांग की थी।

### हमें खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखना होगा : एटीके मोहन बागान के जुआन फेरांडो

**जमशेदपुर।** एटीके मोहन बागान के मुख्य कोच जुआन फेरांडो ने गुरुवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मैचवीक 19 में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ अपने आगामी मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। मेरिनर्स का पिछले पांच मैचों में मिलाजुला परिणाम रहा है, जिसमें दो में जीत और इतने ही मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। बेंगलुरु एफसी से उनकी 2–1 की हार सीजन की उनकी पांचवीं हार थी। एटीके मोहन बागान को आईएसएल तालिका में पांचवें स्थान पर रखा गया है, चौथे स्थान पर एफसी गोवा है, जिन्होंने एक मैच अधिक खेला है। अपने डिफेंडिंग विभाग में मजबूत होने के बावजूद, मेरिनर्स हमलावर विभाग में कमजोर रहे हैं। जुआन फेरांडो के खिलाड़ियों ने इस सीजन में अब तक 16 मैचों में सिर्फ 20 गोल किए हैं, जो इस सीजन में लीग में चौथी सबसे कम संख्या है। फेरांडो ने पुष्टि की है कि उनकी टीम लगातार सुधार के प्रमुख क्षेत्रों पर काम कर रहे हैं और कहा कि उनके खिलाड़ियों को समर्थन की जरूरत है।

भारत–ऑस्ट्रेलिया पहला टेस्ट

# पहली पारी में 177 पर सिमटे कंगारू, जडेजा ने लिए 5 विकेट ; जवाब में टीम इंडिया 77/1

**जामथा ( नागपुर )।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला नागपुर के जामथा स्टेडियम में खेला जा रहा है। पहला दिन मेजबानों के नाम रहा है। गुरुवार को स्टंप्स तक टीम इंडिया ने कंगारुओं के 177 रनों के जवाब में एक विकेट पर 77 रन बना लिए है। कप्तान रोहित शर्मा (56 रन) और रविचंद्रन अश्विन (0 रन) नाबाद लौटे हैं। केएल राहुल 20 रन बनाकर आउट हुए। फिलहाल, भारतीय टीम 100 रन से पीछे चल रही है। इससे पहले, भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहली पारी में 63.5 ओवर में 177 रन पर समेट दिया। रवींद्र जडेजा ने पांच और रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी ने एक–एक विकेट लिया। कंगारू टीम की ओर से मार्नस लाबुशेन ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 37, एलेक्स कैरी ने 36 और पीटर हैंड्सकॉम्ब ने 31 रन की पारी खेली।

**काम आई राहुल द्रविड़ की पिच स्ट्रैटिजी** – भारतीय खेमे ने इस मैच के लिए ऐसी पिच बनवाने की कोशिश की जिस पर लेफ्ट हैंड बल्लेबाजों के लिए टिकना मुश्किल हो। लेफ्टी बैटर के ऑफ स्टंप के इलाके को ड्राय रखा गया था। इस स्ट्रैटिजी का फायदा भी मिला। ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग–11 में पांच लेफ्ट हैंडर शामिल थे। ये पांचों मिलकर सिर्फ 38 रन बना सके। हालत ऐसी रही कि पांच लेफ्टी मिलकर सिर्फ 47 गेंद खेल सके। पहले दिन का पहला सेशन मिला जुला रहा। इसमें 76 रन बने और दो विकेट भी गिरे। मैच की शुरुआत में



भारतीय तेज गेंदबाजों ने कंगारू टीम को 2 रन पर दो झटके दिए। यहां ओपनर उस्मान ख्वाजा और डेविड वार्नर एक–एक रन के निजी स्कोर पर पवेलियन लौट गए। ऐसे में मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ ने पारी को संभाला। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई। शमी ने लिए 400वां इंटरनेशनल विकेट लिया मोहम्मद शमी ने इंटरनेशनल करियर का 400वां विकेट लिया है। उन्होंने डेविड वॉर्नर को बोल्ड किया। दूसरा सेशन भारतीय स्पिनर्स के नाम रहा। रवींद्र जडेजा ने चार और रविचंद्रन अश्विन ने दो विकेट लिए। लंच के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 98 रन बनाने में 6 विकेट और गंवा दिए। चाय काल तक टीम का स्कोर 174/8 हो गया। 109 रन पर 5वां विकेट गंवाने के बाद एलेक्स कैरी और हैंड्सकॉम्ब ने अपनी टीम का स्कोर 150 पार पहुंचाया। 15वीं फिफ्टी चूके लाबुशेन, स्मिथ के साथ जोड़े 82 रन 2 रन पर 2 विकेट गंवाने के बाद मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। इस साझेदारी को रवींद्र जडेजा ने तोड़ा। उन्होंने लाबुशेन को 49 रनों पर आउट किया। लाबुशेन भारत की ओर से डेब्यू मैच खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत के पहले शिकार बने। यहां लाबुशेन अपने टेस्ट करियर की 15वां अर्धशतक बनाने से चूक गए। भरत ने की पहली स्टंपिंग डेब्यू मैच खेल रहे केएल भरत ने अपने इंटरनेशनल करियर की पहली स्टंपिंग की। उन्होंने जडेजा की बॉल पर मार्नस लाबुशेन को चलता कर दिया। रविचंद्रन अश्विन ने लिया 450वां टेस्ट विकेट मोहम्मद शमी के टेस्ट करियर के 450 विकेट पूरे हो गए। एलेक्स कैरी को आउट करने के साथ ही शमी ने यह उपलब्धि हासिल की। दिन का आखिरी सेशन भारत के नाम रहा। इसमें 80 रन बने और 3 विकेट गिरे। इनमें से ऑस्ट्रेलिया ने 3 रन बनाने में दो विकेट गंवा दिए। जबकि भारत ने 77 रन बनाए और एक विकेट गंवाया। कंगारुओं को 177 पर आउट करने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल ने भारत ने सधी शुरुआत दिलाई। दोनों ने 138 गेंदों पर 76 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। यहां राहुल 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टेड मर्फी ने अपनी ही बॉल पर कैच किया। इस सेशन में बने रिकॉर्ड पॉइंट में पढ़िए रोहित शर्मा के घर में 250 छक्के भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अर्धशतकीय पारी खेली। वे 56 रन बनाकर आउट हुए। इस पारी में रोहित 9 चौके और एक छक्का जमा चुके हैं। उनके घर में टीम इंडिया के लिए 250 छक्के हो गए हैं। रोहित ने तीनों फॉर्मेट के 153 मैचों में यह कारनामा किया है। टॉस जीतकर बैटिंग करने वाली ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 63.5 ओवर में 177 रन के स्कोर पर सिमट गई। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने पांच और रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी ने एक–एक विकेट लिया। कंगारू टीम की ओर से मार्नस लाबुशेन ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 37, एलेक्स कैरी ने 36 और पीटर हैंड्सकॉम्ब ने 31 रन की पारी खेली।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन...**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, मैट रैनशॉ, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), नाथन लायन, टॉड मर्फी और स्कॉट बोलैंड।

# एनबीए में लेब्रोन जेम्स ने रचा इतिहास, सर्वाधिक अंक बनाने वाले खिलाड़ी बने, जब्बार को छोड़ा पीछे




**न्यूयॉर्क ।**

नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन में दिग्गज खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स ने इतिहास रच दिया। वह टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अमेरिका के करीम अब्दुल जब्बार के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। लॉस एंजिल्स लेकर्स के स्टार जेम्स ने ओक्लाहोमा सिटी थंडर के खिलाफ 38 अंक हासिल किए। हालांकि, उनकी टीम लॉस एंजिल्स लेकर्स में 130–133 से हार गई। 1989 में अब्दुल जब्बार ने 38,387 अंक का रिकॉर्ड बनाया था। वह अप्रैल 1984 में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी बन गए थे। उसके आठ महीने के बाद लेब्रोन जेम्स का जन्म हुआ था। जेम्स ने कहा, करीम जैसे दिग्गज और महान की श्रेणी में शामिल होना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। लेब्रोन को रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 36 अंकों की आवश्यकता थी। उन्होंने मैच के तीसरे क्वार्टर के दौरान इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया। लेब्रोन के अब कुल 38,390 अंक हो गए। रिकॉर्ड तोड़ने के बाद भावुक लेब्रोन जेम्स ने दोनों हाथ उठा लिए और जश्न मनाया। वहीं, लेकर्स के होम कोर्ट में मौजूद अब्दुल जब्बार ने खड़े होकर तालियां बजाई। जब्बार भी लेकर्स के लिए ही खेलते थे।

### कुछ देर के लिए रुक गया मैच

जब लेब्रोन ने रिकॉर्ड तोड़ा तो कुछ देर के लिए मैच रुक गया। जेम्स के परिवार के लोग एकत्रित हुए, जिसमें उनकी मां, पत्नी और तीन बच्चे शामिल थे। लेब्रोन जेम्स ने 1410वें करियर मैच में जब्बार का रिकॉर्ड तोड़ा है। यह जब्बार द्वारा खेले गए मुकाबलों से 150 मैच कम हैं। करीम अब्दुल जब्बार बास्केटबाल के दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं। वह 5 अप्रैल 1984 को सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी बने थे। उसके बाद उन्होंने 38,387 अंकों के साथ 1989 में खेल को अलविदा कह दिया था। विशेषज्ञों का मानना था कि जब्बार का रिकॉर्ड हमेशा कायम रहेगा। कर्ल मैलोने (1459 अंक), कोबे ब्रायंट (4744 अंक) और माइकल जॉर्डन (6095) ने खेल से संन्यास ले लिया। लेब्रोन ने जब्बार से पहले बाकी खिलाड़ियों को पछाड़ा और जब्बार की ही तरह अपने 20वें सीजन में इतिहास रच दिया।

# ब्रेंडन मैकुलम ने बेन स्टोक्स की तारीफ की

**हैमिल्टन।**

**इंग्लैंड के रेड-बॉल कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि वह कप्तान बेन स्टोक्स के टेस्ट क्रिकेट में बहुत खास चीजें हासिल करने से खुश हैं। वे आगामी दो मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड से भिड़ने के लिए तैयार हैं। जब से मैकुलम और स्टोक्स ने पिछले साल पदभार संभाला है, तब से इंग्लैंड का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने 10 मैचों में नौ में जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड के साथ-साथ घर में दक्षिण अफ्रीका, भारत और फिर पाकिस्तान में क्लीन स्वीप किया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में निडर खेल के एक नए युग की शुरूआत की है।**



मैकुलम ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मुझे यकीन नहीं है कि इस टीम के लिए क्या संभव है क्योंकि वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अपने तरीके से खेलते हैं और कुछ विशेष चीजें हासिल करते हैं। मुझे पता है कि इस टीम के लिए उनकी योजनाएं काफी अच्छी हैं।

अब तक के इंग्लैंड के कोच के रूप में अपने जीवन के बारे में बताते हुए, न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान मैकुलम ने टिप्पणी की, यह एक अच्छी शुरुआत रही है। परिणाम बहुत अच्छे रहे हैं, लेकिन यह सिर्फ परिणाम नहीं है। मुझे पता है कि वह खुद बेहतर करते हैं और खिलाड़ियों को उत्साहित करते हैं।

उन्होंनें आगे कहा, हम बस यही चाहते हैं कि खिलाड़ी क्रिकेट की ऐसी शैली खेलें जो उन्हें अपनी प्रतिभा को बाहर आने देने का बड़ा मौका मिले। यह साल काफी अद्भुत रहा है।

हम जानते हैं कि हमारे सामने कुछ बड़ी चुनौतियां भी हैं लेकिन जो भी हो हमने पिछले कुछ समय में कुछ अच्छी चीजें हासिल की हैं और अगर हम पिछले 10 या 11 महीनों से सीखे सबक को आगे बढ़ा सकते हैं तो यह हमें अगले कुछ समय में कुछ खास करने का मौका मिलेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला पहली बार होगी जब मैकुलम घर पर हैं, लेकिन विपक्षी टीम में, टिम साउदी के नेतृत्व में मेजबानों को हराने का प्लान कर रहे हैं। मैकुलम ने वादा किया है कि न्यूजीलैंड में प्रशंसकों को अच्छा टेस्ट क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा। इंग्लैंड 24 से 28 फरवरी तक वेलिंगटन में दूसरा टेस्ट होने से पहले 16 से 20 फरवरी तक बे ओवल, माउंट माउंगानुई में न्यूजीलैंड के खिलाफ डे–नाइट टेस्ट खेलेगा।

# हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप की तारीखों की घोषणा की

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की होड़ में देश के उभरते हॉकी सितारे घरेलू चैंपियनशिप में प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं, जहां राष्ट्रीय चयनकर्ता नई प्रतिभाओं को खोजने के लिए मौजूद रहेंगे। इस साल का घरेलू सत्र सभी महत्वपूर्ण 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 के साथ शुरू होगा, जो 15 फरवरी से आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में आयोजित होगी। पिछले साल के विजेता ओडिशा अपने खिताब का बचाव करना चाहेंगे, जबकि उपविजेता कर्नाटक फाइनल में अपनी 0–2 की हार का बदला लेने की उम्मीद करेंगे।

### प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कुल 29 टीमें काकीनाडा पहुंचेंगी।



26 फरवरी को होने वाली तीसरी हॉकी इंडिया सीनियर मेन इंटर–डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप 2023 के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक उपक्रमों के साथ बेंगलुरु में हॉकी के शौकीनों के साथ रोमांचक मैच का आयोजन किया जाएगा।

नई दिल्ली में आयोजित पिछले सीजन में, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने शीर्ष सम्मान हासिल करने के लिए रोमांचक शूटआउट में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड को 3–1 से हराया था, जबकि सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने पंजाब नेशनल बैंक को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया था। जबकि मार्च में जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग होम गेम्स के लिए राउरकेला में हॉकी की वापसी होगी, घरेलू सीजन अप्रैल में 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 के साथ फिर से शुरू होगा। पिछले साल तमिलनाडु को हराकर हरियाणा चैंपियन बना था। करीबी मुकाबले में शूटआउट में 3–1 जबकि तीसरे–चौथे प्लेसिंग मैच में कर्नाटक ने महाराष्ट्र को 4–3 से हराया था।

घरेलू सत्र की शुरूआत के बारे में बात करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, राष्ट्रीय चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे सभी खिलाड़ियों को मैं शुभकामनाएं देता हूं। हमारे पास बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा ध्यान दिए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और भविष्य के लिए प्रतिभाओं को तराशने के लिए ये वार्षिक चैंपियनशिप महत्वपूर्ण हैं। हॉकी इंडिया अन्य ऐज–ग्रुप और अंतर–अकादमी चैंपियनशिप के लिए तारीखों की घोषणा करेगा, जो इस साल के अंत में निर्धारित की जाएगी।

विमेंस टी–20 वर्ल्ड कप पर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा

# टीम इंडिया पिछली रनर-अप, टूर्नामेंट आज से

**नई दिल्ली।**

क्रिकेट में दबदबे की बात आते ही सबसे पहला नाम ऑस्ट्रेलिया का आता है। ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम तो पुरुष टीम से भी एक कदम आगे हैं। टीम ने विमेंस टी–20 वर्ल्ड कप के 7 में से 5 खिताब अपने नाम किए हैं। 10 फरवरी से साउथ अफ्रीका में एक बार फिर टी–20 वर्ल्ड कप की शुरुआत हो रही है। टीम इंडिया 2020 वर्ल्ड कप में रनर–अप रही थी। तब टीम को ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। आगे स्टोरी में हम टी–20 वर्ल्ड कप की बेस्ट टीम ऑस्ट्रेलिया के बारे में जानेंगे। साथ ही एक–एक कर के सभी 10 टीमों की ओवरऑल वर्ल्ड कप परफॉर्मेंस, उनकी टीम की बेस्ट बैटर, बेस्ट बॉलर और बेस्ट प्लेयर पर भी नजर डालेंगे।

### 17 दिन में होंगे 23 मैच

इस बार टी–20 वर्ल्ड कप का 8वां एडिशन साउथ अफ्रीका में खेला जाएगा। 10 फरवरी से शुरू होने वाला टूर्नामेंट 17 दिन तक चलेगा। 10 टीमों को 5–5 के 2 अलग ग्रुपों में बांटा गया है। टीम इंडिया, इंग्लैंड, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ ग्रुप–2 में है। वहीं, डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के साथ ग्रुप–1 में है।


10 टीमों के बीच 20 ग्रुप मैच होंगे। दोनों ग्रुप की टॉप–2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। 23 और 24 फरवरी को दोनों सेमीफाइनल के बाद 26 फरवरी को केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। सभी नॉकआउट मुकाबले शाम 6: 30 बजे से शुरू होंगे।




वहीं, ग्रुप स्टेज के कुछ मुकाबले शाम 6: 30 बजे और कुछ रात 10: 30 बजे से खेले जाएंगे ऑस्ट्रेलियन विमेंस टीम टी–20 वर्ल्ड कप की सबसे सफल टीम है। टीम ने 7 में से 5 बार खिताब जीता है। 2010, 2012 और 2014 में खिताबी हैट्रिक बनाने के बाद टीम ने 2018 और 2020 में भी टाइटल जीता। पिछले टूर्नामेंट में टीम भारत को ही हराकर चैंपियन बनी थी। भारतीय टीम 2020 में पहली बार ही टी–20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची थी। ऑस्ट्रेलिया के अलावा इंग्लैंड ने 2009 और वेस्टइंडीज ने 2016 में टाइटल जीता। इन चार टीमों के अलावा न्यूजीलैंड की टीम 2009 और 2010 में 2 बार रनर–अप रही थी। साउथ अफ्रीका की टीम कई बार सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। वहीं, इस वर्ल्ड कप में शामिल श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और आयरलैंड की टीमें कभी भी वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ सकीं।

ऑस्ट्रेलियन टीम विमेंस क्रिकेट की सबसे सफल टीम है। टीम ने पिछले 22 महीनों में महज एक टी–20 मुकाबला हारा। भारत ने उन्हें पिछले साल सुपर ओवर में हराया था। रैंकिंग की टॉप–6 में से 4 बैटर्स इस वक्त ऑस्ट्रेलियन टीम में है। इन बैटर्स के अलावा टीम में एलीस पेरी, एश्ले गार्डनर और मिगन शट जैसी कई टॉप क्लास बॉलर और ऑलराउंडर हैं। ऑस्ट्रेलिया में शुरुआत से इस तरह की कई टॉप क्लास प्लेयर रहीं। टीम ने टी–20 वर्ल्ड कप के अलावा 7 बार 50 ओवर का वर्ल्ड कप भी जीता है। 12 बार टूर्नामेंट खेला गया। इनमें भी टीम महज 3 बार ही फाइनल नहीं खेल सकी। न्यूजीलैंड की टीम टी–20 वर्ल्ड कप के शुरुआती 2 टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंची। 2009 में उन्हें इंग्लैंड और 2010 में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। टी–20 टीम रैंकिंग में तीसरे नंबर की टीम न्यूजीलैंड सोफी डिवाइन की कप्तानी में उतरी है। टूर्नामेंट में टीम ने अब तक 32 मैच खेले। 22 में जीत और 10 में हार मिली। टी–20 वर्ल्ड कप में सूजी बेट्स टीम की टॉप बैटर हैं, उन्होंने 32 मैचों में 929 रन बनाए।

# युरिन रोकने के भी होते हैं फायदे



**आपने** ये तो सुना होगा कि पेशाब रोकने के नुकसान के बारे में तो सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी पेशाब रोककर रखने के फायदे के बारे में सुना है? जी हां, शोधकर्ता आइरिस ब्लैंडों-गितलिं के अनुसार पेशाब रोकने से इच्छा शक्ति बढ़ती है। विज्ञान के अनुसार भी ये ट्रिक काम करती है।

## क्या कहता है शोध

पेशाब पर हुए एक अनुसंधान से पता चलता है कि पेशाब को रोककर रखना आपकी इच्छा शक्ति को बढ़ाने में सहायक हो सकता है। कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, फुलरटन में साइकोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर, आइरिस ब्लैंडों-गितलिं के अनुसार इसका संबंध इंपल्स कंट्रोल (आवेग नियंत्रण) से है। प्रोफेसर, आइरिस ब्लैंडों-गितलिं ने ब्लैडर (मूत्राशय) के भरे होने पर दिमाग को होने वाले फायदे पर अनुसंधान किया जिसमें पता चला कि मूत्राशय के भरे होने पर न सिर्फ इच्छा शक्ति बढ़ती है बल्कि अधिक विश्वसनीय तरीके से झूठ बोला जा सकता है।

## आवेगों से लड़ने में मदद मिलती है

प्रोफेसर आइरिस कहती हैं कि ऐसा नहीं है कि पेशाब करने से दिमाग का कोई हिस्सा सक्रिय हो जाता है, लेकिन आपको लगता है कि आप आत्म संयम को ट्रिगर कर रहे हैं, जिससे आपको अन्य प्रकार के आवेगों से लड़ने में मदद मिलती है। आवेग को कम प्रभावी करने वाला यह प्रभाव आपको बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकता है। पेशाब से संबंधित एक और शोध में डच शोधकर्ताओं ने पाया कि भ्रामक मानसिक परीक्षण के दौरान जिन लोगों ने पेशाब किया उनकी तुलना में, पेशाब रोककर रखने वाले लोगों नें ज्यादा स्कोर पाया।

शोध में पाया गया कि जिन लोगों ने पेशाब को रोककर रखा वे प्रश्नों पर ज्यादा बेहतर तरीके से फोकस कर पाए। बल्कि उन्हें लेजर जैसा फोकस मिला। ब्लैंडों-गितलिं कहती हैं कि इस शोध में उन्होंने लोगों को तब तक पेशाब जानें तक रोका, जब तक कि उन्हें ऐसा करने की इच्छा हो रही थीं। लोगों को तब नहीं रोका गया जबकि वे पेशान रोक ही न पा रहे हों। तो पेशाब को बहुत ज्यादा देर तक नहीं रोकना चाहिए। हालांकि वहीं दूसरी ओर कई शोध और विशेषज्ञ ज्यादा देर तक पेशाब रोककर रखने के गंभीर नुकसानों को साबित कर चुके हैं। ऐसा करने से यूरेन ट्रेक्ट इंफेक्शन हो सकता है।


# जमीन से निकाला 300 साल पुराना जहाज



**वर्जीनिया** के ओल्ड टाउन अलेक्जेंड्रिया में एक नए होटल के कन्सट्रक्शन साइट पर जब खुदाई की गई, तो वहां से करीब 300 साल पुराना एक जहाज के अवशेष बाहर निकले हैं। बताया जा रहा है कि यह जहाज साल 1775 से 1798 के बीच में कभी डूब गया होगा। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, पुरातत्व वैज्ञानिकों ने 220 एस यूनियन स्ट्रीट से एक जहाज का आंशिक हिस्सा प्राप्त किया है। यह शहर के पोटोमैक रिवर वाटरफ्रंट के अहम रीडैवलैपमेंट का हिस्सा है।

यह वन ब्लॉक साइट पर है, जहां वर्कर्स ने दो महीने पहले 1755 की एक वेयरहाउस की नींव खोजी थी। जिसे शहर की पहली सार्वजनिक बिल्डिंग माना जा रहा है। कंस्ट्रक्शन के समय ऐतिहासिक सबूतों पर निगरानी रखने वाली फर्म, थंडरवर्ल्ड आर्कियॉलॉजी के फील्ड डायरेक्टर डैन बैकी ने बताया कि यह काफी दुर्लभ है। यह लगभग कभी नहीं होता है। पिछले 15 सालों से मैं यह काम कर रहा हूं। मैंने कभी भी एक ऐसे शहरी माहौल में इस तरह का संरक्षण नहीं देखा, जहां बहुत ज्यादा बाधाएं हों। नेवल आकियोलॉजिस्ट्स भी साइट पर स्टाफ से मिल गए। वे इस जहाज के हर हिस्से की जांच कर रहे हैं। इसकी संरचना से पता लगाया जा रहा है कि आखिर यह कहां से चला था और क्या लेकर जा रहा था? आम जनता को मंगलवार से सुबह के 10 बजे से लेकर दोपहर तक इस खोज को देखने के लिए बुलाया गया है। इसके बाद इसे इस जगह से हटा लिया जाएगा।

# इस व्यक्ति ने सालभर खाया सिर्फ पिज्जा





**एक** व्यक्ति ने वर्ष 2015 के पहले दिन एक अजीब संकल्प लिया। उसने सालभर तक सिर्फ पिज्जा खाने का संकल्प लिया। यह व्यक्ति है केल फीनी। केल ने जनवरी 2015 में नव वर्ष का संकल्प लिया कि वे रोजाना सिर्फ पिज्जा ही खाएंगे। साथ ही चैरिटी के लिए पैसे जमा करने का संकल्प लिया था। संकल्प लेने के बाद केल ने रोजाना हर 24 घंटे में एक बार पिज्जा की एक स्लाइस खाते हुए रिकॉर्डिंग की। साथ ही केल ने रोज पिज्जा खाने के नतीजे इंस्टाग्राम पेज तस्वीर डालकर पोस्ट की। केल टमाटर और चीज स्नैक के 365 पिज्जा खाने के बाद भी बीमार नहीं पड़ा। इतना ही नहीं उसने चैरिटी के लिए पैसे भी जमा किए। गो फंड मी पेज पर उसने 6 लाख 80 हजार रूपए जमा किए। केले ने ऑटिज्म स्पीक्स को अपनी पसंद की चैरिटी के रूप में चुना।

## लैपटॉप की स्क्रीन को साफ करने से पहले जरा ध्यान दें

अगर आप अपने लैपटॉप या फिर कंप्यूटर को साफ करने की सोच रहें है तो जरा संभल कर ऐसा न हो कही आप की जरा सी चूक की वजह से लैपटॉप या फिर कंप्यूटर की स्क्रीन का भारी नुकसान हो। अक्सर देखा गया है ग्लास या फिर स्क्रीन को साफ करने के लिए पेट्रोल, केमिकल या फिर साधारण पानी का प्रयोग किया जाता है। इसके प्रयोग से स्क्रीन में स्क्रैच के साथ उसकी चमक भी चली जाती है। लैपटॉप या फिर पीसी की स्क्रीन को साफ करने के लिए प्रयोग किया जाने वाला कपड़ा काफी सॉफ्ट और साफ होना चाहिए।

## पेट के कैंसर से बचा सकता है बैंगनी आलू



बैंगनी आलू को अपने भोजन में शामिल कर आप पेट के कैंसर से बच सकते हैं। बैंगनी आलू पेट के कैंसर के लिए जिम्मेदार स्टेम कोशिकाओं को नष्ट कर देते हैं तथा इस घातक बीमारी को फैलने से रोकते हैं। अमेरिका की पेन्सिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में खाद्य विज्ञान के सहायक प्रोफेसर जयराम वानामाला ने बताया कि कैंसर का मुकाबला करने के लिए स्टेम कोशिकाओं पर हमला करना एक प्रभावी तरीका है।

आदतन

# झूठ बोलने की बीमारी



**आज** अधिकतर लोग यही कहते मिल जाएंगे कि झूठ बोलने में हर्ज ही क्या है। झूठ की शान तब और बढ़ जाती है जब यह कहा जाता है कि कोई काम यदि झूठ बोलने से बनता हो या किसी की जान बचती हो तो झूठ बोलने में कोई हर्ज नहीं। मगर झूठ का मामला यहीं नहीं रुकता। आज यह कारोबार है, जीवनशैली है। हमें अपने इर्दगिर्द तमाम ऐसे लोग मिल जाएंगे जो सुबह से शाम तक कई बार झूठ बोलते हैं। उनके लिए यह सामान्य बात है और यह इस हद तक जा पहुंचता है कि इसमें उन्हें मजा आने लगता है।

अपने झूठ के सहारे किसी दूसरे को चकित या भ्रमित करना उनके लिए ओलंपिक में भाग लेने से कम नहीं है। बहरहाल, ऐसे लोग अपनी इस आदत या शौक के बारे में चाहे जो सोचें लेकिन मनोचिकित्सकों की निगाह में यह एक बीमारी है। उनकी सलाह है कि लोग सावधान हो जाएं। हो सकता है कि सामने वाले पैथोलॉजिकल लायर यानी झूठ बोलने के शिकार हों। ऐसे व्यक्ति अपने हिस्टीरिकल व्यक्तित्व की वजह से चाह कर भी सच नहीं बोल पाते। वे रोजमर्रा के जीवन में बिना हानि-लाभ के भी झूठ बोलते हैं। वे अपनी बात शुरू ही झूठ से करते हैं।

दूसरे, कुछ लोग अपनी ही बात को झूठ साबित करने पर तुले रहते हैं। वे सुबह कुछ कहते हैं और शाम को कुछ और। मगर ऐसे लोगों का झूठ समाज को नुकसान नहीं पहुंचाता। हां, इससे उनसे घर वाले व नजदीक के दूसरे लोग जरूर परेशान होते हैं। घर के माहौल, अतिरिक्त दबाव, भय या आनंद के लिए भी कई दफा बच्चों को झूठ बोलने की आदत पड़ जाती है। वे बात-बात में झूठ बोलते हैं। बड़े होकर यही बच्चों बिना बात साधारण-सी घटना को बढ़ा-चढ़ाकर बताने की आदत पाल लेते हैं। धीरे-धीरे यह झूठ उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाता है और उन्हें अपने झूठ बोलने का अहसास ही नहीं रह जाता। रोजमर्रा से जुड़ी घटनाओं को लें और देखें कि आप झूठ पकड़ने में कितने होशियार हैं।

वे अपने भाई या बेटे से पूछें कि क्या तुम सिगरेट पीते हो या कोई महिला अपने पति से पूछे कि तुम रोजाना देर से क्यों घर आते हों? क्या तुम्हारे ऑफिस में काम बढ़ गया है या तुम मुझसे कुछ छिपा रहे हो? जो भी उत्तर मिलेगा, उससे यह जाना जा सकता है कि वे झूठ बोल रहे हैं या झूठ। सच का पता लगाने के लिए किसी खास प्रशिक्षण की जरूरत नहीं होती। न ही सामने वाले को कोई अपराधी मानने की जरूरत है। बस उनकी आवाज पर ध्यान दें क्योंकि आवाज के सहारे यह पता लगाया जा सकता है कि झूठ बोला जा रहा है या सच। झूठ बोलते हुए आवाज में परिवर्तन आने के वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हैं। यह बात दूसरी है कि हम उस पर ध्यान नहीं देते, खासकर तब जब बोलने वाला थोड़ा चालाक हो। इसलिए प्रश्न पूछने के बाद बोलने वाले की आवाज पर ध्यान देना चाहिए। झूठ बोलते ही बोलने वाले की सामान्य व्यवहार में परिवर्तन आ जाता है।

या तो वह जरूरत से ज्यादा संयमित दिखने की कोशिश करेगा या हाथों का सहज चलना एकाएक बंद हो जाएगा। धोखाधड़ी के मामलों पर अध्ययन कर रहे विशेषज्ञों ने माना है कि मनुष्य में सच-झूठ में अंतर करने की क्षमता निहायत कमजोर होती है। लंबे समय तक शोधकर्ता यही तर्क देते रहे कि झूठ बोलने वाले नजरें मिलाने से कतराते हैं। सच न बोलने वाले सामान्य लोगों से ज्यादा नजरें मिलाकर और दम से बात करते हैं। झूठ बोलने वाला ऐसा इसलिए करता है ताकि अपने चारों तरफ सच का वातावरण तैयार कर सके और यही वह स्थिति है जहां हम धोखा खा जाते हैं।

अब तक शोधकर्ताओं ने झूठ बोलने वाले के बारे में यही कहा है कि झूठ बोलने वाला प्रश्न पूछे जाने पर रुक-रुक कर और सोच-सोचकर बोलता है। उसका वाक्य-विन्यास छोटा होता है। उसकी भाषा में गलतियां होती हैं और पूरी बातचीत के दौरान स्थिर-सा रहता है।



## झूठ बोलने वाले को कैसे पहचानें

- झूठ बोलने वाला व्यर्थ की बातों को बढ़ा-चढ़ाकर बताता है।
- इस तरह की सोच वाले हमेशा अपने आपको दूसरों से बेहतर साबित करने में लगे रहते हैं। अगर किसी व्यक्ति को सही-गलत सिखाना चाहेंगे तो वह उलट कर आपको गलत साबित करने की कोशिश करेगा। प्यार और अच्छे मकसद से समझाने पर भी आपकी बात नहीं मानेगा। वह बहस करने लगेगा। वह अपने आप में किसी भी तरह की कमी से इनकार कर देता है।
- इस तरह का व्यक्ति अपने आसपास एक सच्चाई का घेरा बनाकर रखता है लेकिन, वह सच का महत्व नहीं समझता। अगर उसे झूठा बोलोगे तो वह या तो कन्नी काट लेगा या फिर सामने वाले व्यक्ति को बुरा-भला कहकर खुद को सच्च साबित करने में लगा रहेगा। वह जब अपनी बात साबित नहीं कर पाता तो ऐसे दर्शाता है जैसे कुछ भी नहीं हुआ है और सब मिलकर बात का बतंगड़ बना रहे हैं।
- इस तरह के व्यक्ति क्योंकि सच में विश्वास नहीं करते इसलिए वफादार भी नहीं होते। वह व्यक्ति हर समय अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं तथा किसी भी परिस्थिति में अपने जैसे व्यक्ति ढूंढ़ते हैं।
- अगर ऐसे व्यक्ति का झूठ पकड़ा जाता है तो वह सहानुभूति अजिर्त करने के लिए अपने आपको बीमार दिखाते हैं तथा अपने आपको किसी भयंकर बीमारी से ग्रस्त बताकर सहानुभूति लेना चाहते हैं। यह उस स्थिति से बचने का हथियार होता है।
- यह व्यक्ति हमेशा अपनी बातों पर टिककर नहीं रह पाता। पल-पल में वाक्य बदलता है, पर ऐसे लोगों की मैमोरी जबरदस्त होती है। वे एक साथ कई झूठ बोलते हैं और यह याद भी रखते हैं कि कहां क्या बोला था। इससे उनका झूठ जल्दी पकड़ा नहीं जाता।




## यह है इलाज

आदतन झूठ बोलने वाले को किसी अच्छे मनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिक की सलाह लेकर कुछ सेशन लेने चाहिए।

**साइकोथैरेपी**: यह एक लम्बी प्रक्रिया है। इसमें रोगी को मनोवैज्ञानिक बल दें। रोगी का ध्यान दूसरी तरफ लगाने की कोशिश करें। नकारात्मक व नैराश्यपूर्ण बातें, मानसिक परेशानियों का कारण बनती हैं। रचनात्मक गतिविधियों में अपनी सक्रियता बढ़ाकर इससे बचा जा सकता है। यह अनुसंधान से साबित हो चुका है। मधुर संगीत आपके तनाव को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। भजन या फिर शास्त्रीय संगीत का आनंद लें।

**संज्ञानात्मक व्यवहारात्मक थैरेपी**: यह आपके नकारात्मक विचारों को दूर करने में सहायक होती है। इसके अलावा, जीवन के प्रति आपका सकारात्मक रवैया बनता है।

# कब्ज से निजात के लिए करें योगमुद्रासन



**कहा** जाता है कि बीमारियों की शुरुआत पेट से होती है। अगर पेट कब्जियत से मुक्त हो तो उसकी कार्यप्रणाली सुचारु होती है और जब पेट की कार्यप्रणाली सुचारु होती है तो तमाम बीमारियां अपने-आप दूर रहती हैं। स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि पेट को दुरुस्त रखा जाए और इस दृष्टि से योगमुद्रासन का नियमित अभ्यास एक अच्छा उपाय हो सकता है। चूंकि योगमुद्रासन रीढ़ से जुड़ी नसों की कार्यप्रणाली को भी सही करता है, इसीलिए योग की साधनाओं की उपयोगिता बहुत महत्वपूर्ण है।

## आसन की विधि

- टांगों को सामने फैला कर बिल्कुल सीधा बैठें।
- अब दाएं घुटने को मोड़कर पांव को बायीं जांघ पर इस तरह रखें कि एड़ी घुटनों के मूल से सटी हो।
- अब बायीं टांग को भी घुटनों से मोड़कर पांव को दाईं जांघ पर वैसे ही रखें जैसे पहले दायें पांव को बाईं पर रख चुके हों।
- वस्तुत- यह पद्मासन है। जो योगमुद्रासन की साधना के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है। अगर पद्मासन मैं बैठना आपके लिए संभव न हो तो आप अपनी सुविधानुसार अर्ध पद्मासन में भी बैठ सकते हैं। इसके लिए आपको घुटने तो दोनों मोड़ने होंगे, लेकिन जांघ पर एक ही पांव रखना होगा। दूसरा पांव आप एक पैर के नीचे रख सकते हैं।
- अब आप अपनी आंखें बंद कर लें। गहरी सांस लें और शरीर को ढ़ीला छोड़ दें।
- दोनों हाथों को पीठ की तरफ पीछे ले जाएं और एक हाथ की कलाई को दूसरे हाथ से पकड़ लें।
- सांस को धीरे-धीरे बाहर की तरफ छोड़ते हुए आगे की तरफ इस तरह झुके कि ललाट फर्श की तरफ हो।
- शरीर को फिर से ढ़ीला छोड़ दें और सामान्य ढंग से सांस लें। जितनी देर तक आसानी से संभव हो इसी मुद्रा में बनी रहें।
- इसके बाद सांस को अंदर की ओर खींचते हुए वापस पहले जैसी अवस्था में आ जाएं।
- बैठने के लिए पद्मासन की मुद्रा में पांवों को आपस में अदल-बदल कर यानी बाएं की जगह दाएं और दाएं की जगह बाएं पैर को रखकर इसी प्रक्रिया को दुहराएं।

**इस आसन से लाभ**: यह पेट की मांसपेशियों का मसाज करता है। इससे पेट के विभिन्न हिस्सों में होने वाली छोटी-बड़ी बीमारियों का उपचार भी हो जाता है। खास तौर से कब्जियत और अपच के मामले में यह अत्यंत लाभकारी साबित होता है। रीढ़ की हड्डी को भी यह पोषण देता है। रीढ़ से जुड़ी हुई नसों में लोच उत्पन्न करके यह उनकी कार्यप्रणाली को अधिक सुचारु बनाता है और स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

**सावधानियां**: अगर आपकी आंखों, हृदय या पीठ में लंबे समय से कोई गंभीर रोग हो तो इस आसन का अभ्यास न करें। अगर किसी तरह का ऑपरेशन या प्रसव हुआ हो तो भी कुछ दिन रुक कर स्वास्थ्य सामान्य हो जाने के बाद ही इसका अभ्यास करना चाहिए।

**कुछ खास बातें**: आसन करते हुए अगर आप पर्याप्त समय तक इसका अभ्यास न कर सकें तो थोड़े-थोड़े समय के लिए दो-तीन बार इसका अभ्यास कर सकती हैं। इस आसन का अभ्यास या तो सुबह नाश्ते के पहले कर लें या फिर दोपहर के भोजन के कम से कम चार घंटे बाद शाम को करें। योगमुद्रासन के बाद कोई ऐसा आसन भी करना चाहिए जिसमें पीठ पीछे की ओर मोड़ी जाती हो।


# अपने बच्चों की आंखों पर भी दें ध्यान



**आंखें** प्रकृति की नियामत हैं। इन्हें सहेज कर रखना हम सबका कर्तव्य है। बचपन से ही बच्चों को सिखाया जाना चाहिए कि आंखों की उचित देखभाल करना कितना जरूरी है।

## क्या करें

- बच्चे की पढ़ाई वाले स्थान पर उचित प्रकाश का होना आवश्यक है।
- जब बच्चा पढ़ रहा हो तो माता-पिता इस बात पर ध्यान दें कि पुस्तक पर प्रकाश पड़ना चाहिए न कि पुस्तक पर अपनी परछाई।
- कुछ भी खाने से पूर्व बच्चों को सिखाएं कि अपने हाथों को अच्छी तरह धोने के बाद ही भोजन ग्रहण करें।
- बच्चों के नाखूनों को समय-समय पर काटते रहें।
- बच्चों को संतुलित आहार दें। आहार में सूप, मौसमी, हरी सब्जियां, फल, दूध, दही आदि दें।
- बच्चों को कम से कम 8 घंटे की नींद लेने दें।
- सूर्य की तेज किरणों से बच्चों को बचा कर रखें। अधिक गर्मी में उन्हें बाहर न भेजें और न ही खेलने दें।
- बच्चों को समझाएं कि बैठ कर पढ़ाई करें और टी.वी. भी बैठकर देखें। पुस्तक उचित दूरी पर रखें और आंखों के बीच उचित दूरी बना कर रखें।
- टी.वी. देखते समय बीच-बीच में आंखों को आराम दे।
- बच्चों को तेज हवा में बाहर जाने से रोकें।
- बच्चों को आंखों के हल्के-फुल्के व्यायाम सिखाएं। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए दोनों हथेलियों से आंखों को ढ़ंक कर नेत्रों को चारों ओर धीरे-धीरे घुमाएं।
- बच्चों की कब्ज पर ध्यान दें। कब्ज भी आंखों पर कुप्रभाव डालती है।
- बच्चों को नहलाते समय ध्यान दें कि साबुन वाला पानी या झाग आंखों में न जाए।
- लगातार सिरदर्द की शिकायत होने पर बच्चों की आंखों का चेकअप करवाएं।





## क्या न करें

- गंदे पानी से आंखों को न धोने दें।
- दूसरों के रूमाल, तौलिए और ऐनक का प्रयोग न करने दें।
- कम रोशनी में बच्चों को न पढ़ने दें।
- बच्चों को गंदे हाथ आंखों पर न मलने दें।
- बगैर चिकित्सक से परामर्श लिए कोई भी दवा आंखों में न डालें।
- गर्म पानी का शावर सीधा चेहरे पर न डालने दें।
- तेज रसायनयुक्त साबुन, शैम्पू का प्रयोग न करने दें।

## रेसिपी

### कड़ाला करी



**सामग्री**

1 कप काला चना, रातभर भिगोकर छाने हुए, 1 टेबल-स्पून खड़ा धनिया, 1 टी-स्पून सौंफ, 5 सूखी लाल मिर्च (पान्डी), टुकड़ो में तोड़ी हुई, 3/4 कप कसा हुआ नारियल, 1 1/2 टेबल-स्पून तेल, 1/2 कप बारीक कटा हुआ प्याज, 1 कप बारीक कटे हुए टमाटर, 1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर, नमक स्वादअनुसार, 1/2 टी-स्पून सरसो, 1 सूखी कश्मीरी लाल मिर्च, टुकड़ो में तोड़ी हुई, 5 कड़ी पत्ता

**विधि**

खड़ा धनिया, सौंफ और पान्डी लाल मिर्च को एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में मिलाकर मध्यम आंच पर 3 मिनट के लिए भुन लें। मिश्रण को पुरी तरह ठंडा होने दें। ठंडा करने के बाद, नारियल और लगभग 1/2 कप पानी के साथ मिक्सर में पीसकर मुलायम मिश्रण बना लें। चना, नमक और 2 कप पानी को एक प्रेशर कुकर में मिलाकर, 4 सीटी तक प्रेशर कुक कर लें। ढ़क्कन खोलने से पूर्व सारी भाप निकलने दें। एक तरफ रख दें। एक गहरी नॉन-स्टिक कढ़ाई में 1 टेबल-स्पून तेल गरम करें, प्याज डालकर मध्यम आंच पर 3-4 मिनट तक भून लें। टमाटर डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच मे हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 4 मिनट तक पका ले। तैयार पेस्ट और हल्दी पाउडर पालकर अच्छी तरह मिला ले और मध्यम आंच पर, बीच-बीच मे हिलाते हुए 4 मिनट तक पका लें। पके हुए चने के पानी के साथ चना और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर, बीच-बीच मे हिलाते हुए 6 से 8 मिनट तक पका लें।

### उसल



**सामग्री**

1 कप मिले-जुले अंकुरित दानें (मूंग, चना, मटकी आदि), 2 टी-स्पून तेल, 1 टी-स्पून जीरा, 1/4 टी-स्पून हींग, 1/2 कप कटा हुआ प्याज, 1 कप कटे हुए टमाटर, 3 टेबल-स्पून तैयार सूखी लहसुन की चटनी, 1/2 टी-स्पून हल्दी पाउडर, नमक स्वादअनुसार, सजाने के लिए, 1/4 कप बारीक कटा हुआ प्याज, 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया, परोसने के लिए, लेमन वेज

**विधि**

एक प्रेशर कुकर में तेल गरम करें और जीरा और हींग डालें। जब बीज चटकने लगे, प्याज डालकर, मध्यम आंच पर 1 मिनट तक भुन लें। टमाटर डालकर, मध्यम आंच पर 2 मिनट के लिए, बीच-बीच में हिलाते हुए पका लें। सूखी लहसुन की चटनी डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच में एक बार हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 1 मिनट तक पका लें। मिले-जुले अंकुरित दानें, हल्दी पाउडर, नमक और 11/2 कप पानी डालकर अच्छी तरह मिला लें और 3 सिटी तक प्रेशर कुक कर लें। ढ़क्कन खोलने से पुर्व सारी भाप निकलने दें। प्याज और धनिया से सजाकर, लेमन वेजस् के साथ गरमा गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**